www.anantgyaan.in

सूर्योदय 7:19 सूर्यास्त 5:24

आज का तापमान

| शहर | न्यूनतम | अधिकतम |
| --- | --- | --- |
| शिमला | 8.06 | 18.00 |
| धर्मशाला | 8.02 | 23.00 |

बाजार

| | |
| --- | --- |
| सेंसेक्स | 71106.96 |
| निफ्टी | 21349.40 |

# अनंत ज्ञान

करे हर सीमा पार

धर्मशाला | मंगलवार, 26 दिसंबर 2023 | 11 पौष, विक्रमी संवत 2080 | वर्ष 1, अंक 8 | कुल पृष्ठ 16 | मूल्य : 5 रुपए



राम जन्मभूमि अयोध्या और देवभूमि कुल्लू का 370 साल पुराना अटूट रिश्ता...पेज 3

## न्यूज शॉर्ट्स

### देशभर में आए कोरोना के 628 मामले, सबसे ज्यादा केरल में

**नई दिल्ली।** देशभर में 24 घंटे में कोरोना के 628 मामले आए हैं और ज्यादा मामले केरल राज्य से हैं। केरल में 24 घंटे में 376 मामले आए और एक मरीज की मौत हुई है। इनमें छह मामले नए वेरिएंट जेएन-1 के हैं। केरल के बाद कोरोना का सबसे ज्यादा असर कर्नाटक और महाराष्ट में हैं। पिछले 24 घंटे में कर्नाटक में 106 और महाराष्ट्र में 50 मामले आए हैं। महाराष्ट, सरकार के मंत्री धनंजय मुंडे भी कोरोना पॉजिटव हो गए हैं।

### पीडीपी का दावा- महबूबा मुफ्ती को किया नजरबंद

**जम्मू।** पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) ने दावा किया है कि पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती को हाउस अरेस्ट कर लिया है। पीडीपी ने 'एक्स' पर लिखा कि महबूबा पुंछ में मारे गए सिविलियन की फैमिली से आज को मिलने जाने वाली थी, लेकिन इससे पहले ही उन्हें नजरबंद कर दिया गया है। हम इसकी निंदा करते हैं।

### पीएम मोदी पर आपत्तिजनक टिप्पणी पर पूर्व सांसद पर केस

**अहमदाबाद।** गुजरात के अमरेली जिले में एक कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने के आरोप में पूर्व कांग्रेस सांसद वीरजी थुम्मर के खिलाफ आपराधिक मानहानि और जानबूझ कर अपमान करने का केस दर्ज किया है। यह अपराध गैर-संज्ञेय है, इसलिए थुम्मर के खिलाफ जांच के लिए पुलिस को अदालत से अमुमति लेनी होगी।

### नाइजीरिया में बंदूकधारियों ने की 16 लोगों की हत्या

**अबुजा।** नाइजीरिया के केंद्रीय पठारी राज्य में बंदूकधारियों के हमले में 16 लोग मारे गए। बहु-सुरक्षा कार्यबल ऑपरेशन सेफ हेवन के प्रवक्ता ओया जेम्स ने बताया कि जब बंदूकधारी पड़ोस में घुसे, तो ग्रामीण सो रहे थे। उन्होंने अंधाधुंध गोलीबारी की और संपत्ति को नष्ट कर दिया। उन्होंने कहा कि हमले का मकसद अभी तक पता नहीं चल पाया है और जांच शुरू कर दी गई है।

### बांग्लादेश को 235 मिलियन अमरीकी डॉलर देगा ऑस्ट्रेलिया

**ढाका।** म्यांमार से विस्थापित 10 लाख से अधिक रोहिंग्याओं की उनकी मातृभूमि में सम्मानजनक वापसी के लिए ऑस्ट्रेलिया बांग्लादेश को लगभग 235 मिलियन अमेरिकी डॉलर देगा। सिन्हुआ समाचार एजेंसी के अनुसार, रोहिंग्या मुद्दे पर दूत ने म्यांमार में जबरन विस्थापित रोहिंग्याओं की सम्मानजनक वापसी के लिए बांग्लादेश को अपने देश का समर्थन दोहराया और कहा कि इस काम के लिए लगभग 235 मिलियन डॉलर दिया जाएगा।

## टॉप स्टोरीज

देवभूमि को रामजन्म भूमि से जोड़ेगी विशेष ट्रेन ...पेज 2

31 साल का सूखा खत्म करने को तैयार रोहित के धुरंधर ...पेज 15

समुद्र में डूबी द्वारका के होंगे दर्शन, 300 फुट नीचे जाएंगे श्रद्धालु ...पेज 15

एजेंसी लेने एवं अनंत ज्ञान की प्रति न मिलने पर

निम्न नंबरों पर संपर्क करें :

मंडी-कुल्लू : 88949-01670

कांगड़ा-चंबा : 98166-45634, 98052-49634



ऊना-हमीरपुर-बिलासपुर : 82192-07770

मुख्य कार्यालय

98162-32526, 98160-10065

# अभेद्य होगी सुरक्षा व्यवस्था, भक्तों के लिए 12 घंटे चलेगी 'राम रसोई'

अनंत ज्ञान विशेष





**भव्य** मंदिर में रामलला को विराजमान किए जाने को लेकर अयोध्या नगरी संवर रही है। जैसे-जैसे दिन कम होते जा रहे हैं, तैयारियां भी मुकम्मल होती जा रही हैं। अयोध्या की सुरक्षा व्यवस्था अभेद्य बनाने के लिए पुख्ता प्रबंध किए जा रहे हैं। राम मंदिर के उद्घाटन यानी 22 जनवरी, 2024 को बाहरी लोगों के अयोध्या में प्रवेश पर पाबंदी रहेगी। अयोध्या में केवल आमंत्रित व्यक्तियों और सरकारी ड्यूटी में लगे लोगों के ही रहने के निर्देश दिए हैं।

वहीं, अयोध्या आने वाले आमंत्रित अतिथियों और भक्तों के लिए भी विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं। उद्घाटन समारोह के लिए देशभर से अयोध्या पहुंचने वाले श्रद्धालुओं की संख्या को देखते हुए राम रसोई 15 जनवरी से 15 फरवरी तक सुबह नौ बजे से रात नौ बजे तक 12 घंटे चलेगी। महावीर मंदिर के सचिव पूर्व आईपीएस किशोर कुणाल ने बताया कि 15 जनवरी से एक महीने तक अयोध्या में मंदिर की ओर से भक्तों के लिए लंगर चलाया जाएगा।

राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने 1984 से 1992 के बीच सक्रिय पत्रकारों को भी अयोध्या आने का न्योता भेजा

**4000** संतों के साथ देश की जानी मानी हस्तियां प्राण प्रतिष्ठा की साक्षी बनेंगी



**15** जनवरी से 15 फरवरी तक सुबह नौ बजे से रात नौ बजे तक महीनाभर चलेगी राम रसोई

**10** करोड़ रुपए का महावीर मंदिर ने राम मंदिर निर्माण के लिए योगदान देने का किया था ऐलान

**8** करोड़ दिए जा चुके हैं

**2** करोड़ की राशि उद्घाटन से पहले 15 जनवरी को दी जाएगी



राम मंदिर निर्माण के लिए अकेले किसी संगठन या व्यक्ति की ओर से दी गई यह सबसे बड़ी रकम है।

### वडोदरा के कारीगर की बनाई 108 फीट अगरबत्ती से होगी पूजा

राम मंदिर हिंदुओं की आस्था का विषय है लिहाजा, देश के कोने-कोने से लोग योगदान देना चाहते हैं। इसी क्रम में आयोजन को खास बनाने के लिए गुजरात के वडोदरा में अगरबत्ती बनाई जा रही है, जिसकी ऊंचाई 108 फुट है। अगरबत्ती बनने के बाद इसे अयोध्या भेजा जाएगा। खेत में लोहे के 10 से अधिक ट्राइपॉड स्टैंग लगाए गए हैं और उसके ऊपर अगरबत्ती बनाई जा रही है।

**150** के करीब डॉक्टर देंगे सेवाएं



हर कोने में लंगर, भोजनालय, भंडारा, अन्न क्षेत्र आयोजित किए जाएंगे।

## शिमला में विंटर कार्निवाल के शुभारंभ पर बोले मुख्यमंत्री सुक्खू

# नशे में झूमने वाले पर्यटकों को जेल नहीं, होटल पहुंचाएगी पुलिस

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

**मुख्यमंत्री** सुखविंद्र सुक्खू ने सोमवार को क्रिसमस के दिन विंटर कार्निवाल का शुभारंभ किया। शिमला में पहली बार विंटर कार्निवाल का आयोजन हो रहा है। विंटर कार्निवाल का आगाज महानाटी के साथ हुआ। मुख्यमंत्री ने कहा कि विंटर कार्निवाल के चलते सरकार ने पर्यटकों की सुविधा के लिए प्रदेश सरकार ने 24 घंटे होटल, रेस्तरां और ढाबे खुले रखने का फैसला लिया है।

- पांच जनवरी तक 24 घंटे खुले रहेंगे होटल और दुकानें
- महानाटी के साथ आगाज, पहली बार हो रहा आयोजन

उन्होंने कहा कि पुलिस को भी सैलानियों को तंग न करने के निर्देश दिए गए हैं। सुक्खू ने कहा कि अगर कोई सैलानी नशे में झूम रहा हो तो पुलिस उसे हवालात में नहीं डालेगी, बल्कि उसे होटल तक पहुंचाया जाएगा। उन्होंने पर्यटकों से कानून का पालन करने की भी अपील की है। सीएम ने कहा कि हमने कैबिनेट में फैसला लिया था कि 20 दिसंबर से पांच जनवरी तक 24 घंटे दुकानें, होटल और रेस्तरां खोलने की अनुमति दी जाएगी। पर्यटकों को किसी तरह की कोई परेशानी न हो, इसलिए हमने यह फैसला लिया है। उन्होंने कहा कि बड़ी संख्या में पर्यटक प्रदेश का रुख कर रहे हैं। पर्यटकों की सुविधा के लिए सरकार ने कई अहम फैसले लिए हैं। उन्होंने कहा कि कोई पुलिस वाला किसी पर्यटक को परेशान नहीं करेगा। पुलिस से कह दिया है कि अगर कोई पर्यटक नशे में झूम जाए तो उसे जेल में नहीं डालना है, उसे होटल पहुंचाना है, ताकि उसके मन में यह न आए कि मैं तो यहां मजे करने आया था और अब हवालात की सैर कर रहा हूं। हमने सिर्फ पर्यटकों के लिए यह नोटिफिकेशन जारी की है।



विंटर कार्निवाल में कार्यक्रम का लुत्फ उठाते सीएम सुक्खू, पीडब्ल्यूडी मंत्री विक्रमादित्य सिंह व अन्य।

### दिल्ली में कल लोकसभा चुनाव पर होगी चर्चा

**देश** में होने वाले लोकसभा चुनाव को चंद महीने का वक्त रह गया है। देशभर में इसे लेकर हलचल भी नजर आ रही है। पहाड़ी राज्य हिमाचल प्रदेश में भी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर सियासी हलचल देखने को मिल रही है। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू, सभी कैबिनेट मंत्रियों, मुख्य संसदीय सचिवों, हिमाचल कांग्रेस अध्यक्ष और पूर्व प्रदेश अध्यक्षों को दिल्ली बुलाया है। सीएम सुक्खू ने कहा कि 27 दिसंबर को दोपहर 12 बजे एआईसीसी दफ्तर में होने वाली इस अहम बैठक में आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर चर्चा होनी है। सुक्खू कुल 33 सहयोगियों के साथ दिल्ली जाएंगे। बैठक में हिमाचल प्रदेश में सरकार के काम और संगठन की गतिविधियों पर भी चर्चा होनी है।

### केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने अनंत ज्ञान अखबार के प्रकाशन पर दी बधाई



दिल्ली स्थित अपने ऑफिस में अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते केंद्रीय सूचना, प्रसारण और युवा मामले एवं खेल मंत्री अनुराग ठाकुर। उन्होंने अखबार के कंटेंट, खबरों की सिलेक्शन और साज-सज्जा की प्रशंसा की तथा अनंत ज्ञान परिवार को हिमाचल के नगरोटा बगवां से अखबार प्रकाशित करने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

## पुंछ में तीन नागरिकों की मौत मामले में ब्रिगेडयर कमांडर सहित चार हटाए

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के राजौरी-पुंछ सेक्टर में 21 दिसंबर को हुए आतंकी हमले के बाद आर्मी चीफ मनोज पांडे सोमवार को पुंछ पहुंचे। आर्मी चीफ ने यहां कमांडरों से मुलाकात की और उन्हें प्रोफेशनल तरीके से काम करने की हिदायत दी। आर्मी चीफ के दौरे से पहले सेना ने आरोपी जवानों के खिलाफ कोर्ट ऑफ इंक्वायरी शुरू कर दी है। सेना ने सुरनकोट बेल्ट के प्रभारी ब्रिगेडियर लेवल के अधिकारी और 48 राष्ट्रीय राइफल्स के तीन जवानों को मौजूदा ड्यूटी से हटा दिया है। दरअसल, आतंकियों ने सेना की दो गाड़ियों पर हमला किया था। सुरनकोट इलाके में ढेरा की गली और बफलियाज में हुए हमले में पांच जवान शहीद हो गए थे। आतंकियों ने अमेरिकी एम-4 कार्बाइन असॉल्ट राइफल से स्टील बुलेट फायर की थीं। सैनिकों के शहीद होने के बाद सेना ने इलाके में सर्च ऑपरेशन चलाया। पूछताछ के लिए उठाए गए आठ संदिग्धों में से 22 दिसंबर को तीन के शव मिले थे।

## गरीब, युवा, महिलाएं, किसान ही मेरे लिए चार बड़ी जातियां

एजेंसी, इंदौर

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने कहा कि गरीबों की सेवा, श्रमिकों का सम्मान और वंचितों को मान हमारी प्राथमिकता है। देश में मेरे लिए चार जातियां सबसे बड़ी हैं। ये जातियां मेरा गरीब, मेरा युवा, मेरी माताएं-बहनें और किसान हैं। हमारा प्रयास है कि देश का श्रमिक सशक्त बने और समृद्ध भारत के निर्माण में योगदान दे।



- वर्चुअली 'मजदूरों का हित, मजदूरों को समर्पित' कार्यक्रम में बोले पीएम

पीएम मोदी सोमवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से इंदौर (मध्य प्रदेश) में आयोजित 'मजदूरों का हित, मजदूरों को समर्पित' कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने इंदौर में हुकुमचंद मिल के श्रमिकों के लगभग 224 करोड़ रुपए के चेक आधिकारिक परिसमापक और हुकुमचंद मिल के श्रमिक संघ के प्रमुखों को सौंपे।

उन्होंने इंदौर की तारीफ करते हुए कहा कि स्वच्छता और स्वाद के लिए मशहूर इंदौर कितने ही क्षेत्रों में अग्रणी रहा है। इंदौर के विकास में यहां के कपड़ा उद्योग की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। पीएम ने कहा कि मुझे विश्वास है कि डबल इंजन सरकार को गरीब, श्रमिकों का भरपूर आशीर्वाद मिलेगा।

## ऑपरेशन लोटस पर बोले जयराम, राजनीति में सब संभव

### सुक्खू सरकार के एक वर्ष के कार्यकाल को बताया विफल

तेजपाल नेगी, सोलन

**पूर्व** मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि फिलहाल हिमाचल में ऑपरेशन लोटस पर वे कुछ नहीं कहना चाहते। कांग्रेस को प्रदेश की जनता ने सत्ता सौंपी है, लेकिन सरकार की असफलताओं को लेकर यदि कांग्रेस में ऐसी स्थिति आती है तो राजनीति में सबकुछ संभव है।

यह बात जयराम ठाकुर ने सुबाथू के समीप जाडला पंचायत में एक निजी स्कूल के उद्घाटन के बाद मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए कही। प्रदेश में काबिज सुक्खू सरकार पिछले एक वर्ष में हर मोर्चे पर विफल हुई है। (अनंत ज्ञान)



सुबाथू में एक निजी स्कूल का उद्घाटन करते पूर्व सीएम जयराम ठाकुर।

### कांग्रेस नहीं कर पाई एक भी गांरटी पूरी

**कांग्रेस** को सत्ता में आए एक वर्ष का कार्यकाल पूर्ण हो चुका है, लेकिन एक भी चुनावी गारंटी को पूरा नहीं किया गया है, जो जनता से धोखा है। उन्होंने कहा कि विधानसभा के शीतकालीन सत्र में सरकार झूठी गारंटियों पर उचित जवाब नहीं दे सकी। शीतकालीन सत्र के दौरान पूरी सरकार असहज दिखाई दी। इस मौके पर पूर्व स्वास्थ्य मंत्री डॉ. राजीव सैजल, दून के पूर्व विधायक परमजीत सिंह पम्मी, सोलन दुधारू पशु सभा के अध्यक्ष रामेश्वर शर्मा, कसौली भाजपा मंडल अध्यक्ष एमएम महत्ता, कसौली भाजपा महामंत्री रवि शर्मा, पूर्व मंडी समिति अध्यक्ष संजीव कश्यप आदि उपस्थित रहे।

### एक साल में जनता पर डाला 14 करोड़ का बोझ

**जयराम** ठाकुर ने कहा कि सुक्खू सरकार ऐसी पहली सरकार है, जिसने एक साल के कार्यकाल में 14 हजार करोड़ ऋण का बोझ सूबे की जनता पर डाला है। आने वाले वर्षों में कितना बोझ डाला जाएगा, उसका अंदाजा लगाया जा सकता है। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी की टोल प्लाजा में स्थानीय लोगों को पास जारी करने और 60 किलोमीटर के दायरे में टोल प्लाजा गैर कानूनी होने की बात पर कहा कि गडकरी हो कहते हैं वह करते हैं। वह कांग्रेस की तरह झूठी घोषणाएं और गारंटियां नहीं देते। स्कूल के एमडी यशपाल ठाकुर ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

### कुश्ती संघ भंग नहीं, फेडरेशन की गतिविधियां रोकीं

**नई दिल्ली।** केंद्रीय खेल मंत्रालय ने भारतीय कुश्ती महासंघ की मान्यता रद्द कर दी। इस फैसले पर कांग्रेस की महासचिव प्रियंका गांधी ने सवाल खड़े किए हैं। प्रियंका ने आरोप लगाया कि बीजेपी सरकार इसको लेकर झूठी खबर फैला रही है।



कुश्ती संघ को भंग नहीं किया गया है, सिर्फ उसकी गतिविधियों पर रोक लगाई है। प्रियंका ने 'एक्स' पर लिखा कि कुश्ती संघ को भंग करने का भ्रम फैलाकर आरोपी को बचाने का प्रयास किया जा रहा है। एक पीड़ित महिला की आवाज दबाने के लिए इस स्तर पर जाना पड़ रहा है?।

**तैयारी** पेपर स्कैम की वजह से भंग किया था कर्मचारी चयन आयोग, अभी दोबारा शुरू होने में लगेगा समय

# तीन माह बाद बदलेगा आयोग का 'निजाम'

विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर

**पेपर** स्कैम की वजह से भंग किए गए हिमाचल कर्मचारी चयन आयोग के बाद गठित नए आयोग को शुरू होने में अभी दो से तीन महीने का समय लगेगा। इसके कामकाज के तरीके का 'निजाम' बदलेगा। दीपक सानन रिपोर्ट पर काम तो शुरू हो गया है, लेकिन बाइलाज बनाने तक के सफर को अभी समय लगेगा। इसके बाद ही नई रिक्रूटमेंट का प्रोसेस शुरू होगा।

नए आयोग के मुख्य प्रशासक डॉ. आरके परूथी ने बीते सप्ताह व्यवस्था को जांचा था और नई रिक्रूटमेंट को शुरू करने से पहले जो व्यवस्थाएं नए हिसाब से तैयार होनी हैं, उनकी रूपरेखा बनाने का प्रयास किया है। अब सरकार ने इसके नए ढांचे को स्वरूप देना है। (अनंत ज्ञान)



- भर्ती से पहले नए हिसाब से तैयार होगी व्यवस्था
- नॉन हिमाचली आवेदन कर पाएंगे या नहीं? नियमों में होगा प्रावधान

### थोड़ा इंतजार करना पड़ेगा



**आयोग** के मुख्य प्रशासक डॉ. आरके परूथी का कहना है कि थोड़ा समय अभी लगेगा। सानन रिपोर्ट पर काम शुरू हो गया है। थोड़ा इंतजार करना पड़ेगा। नॉन हिमाचली और बोनाफाइड हिमाचली के मामले पर भी सरकार ही फैसला लेगी।

### ऑपरेशन थियेटर ऑपरेटर की भर्ती प्रक्रिया जल्द होगी शुरू

**ऑपरेशन** थियेटर ऑपरेटर की भर्ती को लेकर प्रोसेस जल्द शुरू होगा। यह प्रक्रिया आउटसोर्स भर्ती से ही मुकम्मल होगी, इसलिए इसमें ज्यादा दिक्कत नहीं है। नए गठित किए गए आयोग में स्टाफ के मामले को लेकर भी अभी ऊहापोह वाली स्थिति है। कितना स्टाफ रेगुलर होगा और क्या आउटसोर्स स्टाफ ही इस आयोग का मुख्य रूप से काम चलाएगा, यह भी सरकार ने तय करना है।

### बोनाफाइड हिमाचली मामला अहम

**नए** नियमों में अब इस बात पर नजर रहेगी कि नॉन हिमाचली लोगों को आयोग की ओर से होने वाली रिक्रूटमेंट में जगह मिलेगी या नहीं? इस पर पिछले कुछ समय से बहस छिड़ी हुई है। बोनाफाइड हिमाचली, नॉन हिमाचलियों की एंट्री से नाराज हैं। यह मुद्दा सचिवालय स्तर पर कुछ साल पहले हुई रिक्रूटमेंट के समय भी उठा था। अब देखना होगा कि बोनाफाइड हिमाचलियों का 'हक' नए आयोग के नियमों में किस आधार पर तय होगा, क्योंकि क्लास थ्री और फोर की भर्ती में बोनाफाइड हिमाचलियों को ही अहमियत मिलनी चाहिए, लेकिन भंग किए गए आयोग में ऐसा नहीं था। इसके कानून भी बदले गए थे। इस कारण हिमाचली बोनाफाइड युवाओं को परेशानी हुई थी।

## एमपी में मंत्रिमंडल का विस्तार, 28 मंत्रियों ने ली शपथ

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में डॉ. मोहन यादव सरकार का पहला मंत्रिमंडल विस्तार सोमवार को हुआ। राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने 28 विधायकों को मंत्री पद की शपथ दिलाई। इनमें से 18 विधायकों को कैबिनेट और 10 विधायकों को राज्य मंत्री के रूप में शपथ दिलाई गई। नए मंत्रिमंडल में शिवराज सरकार के केवल छह मंत्रियों को जगह मिली, जबकि 10 मंत्रियों को मौका नहीं मिल सका। विधायक रीति पाठक को छोड़कर सांसद से विधायक बने तीन नेताओं को मंत्री बनाया गया है। नरेंद्र सिंह तोमर को विस अध्यक्ष बनाया गया है।

**पहली बार जीते छह विधायक बने मंत्री:** प्रहलाद सिंह पटेल, राकेश सिंह, संपतिया उइके, नरेंद्र पटेल, प्रतिमा बागरी, राधा सिंह। इनमें प्रहलाद सिंह पटेल दमोह से सांसद और केंद्र में मंत्री थे।

## तारीख पर तारीख का जमाना खत्म नए क्रिमिनल लॉ को राष्ट्रपति की मंजूरी

एजेंसी, नई दिल्ली

**भारतीय** न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य बिल को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंजूरी दे दी। इसके साथ ही यह तीनों बिल अब कानून बन गए हैं। भारतीय न्याय संहिता कानून अब आईपीसी (इंडियन पीनल कोड) की जगह लेगा। ये तीनों बिल संसद के शीतकालीन सत्र में पारित किए गए थे।

नए कानून में धारा 375 और 376 की जगह बलात्कार की धारा 63 होगी। सामूहिक बलात्कार की धारा 70 होगी, हत्या के लिए धारा 302 की जगह धारा 101 होगी। भारतीय न्याय संहिता में 21 नए अपराधों को जोड़ा गया है, जिसमें एक नया अपराध मॉब लिंचिंग है। इसमें मॉब लिंचिंग पर भी कानून बनाया गया है। 41 अपराधों में सजा को बढ़ाया गया है। 82 अपराधों में जुर्माना बढ़ाया गया है। 25 अपराधों में न्यूनतम सजा की शुरुआत की गई है। 6 अपराधों में सामूहिक सेवा को दंड के रूप में स्वीकार किया गया है और 19 धाराओं को निरस्त किया गया है।

इसी तरह भारतीय साक्ष्य अधिनियम के अंतर्गत 170 धाराएं होंगी, 24 धाराओं में बदलाव किया गया है। नई धाराएं और उपाधाराए जोड़ी गई हैं। लोकसभा ने इन तीनों विधेयकों को 20 दिसंबर और राज्यसभा ने 21 दिसंबर को पारित किया था। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने ये बिल संसद में रखे थे, जिन्हें ध्वनि मत से पारित किया गया। सोमवार को राष्ट्रपति की मंजूरी के बाद ये बिल कानून बन गए।

## राम जी का अयोध्या धाम



**अयोध्या** में श्रीराम की जन्मभूमि है और यहां उनका भव्य मंदिर बनने से देश का गौरव बढ़ा है। हिंदू धर्म के लोगों के लिए यह बड़े खुशी की बात है। मुझे जब भी अवसर मिले अयोध्या नगरी में बने श्रीराम मंदिर में प्रभु राम के दर्शन के लिए जरूर जाऊंगा।

**गोविंद सिंह ठाकुर, पूर्व शिक्षा मंत्री।**



**मैं** अयोध्या में राम मंदिर निर्माण को लेकर बहुत ही प्रसन्न हूं और भगवान राम के जन्म स्थान पर भव्य मंदिर बनने से हमारे देश की शोभा बढ़ी है। इससे सनातन धर्म को और मजबूती मिलेगी। भविष्य में यहां राम दर्शन के लिए जरूर जाऊंगा।

**अमित सूद, कुल्लू।**



22 जनवरी को अयोध्या में प्रभु श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा समारोह सभी सनातनियों के लिए महापर्व जैसा होगा। लगभग 500 वर्षों बाद प्रभु श्रीराम मूर्ति रूप में अपने भव्य निवास स्थान में सुशोभित होंगे। यह हम सभी के लिए सौभाग्य की बात है कि हम उस क्षण के साक्षी बनेंगे।

**डॉ. अनुपम टंडन, नगर संयोजक अक्षत वितरण अभियान राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र।**



**अयोध्या** में राम मंदिर का निर्माण लोगों के 500 वर्षों के संघर्ष का परिणाम है, जो कि एक ऐतिहासिक दिन में तब्दील हो रहा है। मुझे तो 1992 में मंदिर के शुभारंभ के मौके पर कार सेवक के रूप में और बाद में भी एक बार वहां जाने का मौका मिला है। यह पूरे हिंदुस्तान का सपना है कि रामलला मंदिर में विराजें।

**एडवोकेट हेमंत राज वैद्य, मंडी।**



**श्री** राम जन्मभूमि में भव्य राम मंदिर का बनना करोड़ों हिंदुओं की आस्था का प्रतीक है। यह सनातन धर्म और सभी भक्तों के लिए ऐतिहासिक और गौरवान्वित करने वाला पल है। इससे हिंदुओं की एकता बनी रहेगी। हम सब इस से बेहद प्रसन्न हैं।

**दीक्षांत हंस खिलाड़ी, पांवटा साहिब**



**नए** वर्ष में श्री राम भगवान की प्राण प्रतिष्ठा होने जा रही है। यह हम सभी का सौभाग्य है। हर भारतवासी का भगवान राम के प्रति अटूट विश्वास है। यह सभी सनातनियों के लिए बेहद खास पल है। देश वासियों को अग्रिम शुभकामनाएं।

**प्रदीप चौहान मजदूर नेता, पांवटा साहिब।**



**श्रीराम** मंदिर अयोध्या में रामलला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा होना राम आंदोलन के तमाम बलिदानियों का सपना पूरा होना है। श्रीराम मंदिर निर्माण की शुभ घड़ी आ गई है। भारत ही नहीं, अपितु दुनिया भर में बसे समस्त हिंदू समाज के लोगों में इसको लेकर खुशी व्याप्त है।

**प्रविंदर सिंह जसवाल, सलोगड़ा, सोलन**



**हमने** पूर्वजों से सुना था कि 1525 में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर को बाबर के सेनापति मीर बांकी ने ध्वस्त करवाया था। बाबरी मस्जिद और राम जन्मभूमि मंदिर पर सालों चले विवाद के बाद अब राम मंदिर फिर से बन गया है। हम भी श्रीराम के दर्शनों के लिए जाएंगे।

**मुकेश हाउसिंग कॉलोनी, सपरून, सोलन**



**अयोध्या** में भगवान श्री राम चंद्र के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम की सभी देशवासियों को हार्दिक बधाई। देश के अनेक राम भक्तों ने इस आहूत में अपना बलिदान दिया था। आज वह घड़ी आई जब हम अपने आराध्य भगवान को एक भव्य मंदिर में स्थापित करेंगे। इस हर्षित की बेला पर सभी को कोटी-कोटी साधुवाद।

**अविनाश मेनन, देहलां**



**राम मंदिर** निर्माण और इसके संघर्ष के सार्थियों समेत समस्त सनातनियों को राम लला के भव्य मंदिर निर्माण की अनेकानेक शुभाकामनाएं। रामलला को भव्य मंदिर में विराजमान करवाने के लिए हमारे अनेक साथियों ने अपने प्राणों की आहुति दी है। सभी सनातनियों का चिर प्रतीक्षित सपना साकार होने जा रहा है

**विनय शर्मा, ऊना**



**अयोध्या** में भगवान श्री राम के भव्य मंदिर के निर्माण व मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा के लिए 500 वर्षों का बहुत बड़ा संघर्ष था। श्री राम हमारे अराध्य हैं, हमारे आदर्श हैं। सभी भारतवासियों में प्रसन्नता की लहर है। सभी सनातनियों को हार्दिक शुभकामनाएं। हम भी श्रीराम के दर्शनों के लिए जाएंगे।

**सुनीता कुमारी शिक्षिका जिला कांगड़ा।**



**प्राण** प्रतिष्ठा कार्यक्रम एक ऐतिहासिक पल है, जिसका हर भारतीय पिछले 500 वर्षों से इंतजार में था कि कब रामलला का मंदिर बने, लेकिन हम बहुत ही भाग्यशाली हैं, क्योंकि हमारे समय में यह निर्माण संपन्न हुआ। सभी देशवासियों को इसकी बहुत बहुत बधाई।

**रणजीत सिंह व्यवसायी जिला कांगड़ा।**

### पर्यटन को बढ़ावा देने को पर्यटकों के लिए 15 दिन का बोटिंग ट्रायल शुरू, बॉलीवुड अभिनेत्री दिव्यांगना मैहता ने विशेष रूप से की शिरकत

# गोबिंदसागर झील में लें स्पीड बोट और शिकारे का मजा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

गोबिंदसागर एडवेंचर एंड वॉटर स्पोर्ट्स एसोसिएशन द्वारा मंडी-भराड़ी फोरलेन पुल के पास गोबिंदसागर झील में पर्यटकों के लिए 15 दिन का ट्रायल शुरू किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता गोबिंदसागर एडवेंचर एंड वॉटर स्पोर्ट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष सराज अख्तर एवं कोषाध्यक्ष निर्मला राजपूत ने की।

कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि बॉलीवुड अभिनेत्री एवं मॉडल दिव्यांगना मैहता ने शिरकत की। हिमाचली परंपरा अनुसार गोबिंदसागर एडवेंचर एंड वॉटर स्पोर्ट्स एसोसिएशन के प्रधान सराज अख्तर, कोषाध्यक्ष निर्मला राजपूत, हरीश कुमार, विक्की ठाकुर एवं हेमराज ठाकुर ने मुख्यातिथि बॉलीवुड अभिनेत्री एवं मॉडल दिव्यांगना मैहता को हिमाचली कुलवी टोपी, शॉल एवं माता श्री नयना देवी से लाई चुनरी देकर सम्मानित किया।




बॉलीवुड अभिनेत्री एवं मॉडल दिव्यांगना मैहता को हिमाचली टोपी एवं शॉल देकर सम्मानित करते गोबिंदसागर एडवेंचर एंड वॉटर स्पोर्ट्स एसोसिएशन के पदाधिकारी।

### स्थानीय लोगों को मिलेगा रोजगार पर्यटन को लगेंगे पंख

**बैठक** में गोबिंदसागर एडवेंचर एंड वॉटर स्पोर्ट्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने बताया कि वॉटर स्पोर्ट्स को बढ़ावा देने के लिए एवं पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए गोबिंदसागर एडवेंचर एंड वॉटर स्पोर्ट्स एसोसिएशन (हिमाचल प्रदेश सरकार से पंजीकृत) गोबिंदसागर झील बिलासपुर में पर्यटकों के लिए क्रिसमस के मौके पर 15 दिन के लिए ट्रायल बेस पर पैडल बोट, शिकार बोट इत्यादि लाइफ जैकेट एवं सुरक्षा उपकरणों के सहित गोबिंदसागर झील में चलाएगी। बॉलीवुड अभिनेत्री एवं मॉडल दिव्यांगना मैहता ने कहा कि गोबिंदसागर झील में पर्यटन को बढ़ावा देने की अपार संभावना है, जिसके लिए गोबिंदसागर एडवेंचर एंड वॉटर स्पोर्ट्स एसोसिएशन वर्ष 2009 से सक्रिय कार्य कर रही है। इससे हिमाचल में पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर प्रदान होंगे। दिव्यांगना मैहता, सराज अख्तर, निर्मला राजपूत ने कहा कि हमारे प्रदेश को अपार प्राकृतिक सुंदरता का आशीर्वाद प्राप्त है। गोबिंदसागर झील में वॉटर स्पोर्ट्स गतिविधियां सुचारु रूप से क्रियान्वित होने से पर्यटकों की संख्या बढ़ाने में मदद मिलेगी, जिससे प्रदेश के राजस्व में भी वृद्धि होगी।

### तीन संस्थानों की अधिसूचना डि नोटिफाई करने पर भड़के लोग

**हमीरपुर।** हमीरपुर विधानसभा क्षेत्र में आने वाले लंबलू इलाके के लोग तीन संस्थाओं की अधिसूचनाओं को डि नोटिफाई करने पर लोग आक्रोशित हैं। वे 28 दिसंबर को आक्रोश रैली के जरिए अपना विरोध जिताएंगे। इन संस्थानों में डिग्री कॉलेज, पीएचसी और वेटरनरी डिस्पेंसरी मौजूद हैं। इसके लिए लंबलू ग्राम पंचायत के प्रतिनिधि और आसपास की पंचायतों के जनप्रतिनिधि लामबंद हो गए हैं। उन्होंने सोमवार को इस बाबत बैठक करके रणनीति भी तैयार कर ली है। उन्होंने दो टूक कह दिया है कि यहां से डिग्री कॉलेज को दूसरी जगह ले जाने का कोई मतलब नहीं है। लंबलू बेहद महत्वपूर्ण जगह है और पूर्व सरकार के समय में खोले गए इस डिग्री कॉलेज को यहीं पर रखा जाए। इसके लिए धनकारी गांव में लोगों ने 74 करनाल भूमि भी शिक्षा विभाग के नाम करवा दी थी। एक दानी सज्जन प्रकाश चंद शर्मा ने दो लाख का फर्नीचर भी शुरुआती व्यवस्था बनाने के लिए डोनेट कर दिया था। लंबलू ग्राम पंचायत के प्रधान केएस चौहान का कहना है कि यह कस्बा बेवजह ही उपेक्षित रखा जा रहा है। इलाके के जनप्रतिनिधियों ने इसे लेकर क्षेत्रीय विकास मंच तैयार किया है।

# पर्यटकों से गुलजार हिमाचल

## क्रिसमस पर होटल पैक, शिमला व मनाली पहुंचे साढ़े तीन लाख से अधिक वाहन

**रविंद्र जस्टा, शिमला**

- होटलों में आक्यूपेंसी रही 100 प्रतिशत
- मनाली व शिमला में सैलानियों की बहार
- शिमला के रिज मैदान पर पर्यटक की मस्ती

क्रिसमस पर हिमाचल की राजधानी शिमला व मनाली पर्यटकों से गुलजार हुई। अंदाजा लगाया गया है कि क्रिसमस को मनाने के लिए साढ़े तीन लाख से अधिक वाहनों ने प्रवेश किया। दोनों जगह शिमला व मनाली में वाहनों की कतारे देखने को मिलीं। वहीं, होटलों में भी दोनों ही जगह पर ओक्यूपेंसी 100 प्रतिशत रही।

पर्यटकों को इस दौरान शहर में तो बिलकुल भी ठहरने को कमरे नहीं मिले, बल्कि शहर से बाहर के होटलों में पर्यटकों को ठहरना पड़ा। क्रिसमस पर पर्यटकों को जाम जैसी समस्या से तो जरूर परेशानियों का सामना करना पड़ा, लेकिन क्रिसमस का मनाली व शिमला में भरपूर आनंद उठाया।

शिमला में तो पर्यटकों के लिए स्पेशल कार्निवल का आयोजन किया गया है, जहां पर पर्यटकों ने शाम के समय में जमकर पंजाबी, हिंदी व पहाड़ी गानों पर जमकर डांस किया। इस साल बरसात के दौरान जुलाई और अगस्त माह में आई आपदा के बाद पहली बार क्रिसमस पर हिमाचल प्रदेश के पर्यटन स्थल सैलानियों से पैक हो गए हैं। शिमला व मनाली के अलावा धर्मशाला और डलहौजी में बड़ी संख्या में सैलानी पहुंचे हैं। अगले एक हफ्ते तक प्रदेश के पर्यटन स्थल इससे भी ज्यादा सैलानियों से गुलजार रहने वाले हैं। पर्यटन व्यवसाय से जुड़े लोगों को भी करोड़ों के कारोबार की उम्मीद है।

दिल्ली से आने वाली हिमाचल पथ परिवहन निगम की बसें, पर्यटन विकास निगम की बसें और निजी वोल्वो पैक चल रही हैं। कालका-शिमला ट्रैक पर दौड़ने वाली सभी ट्रेनें पांच जनवरी तक के लिए पैक हैं और लंबी वेटिंग चल रही है। भारी संख्या में पर्यटक सड़क मार्ग से भी प्रदेश का रुख कर रहे हैं, जिससे ट्रैफिक जाम की समस्या पेश आ रही है। सोलन के सनवारा टोल प्लाजा और मंडी के पंडोह से मनाली तक लंबा जाम लग रहा है। सोलन से एनएच-पांच से होते हुए शिमला की ओर दो दिन में काफी वाहन रवाना हुए। (अनंत ज्ञान)



केलांग में लगी गाड़ियों की लंबी कतारें

### क्या कहते हैं होटल एंड रेस्टोरेंट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष

**फेडरेशन** ऑफ ऑल हिमाचल होटल एंड रेस्टोरेंट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष गजेंद्र ठाकुर का कहना है कि क्रिसमस पर भारी संख्या में सैलानी राज्य में पहुंचे हैं। मनाली, शिमला, धर्मशाला, डलहौजी में सैलानियों की भारी भीड़ है। अन्य पर्यटन स्थलों पर भी आपदा के बाद पहली बार सैलानियों की संख्या बढ़ी है। वहीं ट्रेवल एजेंट्स एसोसिएशन के महासचिव मनु सूद ने बताया कि क्रिसमस और न्यू ईयर के बाद नए साल के पहले हफ्ते तक राज्य में पर्यटकों की रौनक बने रहने की उम्मीद है।

## न्यूज ब्रीफ

### ट्रक ने बाइक को मारी टक्कर, महिला की मौत

**सोलन।** बद्दी के चक्का मोड़ पर रविवार शाम को एक तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक पर जा रहे एक व्यक्ति, महिला व बच्चे को टक्कर मार दी। हादसे के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। हादसे में बाइक सवार महिला प्रभा की मौत हो गई है, जबकि बाइक चला रहा पवन कुमार व बच्ची राधा गंभीर रूप से घायल हो गए। मामले की जांच जारी है।

### 4.5 किलो गांजा बरामद

**सोलन।** बद्दी पुलिस ने एक व्यक्ति के कब्जे से साढ़े चार किलो से अधिक गांजा बरामद किया है। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मोहित ने बताया कि बिहार के रहने वाले मनोहर की तलाशी ली गई तो उसके पास चार किलो छह सौ ग्राम गांजा बरामद किया गया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

### फंदे से झूला युवक

**गोहर।** गोहर के नांडी गांव में एक युवक ने रविवार रात को अपने घर के नजदीक जंगल में पेड़ से लटक कर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान भागचंद (41) पुत्र ज्वाला राम गांव नांडी तहसील चच्योट जिला मंडी के रूप में हुई है। नांडी पंचायत के प्रधान फतेह सिंह ने बताया कि मृतक खेती-बाड़ी का काम करता था और उसके दो बेटे हैं। मामले की पुष्टि पुलिस अधीक्षक मंडी ने की है।

### मंडी पांचवीं बार हिमाचल प्रदेश क्रॉस कंट्री विजेता



जोगिंद्रनगर। नाहन में आयोजित हिमाचल प्रदेश क्रॉस कंट्री प्रतियोगिता में जिला मंडी लगातार पांचवीं बार सरताज बना। ओपन पुरुष वर्ग में प्रथम, ओपन महिला वर्ग में प्रथम, अंडर 20 लड़कों में प्रथम, अंडर-20 लड़कियों में द्वितीय रहा।

# रबड़ डॉल निधि ने अपने नाम किया एक मेडल

## स्कूल गेम्ज फेडरेशन ऑफ इंडिया के 67वें नेशनल स्कूल गेम्ज में जीता सिल्वर मेडल

**रवि ठाकुर, हमीरपुर**

हमीरपुर की योगा रबड़ डॉल निधि डोगरा ने राष्ट्रीय स्तर पर एक मेडल अपने नाम किया है। स्कूल गैम्ज फेडरेशन ऑफ इंडिया के 67वें नेशनल स्कूल गेम्ज 2.23-24 योगासना गर्ल्स अंडर-19 कोलकता वेस्ट बंगाल में 19 से 21 दिसंबर तक संपन्न हुई है, जिसमें हमीरपुर जिले की निधि डोगरा ने सिल्वर मेडल प्राप्त किया है।



हमीरपुर जिला के खियूंद गांव की दसवीं कक्षा की छात्रा निधि डोगरा ने राष्ट्रीय योगासन स्कूली खेल प्रतियोगिता में राष्ट्रीय स्तर पर आर्टिस्टिक (कलात्मक) योगासन प्रतियोगिता में सिल्वर मेडल प्राप्त किया है। बता दें कि निधि डोगरा जिला हमीरपुर, तहसील सुजानपुर, डाकघर चौरी, गांव खियूंद की रहने वाली है। निधि डोगरा दसवीं कक्षा की छात्रा है, जो अपनी पढ़ाई सुपर मैग्नेट सीनियर सेकेंडरी स्कूल, प्रताप नगर, हमीरपुर से कर रही है। इससे पहले भी निधि डोगरा राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदक प्राप्त कर चुकी है व छह विश्व कीर्तिमान निधि डोगरा के नाम हैं। इसके अलावा विभिन्न मल्टी रियलिटी शो की विजेता भी रह चुकी है साथ में निधि डोगरा करियर प्वाइंट यूनिवर्सिटी हमीरपुर की योग विभाग की ब्रांड एंबेसेडर, देवभूमि हिम कला मंच शिमला की ब्रांड एंबेसेडर और योग वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स की ब्रांड एंबेसेडर भी हैं। कोलकता में आयोजित प्रतियोगिता में भारत के राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों की टीमों ने भाग लिया। इस अंडर -19 लड़के और लड़कियों की योगासन खेल प्रतियोगिता में समूह प्रतियोगिता, कलात्मक और लयबद्ध योगासन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें आर्टिस्टिक (कलात्मक) प्रतियोगिता में निधि डोगरा ने हिमाचल का प्रतिनिधित्व करते हुए प्रदेश के लिए पहली बार स्कूली योगासन प्रतियोगिता में सिल्वर मेडल प्राप्त किया। प्रतियोगिता से पहले योगासन टीम का प्रशिक्षण शिविर परमाणु, सोलन में लगा।

प्रशिक्षण शिविर में लड़कों के कोच डॉक्टर प्रेम, सहायक प्रशिक्षक कुलवंत सिंह, टीम मैनेजर राकेश, मनीषा कटोच, सहायक प्रशिक्षक शशि कुमार, टीम मैनेजर मठु राम थे व चीफ द मिशन सोहन सिंह कल्याण थे। (अनंत ज्ञान)

# बिलासपुर में खाई में गिरी कार, छह लोग घायल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

- ज्वालाजी मंदिर से दर्शन करके घर वापस घर जा रहा था परिवार
- खुर्द गांव में पेश आया हादसा, एम्स भर्ती

बिलासपुर जिले के नम्होल क्षेत्र के तहत आने वाले बाग खुर्द गांव के समीप एक कार गहरी खाई में गिर गई। हादसे में कार में बैठे छह लोग घायल हो गए। यह हादसा रविवार देर रात पेश आया है, जिसमें सुरक्षित बचे तीन लोगों ने सड़क पर आकर देर रात लोगों से मदद मांगी और स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को खाई से सड़क तक पहुंचाया गया, जिसके बाद 108 एंबुलेंस की मदद से घायलों को एम्स बिलासपुर में भर्ती किया गया और उपचार दिया जा रहा है।

जानकारी के अनुसार सभी घायल एक ही परिवार के सदस्य हैं। वे ज्वाला जी मंदिर में दर्शन कर वापस घर लौट रहे थे। नम्होल पुलिस चौकी में मामला दर्ज किया गया है। हादसा रात करीब 3:00 बजे हुआ है। कार में नौ लोग सवार थे। सुरक्षित बचे तीन लोगों ने सड़क पर आकर लोगों से मदद मांगी। लोग घायलों को दुर्घटनाग्रस्त कार से निकाल कर सड़क तक लाए और एंबुलेंस के माध्यम से एम्स पहुंचाया।

घायलों की पहचान सुरेश कुमार, अनिता पत्नी सुरेश कुमार, मनीषा पुत्री सुरेश कुमार, साक्षी पुत्री सुरेश कुमार, धीरज और कमल कुमार के रूप में हुई है। सभी घायल सोलन की अर्की तहसील के सरयांज गांव निवासी हैं। डीएसपी मुख्यालय मदन धीमान ने बताया कि हादसा तेज रफ्तार और चालक की लापरवाही के कारण हुआ है। चालक पर मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई की जा रही है।

**सौगात** भगवान श्रीराम की जन्मस्थली से जल्द जुड़ेगा हिमाचल, सात फरवरी से अंब-अंदौरा से शुरू होगी विशेष रेल सेवा

# देवभूमि को रामजन्म भूमि से जोड़ेगी विशेष ट्रेन

**अनंत ज्ञान, ऊना**

देवभूमि हिमाचल प्रदेश अब जल्द ही भगवान श्रीराम की जन्मस्थली से जुड़ेगा, जिसके लिए रेलवे विभाग ने अंब-अंदौरा से विशेष रेल सेवा शुरू करने का निर्णय लिया है। हिमाचल वासियों को नए साल के दूसरे महीने में ही नई ट्रेन की सौगात मिलेगी। रेलवे ऊना के अधिकारियों ने बताया कि यह विशेष रेल सात फरवरी को हिमाचल के अंब अंदौरा रेलवे स्टेशन से दोपहर तीन बजकर 50 मिनट पर चलेगी और अगली सुबह नौ बजकर 25 मिनट पर अयोध्या में पहुंचेगी।

रेल अंब-अंदौरा से ऊना, चंडीगढ़, अंबाला, सहारनपुर, मुरादाबाद, आलमगढ़, लखनऊ होते हुए 942.47 किलोमीटर सफर तय कर अयोध्या श्रीराम जी की नगरी में पहुंचेगी। यात्री 17 घंटे 37 मिनट का सफर कर अयोध्या में श्रीराम जी के दर्शन कर पाएंगे। अगले दिन श्रद्धालु इसी ट्रेन से वापस भी आ सकेंगे। रेल विभाग द्वारा ऊना से अयोध्या नगरी के लिए चलाई जा रही विशेष ट्रेन का लाभ ऊना जिला सहित कांगड़ा, हमीरपुर, बिलासपुर व पंजाब राज्य के लोगों को भी मिलेगा। भगवान श्रीराम सैकड़ों दशकों बाद मंदिर में विराजमान होने जा रहे हैं।

अयोध्या में दो माह तक भव्य उत्सव जैसा माहौल देखने को मिल रहा है। हर श्रीराम भक्त इस उत्सव का गवाह बनने के लिए आतुर हैं। श्रद्धालुओं को सुविधाजनक यात्रा के लिए रेल विभाग ने बड़ा निर्णय लिया है। रेल विभाग देश भर में एक हजार विशेष ट्रेनस चलाने जा रहा है। 22 जनवरी के बाद रेल विभाग देश भर के रेलवे स्टेशनों से अयोध्या के लिए विशेष रेल सेवा चलाएगा। इसमें ऊना जिले के लिए भी एक विशेष रेल सुविधा दी गई है। इस रेल के जरिए श्रीराम के भक्त अयोध्या जा पाएंगे और इसी ट्रेन से वापसी भी हो पाएगी। जल्द ही ऊना रेलवे विभाग इस ट्रेन के लिए टिकट बुकिंग शुरू करेगा। रेलवे ऊना के अधीक्षक रोहदाश सिंह ने बताया कि विभाग द्वारा अयोध्या में श्रीराम जी के दर्शनों के लिए सात फरवरी, 2024 को अंब-अंदौरा से अयोध्या के लिए विशेष रेल चलाई जा रही है।

रेल सात फरवरी को दोपहर 3:50 पर चलेगी, जो कि आठ फरवरी सुबह 9:25 पर अयोध्या पहुंचेगी। नौ फरवरी को सुबह 11:45 बजे यह ट्रेन अयोध्या से अंब-अंदौरा के लिए प्रस्थान करेगी। रेल नंबर आते ही रेल टिकट बुकिंग शुरू कर दी जाएगी।

### नौ फरवरी को अयोध्या से अंब-अंदौरा पहुंचेगी विशेष ट्रेन

**विशेष** ट्रेन नौ फरवरी 2024 को अयोध्या रेलवे स्टेशन से सुबह 11:45 पर चलेगी। ट्रेन लखनऊ, आलमनगर, मुरादाबाद, सहारनुपर, अंबाला, चंडीगढ़, नंगल डैम, ऊना होते हुए सुबह 6:15 पर अंब-अंदौरा रेलवे स्टेशन पर पहुंचेगी।



फाइल फोटो

### विशेष रेल सेवा की समयसारिणी

**विशेष** रेल सेवा सात फरवरी 2024 को दोपहर 3:50 मिनट पर अंब-अंदौरा रेलवे स्टेशन से चलेगी। 4:12 मिनट पर रेल ऊना रेलवे स्टेशन पहुंचेगी, जहां पर दो मिनट के ठहराव के बाद 4:14 मिनट पर चलेगी। इसके बाद 4:40 पर नंगल डैम पहुंचेगी और 4:42 मिनट पर वहां से चलेगी। 6:43 पर रेल चंडीगढ़ पहुंचेगी और 6:55 पर वहां से चलेगी। 7:40 बजे अंबाला पहुंचेगी, जहां 5:45 बजे आगे रवाना होगी। साढ़े नौ बजे ट्रेन सहारपुर रेलवे स्टेशन पर पहुंचेगी, जहां दस मिनट के ठहराव के बाद 9:40 पर वहां से रवाना होगी। रात 12:47 पर रेल मुरादाबाद पहुंचगी, जहां 12:55 पर आगे रवाना होगी। इसके बाद आलमनगर, लखनऊ होते ही सुबह 9:25 पर रेल अयोध्या नगरी पहुंचेगी।

### अयोध्या की ही भांति कुल्लू में भी निभाई जाती हैं सभी परंपराएं, 1660 से लेकर आज तक कुल्लू का राजपरिवार निभा रहा भगवान रघुनाथ जी के सेवक की भूमिका

# राम जन्मभूमि अयोध्या और देवभूमि कुल्लू का 370 साल पुराना अटूट रिश्ता

**कमलेश वर्मा, कुल्लू**

हिमालय की गोद में बसे हिमाचल प्रदेश के ही मध्य में खूबसूरत कुल्लू जिला अपनी अनोखी देव संस्कृति के लिए देश-दुनिया में प्रसिद्ध है। इसी देवभूमि कुल्लू का इतिहास भगवान श्रीराम की जन्मभूमि अयोध्या से 370 साल से जुड़ा हुआ है और अयोध्या का कुल्लू से अटूट व गहरा रिश्ता है। कुल्लू में विराजमान भगवान रघुनाथ जी की मूर्ति को अयोध्या से यहां लाया गया है।

कहा जाता है कि यह वही मूर्ति है, जो भगवान श्रीराम ने अश्वमेघ यज्ञ के दौरान बनाई थी, जिस कारण इसका महत्व और भी अधिक बढ़ जाता है। यही कारण है कि कुल्लूवासियों का अयोध्या से गहरा नाता है। यहां तक कि होली के दौरान भी कुल्लू में रघुनाथ जी के साथ मनाई जाने वाली 40 दिनों की होली में भी ब्रज के गीत गूंजते हैं। लिहाजा, अयोध्या का कुल्लू से बहुत ही गहरा नाता है और यहां के लोग सदियों से अपने भगवान रघुनाथ जी को अधिष्ठाता के रूप में पूजते आ रहे हैं। राजपरिवार रघुनाथ जी की सेवा में जुटा है। (अनंत ज्ञान)



भगवान रघुनाथ जी और माता सीता।


**1960** में स्थापित हुई थी रघुनाथ जी की मूर्ति

**40** दिनों की होली में भी कुल्लू में रघुनाथ जी के साथ ब्रज के गीत गूंजते हैं

## 1960 में कुल्लू के सुल्तानपुर में स्थापित की थी मूर्ति

**अयोध्या** से लाई भगवान रघुनाथ जी की इस मूर्ति को कुल्लू की तत्कालीन राजधानी नग्गर के मकराहड़, ठावा और उसके बाद मणिकर्ण के मंदिर में स्थापित किया गया। नग्गर से राजधानी स्थानांतरित होने के बाद 1960 में रघुनाथ की मूर्ति को कुल्लू में स्थापित किया गया और उनके आगमन में राजा जगत सिंह ने यहां के सभी देवी-देवताओं को आमंत्रित किया गया। साथ ही राजा ने भी अपना राजपाठ त्याग कर भगवान को अर्पण कर दिया और स्वयं उनके मुख्य सेवक बन गए। यह परंपरा आज भी कायम है, जिसे आज राज परिवार के सदस्य महेश्वर सिंह रघुनाथ जी के मुख्य छड़ीबरदार के रूप में निभा रहे हैं।

## भगवान रघुनाथ जी का कुल्लू आगमन



**कुल्लू** दशहरा की परंपरा रघुनाथ जी मूर्ति के अयोध्या से कुल्लू आने के बाद शुरू हुई मानी जाती है। इस उत्सव के आरंभ होने के पीछे कथा यह है कि राजा जगत सिंह (1637-1662) को बहुत ही पीड़ादायक अनुभव से गुजरना पड़ा था। इसी घटनाक्रम के बाद भगवान रघुनाथ जी की मूर्ति को कुल्लू लाया गया। कहानी के अनुसार राजा जगत सिंह के शासनकाल में एक बार किसी व्यक्ति ने राजा को झूठी सूचना दी कि कुल्लू की पार्वती घाटी में टिपरी गांव के ब्राह्मण दुर्गादत्त के पास मोतियों का भंडार है। लोगों की बातों में आने के बाद राजा ने अपने नुमाइंदों को भेजकर उस ब्राह्मण से मोतियों की मांग की, लेकिन ब्राह्मण के पास कोई भी मोती नहीं था, इसलिए ब्राह्मण ने राजभय से परिवार सहित आत्महत्या कर ली। बाद में ब्राह्मण के निर्दोष होने का पता चलने पर राजा को अपने किए का बहुत दुख हुआ। निर्दोष ब्राह्मण की हत्या का अपराध बोध ने राजा की बेचैनी बढ़ा दी थी। उसे पानी में खून और भोजन में कीड़े नज़र आने लगे । साथ ही उसके शरीर पर कुष्ठ-रोग के लक्षण भी दिखने लगे। उन दिनों झिड़ी नामक स्थान पर पयहारी बाबा नाम के सिद्ध वैष्णव संत रहते थे। किसी ने राजा को उनके पास जाने की सलाह दी। राजा अपनी व्यथा लेकर पयहारी बाबा के पास पहुंचे। बाबा ने राजा से कहा कि यदि वह अयोध्या के त्रेतानाथ मंदिर से भगवान राम की मूर्ति लाकर यहां स्थापित कर दें और अपना राजपाट उन्हें अर्पण कर उनके सेवादार के रूप में काम करें तो उसका यह कष्ट दूर हो सकता है । इस पर राजा ने पंडित दामोदर को वहां से मूर्ति लाने की जिम्मेदारी सौंपी गई। बताया जाता है कि बड़े जतन से जब मूर्ति को चुराकर हरिद्वार पहुंचे तो वहां उन्हें पकड़ लिया गया। उस समय ऐसा करिश्मा हुआ कि जब अयोध्या के पंडित मूर्ति को वापस ले जाने लगे तो वह इतनी भारी हो गई कि कइयों के उठाए से नहीं उठी और जब यहां के पंडित दामोदर ने उठाया तो मूर्ति फूल के समान हल्की हो गई। ऐसे में पूरे प्रकरण को स्वयं भगवान रघुनाथ की लीला जानकार अयोध्या वालों ने मूर्ति को कुल्लू लाने दिया।

"कुल्लू के सुल्तानपुर में विराजमान भगवान रघुनाथजी का अयोध्या से गहरा नाता है। रघुनाथ जी को अयोध्या से हमारे पूर्वजों ने लाकर यहां स्थापित किया है। अयोध्या से भगवान राम के मंदिर प्रतिष्ठा समारोह के लिए निमंत्रण भी आया है और वहां जाकर उस ऐतिहासिक पल का हिस्सा बनूंगा।
**-महेश्वर सिंह, मुख्य छड़ीबरदार भगवान रघुनाथ जी।**

## रघुनाथ जी के कुल्लू आगमन के बाद से मनाया जा रहा दशहरा

**रघुनाथ** जी के कुल्लू आने के बाद से ही देव मिलन का प्रतीक अंतरराष्ट्रीय दशहरा पर्व का भी आगाज हुआ, जिसमें घाटी के सैकड़ों देवी-देवता आकर रघुनाथ के दरबार में हाजिरी भरने लगे। पुराने समय से ही कुल्लू का दशहरा अपनी विशिष्ट परंपरा के साथ मनाया जाता है, जिसमें न रामलीला होती है, न रावण, कुंभकर्ण व मेघनाथ के पुतले जलते हैं। दशहरा उत्सव न केवल घाटी का व्यावसायिक मेला है, बल्कि इसमें अंतरराष्ट्रीय स्तर के कलाकार भी अपनी कला का प्रदर्शन करते हैं।

## सालभर मनाए जाते हैं 40 पर्व

भगवान रघुनाथ जी के कुल्लू में पदार्पण के बाद से ही अयोध्या की ही भांति कुल्लू में भी सदियों से सभी परंपराओं का बखूबी निर्वहन किया जा रहा है। अंतरराष्ट्रीय दशहरा उत्सव सहित भगवान रघुनाथ जी के सालभर में 42 पर्व मनाए जाते हैं।



कुल्लू के सुल्तानपुर स्थित भगवान रघुनाथ जी का मंदिर।

# सोलन के रबोन में आठ बड़े और 25 छोटे पेड़ों पर चली कुल्हाड़ी

### सबूत मिटाने को लगा दी आग, पर्यावरण प्रेमियों ने वन विभाग की कार्यप्रणाली पर उठाए सवाल

**आर मोहन चौहान, सोलन**

नगर निगम सोलन के वार्ड-14 के तहत रबोन क्षेत्र में निजी भूमि में नियमों को ताक में रखकर पेड़-पौधे काटने और बाद में आग लगाकर पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने का मामला सामने आया है। इसे पर्यावरण प्रेमियों ने सोशल मीडिया में वीडियो वायरल कर वन विभाग और नगर निगम की कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं।

बताया जा रहा है कि संबंधित व्यक्ति ने प्राइवेट जमीन पर झाड़ियां की काट-छांट की अनुमति तो ली, लेकिन इसकी आड़ में कई छोटे-बड़े पौधों का काट दिया। हालांकि मौके पर गई वन विभाग की टीम ने शुरू में काट-छांट ही किए जाने की बात कही। पर गहन छानबीन में पाया गया कि यहां पर आठ बड़े और 25 छोटे पौधे काटे गए हैं। बता दें कि पहले भी इस स्थान पर घने पेड़ों की छंटनी की जा चुकी है। इस पर भी टालमटोल हुई। इस क्षेत्र में बान के पेड़ों के अलावा कुछ अन्य दुर्लभ प्रजातियों के पेड़-पौधे हैं। ऐसे पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने वाले लोगों के हौसले बुलंद हैं। उधर, एसीएफ वन विभाग सोलन चंद्रिका शर्मा ने कहा कि मामले की शिकायत आते ही मौके पर टीम ने निरीक्षण कर पाया कि यहां छोटे-बड़े पड़े काटे गए हैं। आगामी कार्रवाई को इसकी रिपोर्ट तैयार की जा रही है। मौके पर बाद में आग लगाने की जानकारी नहीं है। (अनंत ज्ञान)



पेड़ काटने के बाद मौके पर आग लगाए जाने से उठता धुआं।

## प्राइवेट प्रॉपर्टी में पेड़ काटने को अनुमति जरूरी

**यहां** परमिशन की आड़ में कई पेड़-पौधों काटकर इसकी कंप्लेंट होने पर आनन-फानन में ठुंड जलाने के लिए आग लगा दी। इस मामले में वन विभाग ने संज्ञान लिया और मौके पर टीम भी भेजी। जहां पाया गया कि बड़ी संख्या में हरेभरे पड़े काटे गए। नियम के तहत प्राइवेट प्रॉपर्टी में पेड़ काटने के लिए नगर निगम आयुक्त की अध्यक्षता वाली कमेटी से परमिशन जरूरी होती है। इसमें वन विभाग के डीएफओ भी अटैच हैं। शहर में लोगों के घरों के लिए खतरा बन चुके पेड़ों को काटने की अनुमति लंबित है पर हरेभरे पड़े पौधों की कांटछांट की अनुमति देने को लेकर भी सवाल खड़े हो रहे हैं।

## अटल टनल रोहतांग अटल बिहारी वाजपेयी की देन : जयराम ठाकुर



पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर रिज स्थित उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करते पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती को भाजपा सुशासन दिवस के रूप में मनाया है। शिमला में भी इस अवसर पर भाजपा ने दीनदयाल उपाध्याय अस्पताल में फल वितरण कार्यक्रम किया और रिज पर स्थित अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की।

कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने भाग लिया। इस मौके पर जयराम ठाकुर ने कहा कि भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी सुशासन की प्रतिमूर्ति थे। उनकी सरकार ने अंत्योदय की विचारधारा को मानते हुए सुशासन के नए प्रतिमान स्थापित किए। जयराम ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी अपने समय से बहुत आगे की सोच रखते थे। जयराम ठाकुर ने कहा कि अटल टनल रोहतांग भी उनकी दूरगामी सोच के कारण संभव हुआ है।

## कुश्ती महासंघ को भंग करना अनुराग ठाकुर का सराहनीय कदम : शांता कुमार



**पालमपुर।** पूर्व मुख्यमंत्री मंत्री शांता कुमार ने कहा कि केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने कुश्ती महासंघ को निलंबित कर सराहनीय काम किया है। लंबे समय से यौन शोषण से प्रताड़ित दुखी साक्षी मलिक जैसी विश्व में भारत का नाम रोशन करने वाली महिलाओं के आंसू देखकर भारत के करोड़ों लोग दुखी थे। इससे कुश्ती महासंघ को भंग करने से भारत के करोड़ों लोगों को बड़ी राहत मिली है। भाजपा के वरिष्ठ नेता शांता कुमार ने कहा कि हिमाचल के युवा मंत्री अनुराग ठाकुर को बधाई। पहलवान पूनिया को बधाई, जिन्होंने पद्मश्री लौटाते समय कहा था कि महिलाओं के सम्मान से बढ़कर और कोई सम्मान नहीं होता। अनुराग ठाकुर के इस निर्णय से हम सबका सिर एक बार फिर से ऊंचा हो गया।

## शिलान्यास पट्टिका तोड़ने पर भाजपा मंडल हमीरपुर ने दर्ज करवाई शिकायत

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

जिले में विकास कार्यों की शिलान्यास व उद्घाटन पट्टिकाओं के तोड़ने को लेकर भाजपा मंडल हमीरपुर मुखर हो गया है। भोरंज विधानसभा में शिलान्यास पट्टिका के तहस-नहस करने के बाद अब शरारती तत्वों ने सदर विधानसभा क्षेत्र के तरोपका में शिलान्यास पट्टिका पर अपनी भड़ास उतारते हुए उसे तोड़ कर नीचे फेंक दिया।

भाजपा मंडल पदाधिकारियों ने शरारती तत्वों के खिलाफ मामला दर्ज कर सख्त कार्रवाई की मांग की है। विकास शर्मा ने बताया कि तारोपका में केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर, पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर एवं पूर्व विधायक नरेंद्र ठाकुर के कर कमलों द्वारा तारोपका से जमली धाम संपर्क मार्ग की शिलान्यास पट्टिका लगाई गई थी, मगर अब केंद्रीय मंत्री और मुख्यमंत्री के नाम की यह पट्टिका गायब हो गई है। पट्टिका को तोड़ कर नीचे फेंकने की घटना के बाद क्षेत्र के भाजपा नेताओं में आक्रोश है। उन्होंने खेद व्यक्त करते हुए बताया कि पुलिस और प्रशासन की नाक के नीचे ऐसे ओछे कृत्यों को अंजाम दिया जा रहा है और इसी संबंध में आज भाजपा मंडल अध्यक्ष आदर्श कांत की अगुआई में भाजपा कार्यकर्ताओं सहित पुलिस को शिकायत पत्र दिया है और कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस प्रशासन ने भी भाजपा पदाधिकारी से कहा कि जल्द ही ऐसे शरारती तत्वों पर उचित कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान प्रदेश भाजपा सचिव नरेंद्र अत्रि, मंडल अध्यक्ष आदर्श कांत, मंडल महामंत्री सुरेश सोनी, मीडिया प्रभारी विकास शर्मा, सोशल मीडिया सौरभ, कार्यालय सचिव होशियार सिंह, किसान मोर्चा के मंडल अध्यक्ष पृथ्वीराज, नीना ठाकुर, बिना शर्मा, नीरू मिश्रा, संजीव कुमार सहित अन्य पदाधिकारी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# अब शिमला शहर में नहीं लगेगा जाम

### सीएम सुक्खू ने किया 54.22 मीटर लंबी संजौली-ढली सुरंग का उद्घाटन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने सोमवार को 47.36 करोड़ रुपए से निर्मित 154.22 मीटर लंबी संजौली-ढली सुरंग का उद्घाटन किया। यह सुरंग मौजूदा ढली टनल के सामानांतर बनाई गई है। मुख्यमंत्री सुक्खू ने कहा कि पूर्व सरकार के कार्यकाल में इस सुरंग का निर्माण कार्य धीमी गति से चल रहा था, लेकिन वर्तमान सरकार ने निर्माण कार्य में तेजी लाई है।

एक साल के भीतर इस सुरंग को तैयार किया गया। उन्होंने कहा कि सभी विभागों को निर्देश दिए गए हैं कि विकास कार्यों से जुड़ी परियोजनाओं को तय समय सीमा में पूरा किया जाए, ताकि प्रदेश के लोगों को परियोजनाओं से जुड़े लाभ जल्द से जल्द प्रदान किए जाएं।



संजौली टनल, जिसका मुख्यमंत्री सुक्खू ने सोमवार को उद्घाटन किया।

## पर्यटन को मिलेगा बढ़ावा, रोजगार भी मिलेगा

सीएम सुक्खू ने कहा कि प्रदेश सरकार आधुनिक पर्यटन अधोसंरचना का विकास कर पर्यटन को बढ़ावा देने के साथ-साथ स्थानीय लोगों की जरूरतों को भी पूरा कर रही है। सुक्खू ने कहा कि नई सुरंग के निर्माण से शिमला शहर के सर्कुलर रोड पर ट्रैफिक की समस्या का व्यवहारिक और स्थायी समाधान होगा। इस परियोजना से स्थानीय रोजगार के अवसर पैदा होंगे। इस अवसर पर ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री अनिरुद्ध सिंह, लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह, मुख्यमंत्री के प्रधान सलाहकार (मीडिया) नरेश चौहान, विधायक हरीश जनारथा, नगर निगम शिमला के महापौर शिमला, सुरेंद्र चौहान आदि उपस्थित रहे।

## 1852 में बनी थी पुरानी टनल

**पुरानी** ढली टनल वर्ष 1852 में बनाई गई थी, जिससे एक तरफा ट्रैफिक का संचालन ही संभव था। इस कारण यहां ट्रैफिक की समस्या रहती थी। नई टनल के संचालन से ट्रैफिक की समस्या समाप्त होगी और स्थानीय लोगों एवं पर्यटकों को निर्बाध यातायात सुविधा मिलेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि पर्यटन हिमाचल की आर्थिकी के लिए महत्वपूर्ण क्षेत्र है और बेहतर यातायात सुविधाओं के निरंतर विकास से इस क्षेत्र को बढ़ावा मिलेगा। यह सुरंग शिमला के मुख्य पर्यटन गंतव्य स्थलों जैसे कुफरी, नालदेहरा, तत्तापानी, नारकंडा और चायल पर यातायात सुगम बनाएगी। शिमला शहर के लिए यह सुरंग सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है और क्षेत्र की आर्थिकी को मजबूती प्रदान करेगी।

## प्रदेश सरकार के संरक्षण में चल रहा नकली दवाइयों का धंधा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**



भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता संजय शर्मा ने सुखविंद्र सिंह सुक्खू की सरकार के ऊपर आरोप लगाया है कि वर्तमान सरकार में न केवल के स्वास्थ्य सुविधाओं का बुरा हाल है, बल्कि एशिया के सबसे बड़े फार्मा हब में भी बुरा हाल है।

नकली और घटिया दवा सामग्री का उपयोग किया जा रहा है और जब ऐसे मामले सामने आते हैं और उनके ऊपर यदि ड्रग नियंत्रण विभाग काम करता है या कोई एक्शन लेता है तो प्रदेश की सरकार और स्वास्थ्य सचिव उसमें अड़ंगा अड़ाते हैं। ऐसे लोगों को संरक्षण प्रदान करते हैं। पिछले कुछ महीने पहले भी ऐसा मामला आया जब के सी ओवरसीज नाम की एक कंपनी जो कि हरियाणा के पंचकूला से अपना धंधा चलती है, उसके ऊपर कई दवा उत्पादकों ने नकली और घटिया रॉ मेटेरियल्स सप्लाई करने का आरोप लगाया। ड्रग विभाग के अधिकारियों ने जांच में पाया कि वह कंपनी विदेश की किसी कंपनी के नाम से घटिया दवा निर्माण सामग्री दवा उद्योगों को बेच रही है और तब तक 28000 किलो से अधिक सामान बेच चुकी थी। विभाग ने कार्रवाई करते हुए कंपनी के प्रबंधक को पुलिस को सहयोग से पकड़वाया, लेकिन इसके मालिक अंकुश व अंकित सिंगला एग्रीमेंट जमानत लेने में कामयाब हो गए, परंतु माननीय उच्च न्यायालय ने मामले की गंभीरता को समझते हुए उनकी जमानत रद्द कर दी। विभाग ने कार्रवाई करते हुए विभाग के ( सबसे बड़े अधिकारी की अनुपस्थिति में ) कंपनी का ड्रग लाइसेंस रद्द कर दिया और अच्छा काम किया, लेकिन प्रदेश की स्वास्थ्य सचिव ने कंपनी की अपील पर उसे बहाल कर दिया।

**क्या बात है!** मिट्टी, घास, पत्थर, स्लेट और लकड़ी से आशीष गुप्ता ने किया है भवन निर्माण

# आकर्षण का केंद्र बना 12 कोणीय पर्यावरण मित्र भवन

**पीयूष शर्मा, करसोग**

हिमाचल की ऐतिहासिक नगरी पांगणा से लगभग एक किलोमीटर दूर एक खूबसूरत बांग लघु गांव है। पांगणा के बाग में एक अनूठा 12 कोणीय पर्यावरण मित्र भवन है। बता दें कि नाथ समुदाय की समृद्ध सांस्कृतिक विशिष्टताओं को जीवंतता देते हुए बाग गांव विकास की दिशा में उपेक्षित यह गांव अपनी पहचान आज तक नहीं बना पाया जो बननी चाहिए थी। फिर भी विकास की प्रक्रिया में अपनी पहचान की तलाश में संघर्षरत इस गांव के ग्राम दिशा समूह के संस्थापक आशीष गुप्ता ने भवन निर्माण का मूलभूत आधार अंतरिक्ष समय सातत्य पर आधारित अनूठे और रहस्यमय मिट्टी, घास, पत्थर, स्लेट और लकड़ी के कलात्मक भवन का निर्माण कर विश्व भर का ध्यान आकर्षित किया है।

इस गोलाकार भवन को देखने के लिए पूर्व जिलाधीश मंडी डॉ. तरुण श्रीधर और विश्व स्वास्थ्य संगठन दक्षिण पूर्व एशिया क्षेत्रीय सलाहकार डॉ. मनीषा श्रीधर बाग गांव पहुंचे हैं। इस अवसर पर पांगणा के डॉ. जगदीश शर्मा, डॉ. शरद गुप्ता, विज्ञान अध्यापक धर्मेंद्र गुप्ता साथ थे। इस दौरान उन्होंने भवन को देखा और इसकी तारीफ की। (अनंत ज्ञान)




बाग में निर्मित भवन को देखने पहुंचे पूर्व जिलाधीश डॉ. तरुण श्रीधर और विश्व स्वास्थ्य संगठन दक्षिण पूर्व एशिया क्षेत्रीय सलाहकार डॉ. मनीषा श्रीधर।

## 1270 साल से खड़ा है पांगणा दुर्ग मंदिर

**सुकेत** संस्कृति साहित्य एवं जन कल्याण मंच पांगणा सुकेत के अध्यक्ष डॉ. हिमेंद्र बाली का कहना है कि पांगणा गांव अपनी विशिष्ट लोक परंपराओं और लोक कला के लिए सुविख्यात है। यहां के मंदिरों व घरों का वास्तुशिल्प पारंपरिक और वैज्ञानिक दृष्टि से विकसित हैं। इस बात की पुष्टि यहां बने महामाया पांगणा के दुर्ग मंदिर से होती है, जो लगभग 1270 वर्षों से बिना इंट, गारे और धात्विक सामग्री के बिना अडिग खड़ा है। वास्तव में हिमाचल में निर्मित मंदिरों में छह, आठ या आधार दिशा गुंबद का प्रयोग होता है, ताकि दिशा दोष से बचा जा सके।

## बिना शटरिंग के किया गुंबद का निर्माण

**इस** भवन 12 कोने हैं, जो समय की लय को दर्शाते हैं। इसमें पहर, ग्राम दिशा यानी इसका गोल आकार यह बताता है कि आप किसी भी दिशा से (और किसी भी समय में) ग्राम निर्माण और व्यवस्था कर सकते हैं। जो गुंबद है यह स्पेस यानी अंतरिक्ष (ब्रह्मांड) में जो भी पुदगल (पार्टिक्लस) जगह लेते हैं या जिनका द्रव्यमान होता है, उन्हें दर्शाता है। एक अद्भुत बात यह है कि इसके गुंबद का निर्माण बिना शटरिंग के हुआ है। ग्रामीण शैली में बने इस भवन के पांच लक्षण हैं।

## गद्दी जनजातीय विकास समिति के वार्षिक कैलेंडर का विमोचन



सांसद किशन कपूर ने किया गद्दी जनजातीय विकास समिति के कैलेंडर का विमोचन।

**अनंत ज्ञान, दिल्ली/धर्मशाला**

अखिल भारतीय गद्दी जनजातीय विकास समिति (पंजीकृत) के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्यों की बैठक का आयोजन रविवार को 33, फिरोजशाह रोड, नई दिल्ली में किया गया। इस बैठक में समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष रमेश कुमार बतौर अध्यक्ष मौजूद रहे।

बैठक में चंबा-कांगड़ा के सांसद किशन कपूर ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। इस बैठक में मुख्यातिथि सांसद चंबा कांगड़ा किशन कपूर ने अखिल भारतीय गद्दी जनजातीय विकास समिति के वार्षिक कैलेंडर 2024 का विमोचन किया। इस मौके पर बैठक में मौजूद सदस्यों व मुख्यातिथि ने समिति एवं गद्दी जनजातीय समुदाय के उत्थान व कल्याण के बारे में कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर गहनता से विचार किया। बैठक में रेखा कपूर पत्नी सांसद किशन कपूर भी विशेष रूप से मौजूद रहीं। इस बैठक में समिति के राष्ट्रीय महासचिव श्रीकांत शर्मा सुरक्षित जगदेव सिंह विक्रमजीत के गण मन लोक विशेष रूप से मौजूद रहे। इसकी जानकारी देते हुए राष्ट्रीय महासचिव श्रीकांत शर्मा ने कहा है कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी समिति के वार्षिक कैलेंडर का विमोचन कर दिया गया है।

## अरविंद को पॉलिटेक्निक टीचर्स वेलफेयर एसोसिएशन की कमान

**नादौन।** हिमाचल प्रदेश पॉलिटेक्निक टीचर्स वेलफेयर एसोसिएशन के चुनाव सर्वसम्मति से संपन्न हुए, जिनमें नादौन निवासी अरविंद कटोच गर्वनमेंट पॉलिटेक्निक हमीरपुर को सर्वसम्मति से एसोसिएशन का अध्यक्ष चुना गया। इन चुनावों में दिनेश विंडरा कंडाघाट को चीफ पेटरन तथा मुकेश चौहान को महासचिव चुना गया। इसके अलावा सुनील दत्त शर्मा को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, नवजोल सिंह और नीरज गुप्ता को उपाध्यक्ष, अविनाश शर्मा व पंकज गौतम को संयुक्त सचिव, महेश चौहान व हरनेम ढटवाल को संगठन सचिव, विकास सोनी को वित सचिव, विजय पठानिया व वरुण को प्रेस सचिव तथा अमित शर्मा को लीगल एडवाइजर चुना गया। अरविंद कटोच ने कहा एसोसिएशन के उत्थान के लिए हर संभव प्रयास करूंगा।

# कचहरी में सेल्फी प्वाइंट बनकर तैयार, पर्यटक ले सकेंगे सेल्फियां




धर्मशाला के कचहरी चौक में स्थानीय लोगों की सुविधा के लिए सेल्फी प्वाइंट बनकर तैयार।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

स्मार्ट सिटी प्रशासन ने यहां पर सेल्फी बना दिया है। धर्मशाला के कचहरी चौक में स्थानीय लोगों की सुविधा और बाहर से आने वाले पर्यटकों के आकर्षण के लिए दि हेवन सिटी सेल्फी प्वाइंट बनाया गया है।

अब धौलाधार की पहाड़ियों के सुंदर नजारे के नीचे धर्मशाला के कचहरी चौक पर पर्यटक सेल्फी ले सकेंगे। अब पर्यटन की दृष्टि से इस स्थल को एक और आकर्षण मिला। स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के तहत होने वाले कचहरी चौक के सौंदर्यीकरण को लेकर इस स्थल पर धर्मशाला दि हेवन सिटी के नाम से सेल्फी प्वाइंट स्थापित कर दिया गया है। कचहरी चौक जिला मुख्यालय का बेहद महत्वपूर्ण स्थल है। साथ ही मिली सचिवालय होने के कारण हर दिन सैकड़ों लोग अपने कामकाज को लेकर उपायुक्त या दूसरों कार्यालयों में पहुंचते हैं। इसलिए कचहरी चौक को सेल्फी प्वाइंट के लिए चुना गया है।

### परमवीर चक्र विजेताओं के लगेंगे चित्र

**धर्मशाला** के कचहरी चौक में सेल्फी प्वाइंट के साथ-साथ अब यहां पर अपने अदम्य साहस से परमवीर चक्र पाने वाले सैनानियों के चित्र भी लगाए जाएंगे। इसके साथ परमवीर चक्र विजेताओं की शौर्य गाथा का विवरण भी दर्शाया जाएगा।

### शक्तिपीठों का भी किया जाएगा बखान

**धर्मशाला** के कचहरी चौक पर जिला कांगड़ा के प्रमुख शक्तिपीठों को दर्शाया जाएगा, ताकि सैलानियों को इनके बारे में जानकारी हासिल हो सके।

## राज्यसभा सांसद ने जयसिंहपुर की चंबी पंचायत में किया शुभारंभ, युवाओं को मिलेगा लाभ

# इंदु गोस्वामी ने किया पांच लाख रुपए से बने जिम का लोकार्पण

**अतुल जसवाल, जयसिंहपुर**

राज्यसभा सांसद इंदु गोस्वामी ने सोमवार को जयसिंहपुर की चंबी पंचायत में पांच लाख रुपए की लागत से बनाए गए इंडोर जिम के लोकार्पण किया।

इस पर उन्होंने कहा कि देश अंतिम छोर पर बसे गांवों को प्रथम गांव का दर्जा देना व सेना में लड़कियों की भर्ती करने के साथ-साथ लड़कियों व महिलाओं को हर क्षेत्र में अव्वल स्थान देना यह वर्तमान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शी सोच है। उन्होंने कहा आज सबसे ज्यादा समस्याएं हमारे देश की सीमाओं पर है, पहले देश की सीमाओं पर बसे गांवों को अंतिम गांव कहा जाता था और इन गांवों के लोग अभी भी पिछड़े व गरीब है। लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अब इन गांवों को अंतिम गांव के बजाए प्रथम गांव का दर्जा दिया है। पहलें इन गांवों को विकसित किया जाएगा। देश की सीमाओं पर बसे गांव जब विकसित होंगे तो सीमाओं पर जो समस्याएं है वह स्वयं खत्म हो जाएगी। इस मौके पर उन्होंने चंबी युवक मंडल के युवाओं द्वारा बास्केटबॉल कोर्ट की मांग को स्वीकार करते हुए कहा कि वे उन्हें इसकी प्रपोजल बनाकर भेजे। जो कि धनराशि होगी वोह दे दी जाएगी। इससे पूर्व उन्होंने अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस देश में फैले भ्रष्टाचार को खत्म करने का अगर किसी प्रधानमंत्री ने सबसे पहले बेड़ा उठाया था, वह अटल बिहारी वाजपेयी ने उठाया था। उन्होंने ही देश को बेहतर सुशासन दिया था। वाजपेयी की ही सोच थी हम जो भी कार्य करे उसे सेवाभाव से करें। हमारा जो भी कार्य हो वो सेवाभाव से हो। जब हम हम वाजपेयी की इस सोच पर चल पड़ेंगे यहीं उनके लिए सच्ची श्रद्धांजलि होगी, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अब इन गांवों को अंतिम गांव के बजाए प्रथम गांव का दर्जा दिया है। पहले इन गांवों को विकसित किया जाएगा। इस मौके पर जयसिंहपुर के पूर्व विधायक रविंद्र रवि धीमान, जयसिंहपुर भाजपा मंडल के अध्यक्ष देवेंद्र राणा, प्रदेश कार्यकारिणी सदसय विनोद, जयसिंहपुर भाजयुमो के अध्यक्ष शिवा कटोच, किसान मोर्चा के अध्यक्ष अजय पठानिया, जयसिंहपुर के जिला परिषद संजीव, फालकान युवक मंडल के अध्यक्ष विनोद ठाकुर आदि मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)



चंबी पंचायत में इंडोर जिम का शुभारंभ करती राज्य सभा सासंद इंदु गोस्वामी।

### प्रथम गांव का दर्जा दिया

**उन्होंने** बताया कि ज्यादा समस्याएं हमारे देश की सीमाओं पर है, पहले देश की सीमाओं पर बसे गांवों को अंतिम गांव कहा जाता था और इन गांवों के लोग अभी भी पिछड़े व गरीब है। लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अब इन गांवों को अंतिम गांव के बजाए प्रथम गांव का दर्जा दिया है।

## न्यूज ब्रीफ

### योल में लगेगा रक्तदान शिविर

**योल।** श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के चार वीर साहबजादों की शहादत दिवस पर श्री सिंह सभा गुरुद्वारा साहिब योल व कांगड़ा सेवियर द्वारा संयुक्त रूप से 27 दिसंबर को सुबह नौ से तीन बजे तक गुरुद्वारा साहिब योल के हाल में रक्तदान शिविर का आयोजन होगा। इस शिविर के मुख्यातिथि डॉक्टर निपुण जिंदल जिलाधीश कांगड़ा होंगे। यह जानकारी सिंह सभा गुरुद्वारा साहिब योल के सचिव परविंद्र सिंह ने दीं।

### खिलाड़ियों ने जमकर बहाया पसीना

**योल।** ग्रामीण विकास खेल एकता मैदान नोरा में आज कड़े मैच मुकाबले रहे। युवा खिलाड़ियों ने खूब पसीना बहाया। पहले मैच में जसौर टीम ने लिल्ली (ए) व दूसरे मुकाबले में लोक निर्माण विभाग बड़ोह ने अपनी प्रतिद्वंद्वी टीम लिल्ली (ब) को टक्कर देकर दूसरे दौर में जगह पक्की की है। यह जानकारी खेल आयोजन सदस्य विशाल, अमन, सौरभ, राहुल, सुशांत व अन्य साथियों ने सांझी की। उन्होंने कहा कि उनका प्रयास है युवा खेलों से जुड़े, तभी नशा उन पर भारी नहीं होगा। युवाओं को व्यस्त रखना ही नशे को रोकने का पहला कदम है। इस पर अवाम संस्था के खेल निदेशक दो दिन के सफल आयोजन पर खेल प्रेमियों व गांववासियों का आभार जताया व आने वाले मैचों का आनंद लेने के सहयोग की अपेक्षा की।

### हलदरा-बेहड़ा में अन्नकूट का उत्सव संपन्न

**डरोह।** ग्राम पंचायत सांबा के वार्ड नंबर-चार गांव हलदरा बेहड़ा में लगभग 300 वर्ष पुराने मुरली मनोहर मंदिर में सदियों से चली आ रही गुलरिया खानदान की अन्नकूट की परंपरा आज भी कायम है। इस परंपरा का आयोजन हर वर्ष दिसंबर महीने में किया जाता है। श्रद्धालु यहां माथा टेकते हैं और जो भी मन्नत मांगी जाए वह पूर्ण होती है। इस मौके पर गांव हलदरा बेहड़ा के करण गुलेरिया ने कहा कि गुलेरिया परिवार व आसपास के लोग इकट्ठे होकर इस अन्नकूट महोत्सव में मुरली मनोहर श्रीकृष्ण के भजन गाते हैं और ढोल नगाड़ों के साथ अन्नकूट स्थल पर इनकी प्रतिमाओं को ले आते हैं। वहां इन्हें प्रसाद ग्रहण करवाने के बाद सभी भगत जन प्रसाद ग्रहण करते हैं। गांव बेहड़ा में आज अन्नकूट महोत्सव मनाया गया। सभी गांव वासियों ने बड़ी श्रद्धा के साथ इसमें बढ़-चढ़कर भाग लिया। भंडारा अटूट लगाया गया।

### रवि कुमार को सौंपी कमान

**बैजनाथ।** उपमंडल के जंडपुर गांव के निवासी रवि कुमार को मानव अधिकार संघर्ष कमेटी का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। रवि कुमार ने जिला अध्यक्ष की नियुक्ति पर इंटरनेशनल मानव अधिकार संघर्ष कमेटी व राष्ट्रीय प्रधान डॉक्टर हरीश शर्मा तथा वरिष्ठ उपप्रधान पवन अरोड़ा का आभार जताया हैं। रवि कुमार ने कहा कि कमेटी द्वारा जो मुझे जिम्मेदारी सौंपी गई है उसे मैं ईमानदारी से निभाने के लिए वचनबद्ध हूं और कमेटी से कंधे से कंधा मिलाकर चलूंगा। उन्होंने कहा कि समाज में कमजोर वर्ग के लोगों के मानवीय अधिकारों की रक्षा करना मेरा धर्म और संघर्ष कमेटी द्वारा चैरिटेबल डिस्पेंसरी, सिलाई सेंटर, ब्यूटी पार्लर सेंटर आदि खोलकर जरूरतमंद लोगों को निशुल्क शिक्षा व प्रशिक्षण प्रदान करवाने के लिए मेरा दृढ़ संकल्प है। रवि कुमार ने कहा कि वह कमेटी की तरफ से समय अन्य पर मानवीय अधिकारों के प्रति सेमिनारों का आयोजन करेंगे। इससे प्रत्येक नागरिक को मानवीय अधिकारों का पता चल सके।

# ललेहड़ पंचायत में प्रवासी लड़की ने की आत्महत्या

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

पुलिस थाना कांगड़ा के पड़ती ग्राम पंचायत ललेहड़ में आज 13 वर्षीय प्रवासी नाबालिग लड़की द्वारा आत्महत्या करने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसाार ललेहड़ पंचायत की 13 वर्षीय प्रवासी नाबालिग लड़की ने अपनी ही घर की छत से फंदा लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली है, जो कि ललेहड़ पंचायत में किराए के मकान में अपने परिवार के साथ रहती थी।

उन्होंने बताया कि लड़की के शव को सबसे पहले घर के मालिक ने देखा और उसने तुरंत इसकी सूचना पुलिस थाना कांगड़ा को दी। कांगड़ा पुलिस की टीम सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची, जहां उन्होंने शव को अपने कब्जे में ले लिया और आगे की कार्रवाई शुरू कर दी। उन्होंने बताया कि लड़की तीन बच्चों में सबसे छोटी थी। मृतक लड़की के पिता की कई वर्ष पहले मौत हो चुकी है। यह परिवार मूल रूप से छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिला का रहने वाला है और दो महीने पहले ही ललेहड़ गांव में किराए पर मकान लिया था। मृतक की मां दिहाड़ी-मजदूरी करती है। इस संबंध में डीएसपी कांगड़ा अंकित शर्मा ने बताया कि कांगड़ा की ललेहड़ पंचायत में 13 वर्षीय प्रवासी नाबालिग लड़की द्वारा घर की छत के कुंडे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली गई है। जब पुलिस को इसकी सूचना मिली तो पुलिस की टीम तुरंत मौके पर पहुंची और शव को अपनी कब्जे में लेकर धारा 174 सीआरपीसी के तहत आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। उन्होंने बताया कि अभी तक मौत के कारणों का पता नहीं चल पाया है।

# नाबालिग से छेड़छाड़ के दोषी को तीन साल की सजा, जुर्माना भी ठोंका

**लीगल रिपोर्टर, धर्मशाला**

पोक्सो कोर्ट धर्मशाला, ने रछपाल को पोक्सो एक्ट की धारा आठ में तीन साल की सजा और 3000 रुपए जुर्माना, जुर्माना न देने में छह महीने तक अतिरिक्त सजा और इंडियन पेनल कोड की धारा 354, में एक साल और एक हजार रुपए जुर्माना, जुर्माना अदा न करने पर तीन महीने अतिरिक्त सजा सुनाई है।

मामले के अनुसार 15 वर्ष की छात्रा स्कूल में पढ़ाई करती थी। 17 सितंबर 2019 को जब वो अपने नाना के साथ अपनी स्कूल यूनिफार्म सिलवाने को बाजार गई थी। पीड़िता के नाना जरूरी काम से बाजार में रुक गए तथा पीड़िता बस से घर आई तो रास्ते में एक व्यक्ति मिला। आरोपी रछपाल जम्मू का रहने वाला था और उसी के ननिहाल में किराए के कमरे में रहता था। इस दौरान वो पीड़िता के साथ गलत हरकतें करने लगा और हाथ पकड़ कर गलत हरकतें करने लगा। इसके बाद उसके चंगुल से छूट कर पीड़िता घर पहुंची तथा नानी को सारी बात बताई।

इसके बाद पुलिस थाना लंबागांव में इसको लेकर शिकायत दर्ज करवाई गई। पोक्सो कोर्ट में चले इस मामले में 15 गवाह पेश किए गए। सुनवाई के बाद

### जुर्माना अदा न करने पर छह महीने की और होगी अतिरिक्त सजा

अदालत ने रछपाल को पोक्सो एक्ट की धारा आठ में तीन साल की सजा और 3000 रुपए जुर्माना, जुर्माना न देने में छह महीने तक अतिरिक्त सजा और इंडियन पेनल कोड की धारा 354, में एक साल और एक हजार रुपए जुर्माना, जुर्माना अदा न करने पर तीन महीने अतिरिक्त सजा सुनाई है।

### दाड़ी में बस-बाइक में भिड़ंत, लगा जाम

**धर्मशाला।** दाड़ी में शाम को हुए एक हादसे में एक बाइक तथा बस टकरा गई। हादसे के बाद सड़क के दोनों किनारे लंबा जाम लग गया। हादसे में बाइक की बस के साथ आमने-सामने टक्कर हो गई। इस हादसे में दोनों युवक घायल हो गए। गंभीर रूप से घायल युवक को मेडिकल कॉलेज टांडा भर्ती करवाया गया है तो वहीं यह युवक चंबा के बताए जा रहे हैं। पुलिस इस मामले में कार्रवाई कर रही है।

## गायत्री स्कूल में नवाजे होनहार

**लंबागांव।** बच्चों को नशे के साथ-साथ मोबाइल फोन से भी दूर रहना चाहिए। यह शब्द कहे तहसीलदार जयसिंहपुर अभिषेक भास्कर ने सोमवार को गायत्री पब्लिक स्कूल के वार्षिक पारितोषिक विस्तरण समारोह में बतौर मुख्यातिथि पधारे थे। स्कूल मुख्याध्यापिका बंदना सिंह ने शॉल टोपी देकर समानित किया। बच्चों द्वारा एक से बढ़कर एक मनमोहक प्रस्तुति दी। कार्यक्रम के अंत मे बच्चों को कार्यक्रम में प्रस्तुति देने व खेल प्रतियोगिता विजेताओ को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर स्कूल प्रबंधन सहित अभिभावक व अन्य गणमान्य मौजूद रहे। बहरहाल, सोमवार को गायत्री पब्लिक स्कूल के वार्षिक पारितोषिक विस्तरण समारोह में बतौर बड़ी धूमधाम से मनाया। वहीं, इस दौरान तहसीलदार जयसिंहपुर अभिषेक भास्कर ने छात्रों को सम्मानित किया।



डरोह। पारस पब्लिक स्कूल भवारना में क्रिसमस पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस उपलक्ष्य पर कक्षा नर्सरी और केजी के बच्चे सांता क्लॉज की आकर्षक भूमिका में नजर आए। बच्चों ने क्रिसमस डे पर ईसा मसीह को याद किया और उनकी महिमा का गुणगान करते हुए मनमोहक नृत्य पेश किए। इस उपलक्ष्य पर विद्यालय के निदेशक महेश चंद कटोच व प्रधानाचार्या नीलम राणा विशेष रूप से उपस्थित रहीं। प्रधानाचार्या ने सभी को क्रिसमस की हार्दिक शुभकामनाएं दीं।

### बच्चों को उपहार बांटकर मनाया क्रिसमस

**गरली।** गरली के गांव मनियाला में सोमवार को 25 दिसंबर को सांटा क्लॉज बने पांच वर्षिय आराध्य शर्मा, नायरा शर्मा, आरुष शर्मा व अन्य बच्चों ने क्रिसमस डे का त्योहार बहुत ही हर्षोउल्लास से मनाया गया। वहीं, इस दौरान सांटा क्लॉज की वेशभूषा मे सजे उक्त नन्हे-मुन्हे बच्चों ने अपने गांव के प्रत्येक साथी बच्चों को उनके घर-घर जाकर क्रिसमस की बधाइयां दी तो वहीं, टॉफियां व अन्य मिठाई बांटकर खुशी का तमाम बच्चों ने जश्न मनाया। वहीं, इस मौके पर उक्त बच्चों के दादा हेमराज पवन शर्मा व तिलक राज शर्मा आदि ने बताया कि तमाम उक्त मासूम बच्चों ने जहां अपने तमाम परिवारजनो के घर घर जाकर साथी मासूम बच्चों को टॉफियां व अन्य कई तरह के उपहार बांट कर क्रिसमस की बधाई दी। वहीं, सांता क्लॉज की ड्रैस मे सजे उक्त मासूम बच्चों का ऐसा नया अंदाज देखकर हर कोई चकित हो गया।

# नूरपुर बाजार में श्रीराम-लक्ष्मण देखने को उमड़ी लोगों की भीड़

**अनंत ज्ञान, नूरपुर**

संगठनात्मक जिला नूरपुर में अयोध्या से पूजित अक्षत कलश(न्योते के चावल) सोमवार सुबह दस बजे के करीब पहुंचें। तत्पश्चात राम रथ, अक्षत कलश रथ, पारंपरिक वाद्य यंत्र, राम धुन, कलश यात्रा के साथ शोभा यात्रा के माध्यम से बाजार होते हुए श्री बृजराज स्वामी मंदिर में अक्षत कलश रखे गए।

इस दौरान कस्बे में सुबह से ही दूर-दूर से लोगों का हुजूम उमड़ना शुरू हो गया तथा लगभग दस बजे के आसपास हजारों श्रद्धालु इस भव्य यात्रा में एकत्रित हो गए। इस यात्रा से संपूर्ण शहर भगवामयी हो गया तथा भगवान श्रीराम की इस भव्य यात्रा में लोगों का उत्साह देखते ही बन रहा था। अलग-अलग जगहों से सनातनी ने राम लक्ष्मण की झलकियां निकाल कर इस शोभा यात्रा की शोभा बढ़ाई। सबसे बड़ी बात यह भी रही की इस यात्रा में भगवान श्रीराम को समर्पित सभी सनातनी दलगत राजनीति से ऊपर उठकर इस यात्रा में शामिल हुए। चौगान बाजार से यह भगवामयी यात्रा बाजार से होते हुए प्राचीन ऐतिहासिक बृजराज स्वामी मंदिर में पहुंची।

मंदिर में स्थापित किए गए अक्षत कलशों को संगठनात्मक जिला नूरपुर की प्रत्येक पंचायत से आए मनोनीत सदस्यों को अक्षत कलश सौंपे गए। इसके बाद यह प्रत्येक पंचायत में लोगों को यह अक्षत चावल के कुछ अंश दिए जाएंगे। इस दौरान कस्बेवासियों ने जगह-जगह पुष्प बरसाकर भव्य स्वागत किया। शोभा यात्रा में रामलीला समितियां, मंदिर पुजारी, मंदिर समिति, कीर्तन-भजन मंडलियां, प्रभात फेरी मंडलियां सहित भारी संख्या में रामभक्त सहभागी बने। इस दौरान कस्बे में आर्य समाज सभा, महाजन सभा सहित अनेक सामाजिक संगठनों ने रास्ते में रामभक्तों के लिए जलपान का प्रबंध किया।



बृजराज स्वामी मंदिर में अक्षत कलश को देखने के लिए उमड़ी लोगों की भीड़।

# क्रिसमस ने पैक करवाएं बीड बिलिंग के होटल



बीड़ बिलिंग घाटी में क्रिसमस मनाते पर्यटक।

**जितेंद्र कौशल, बैजनाथ**

क्रिसमस का त्योहार होटल व्यवसाय से जुड़े लोगों के लिए खुशियों सौगात लेकर आया है। विश्व पर्यटन मानचित्र पर अपनी जगह बना चुकी बीड़ बिलिंग घाटी में क्रिसमस के मौके पर सारे होटल पूरी तरह से पैक नजर आए हैं हालांकि इस बार देश-विदेश से आए पर्यटक यहां पर बर्फबारी को देखने की उम्मीद लेकर आए थे, परंतु ऐसा तो तो नहीं हो सका परंतु इसकी वजह से पर्यटक उदास भी बिल्कुल नहीं है उनका मानना है कि यह घाटी ही इतनी सुंदर है कि यहां पर बर्फबारी नहीं हुई तो भी फर्फ नहीं पड़ता।

इन लोगों ने खिल खिलाती धूप में पैराग्लाइडिंग के जमकर मजे लिए। वहीं, पर चांद की दूधिया रोशनी में यहां के पहाड़ इस तरह से चमकते हैं कि मानो कुदरत ने सारी प्राकृतिक सुंदरता इसी घाटी को बख्शी हो। होटल अपास के मालिक अंकित सूद बताया कि देश विदेश से आए हुए पर्यटक यहां पर तीन दिन पहले ही पहुंच गए थे तथा आगे भी यहां पर रुकने वाले हैं। इसकी वजह से पर्यटन व्यापार को अच्छा खासा लाभ हुआ है। अंकित सूद बताया कि अपास होटल प्रबंधन ने क्रिसमस की पूर्व संध्या पर स्थानीय कलाकारों की बुलाया हुआ था जिन्होंने यहां पर रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया। इससे की बाहर से आए हुए लोगों ने काफी पसंद किया। अपास होटल ने यह कार्यक्रम इसलिए भी आयोजित किया था, ताकि पर्यटन कारोबार के जारिय आपसी संस्कृति का भी आदान-प्रदान हो। वहीं, बीड़ बिलिंग होटल एसोसिएशन के अध्यक्ष सतीश अबरोल ने कहा कि क्रिसमस के मौके पर यहां पर भारी तादाद में पर्यटक पहुंचे हुए है। वहीं, स्थानीय कलाकारों के गीतों का आनंद लेते पर्यटक। (अनंत ज्ञान)

**सालाना समारोह** स्कूल के सालाना समारोह में छात्रों ने दी एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां, बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ का दिया संदेश

# डीएवी स्कूल भड़ोली में होनहारों को किया सम्मानित

**अनंत ज्ञान, ज्वालामुखी**

डीएवी भड़ोली स्कूल में प्रधानाचार्य सुरजीत कुमार राणा की अध्यक्षता में संस्कृति थीम पर एलकेजी से पांचवीं तक वार्षिक उत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ज्वालामुखी विधानसभा विधायक संजय रतन पधारे।

इस दौरान आयोजकों ने पुष्पगुच्छ देकर सम्मान किया गया और टोपी शॉल पहनाकर सम्मानित भी किया गया।

मुख्यातिथि विधायक संजय रतन ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम को शुरू किया। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में प्रदेश मुख्यमंत्री प्रिंसिपल एडवाइजर गोकुल बुटेल ने शिरकत की जिनका स्कूल कमेटी ने स्वागत कर उन्हें सम्मानित किया। डीएवी भड़ोली के मैनेजर नमित शर्मा, विद्यालय के चैयरमैन प्रबोध महाजन, वाइस चेयरमैन डॉक्टर ओपी सौंधी का स्थानीय प्रबंधन समिति के सदस्यों ने बैच लगाकर व टोपी शाल देकर सम्मान किया। इस मौके पर विधायक संजय रतन के पुत्र अधिवक्ता सर्वेश रतन व डीएसपी ज्वालामुखी विकास धीमान, तहसीलदार मनोहर लाल शर्मा, नादौन आर्य समाज अध्यक्ष व अन्य विशिष्ठ अतिथि भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में नन्हे-मुन्ने बच्चों बेहतरीन सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए गए और देश के विभिन्न राज्यों की संस्कृति को मंच पर उकेरा। इसके साथ ही बच्चों ने बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ का संदेश गीत व नाटक के जरिए प्रस्तुत किया। नौनिहालों ने भाई चारे का भी संदेश दिया। जिसे देखकर सभी का मन खुशी से झूम उठा। मुख्यातिथि विधायक संजय रतन व विशेष अतिथि गोकुल बुटेल ने बच्चों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह की गतिविधियों में भाग लेकर बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ता है और उनके अंदर जो झिझक होती है, वह दूर हो जाती है।

प्रधानाचार्य सुरजीत कुमार राणा ने सभी आये हुए अतिथियों का आभार व्यक्त किया और वर्ष भर स्कूल की वार्षिक गतिविधियों की रिपोर्ट प्रस्तुत की व शैक्षणिक, खेलकूद, सांकृतिक कार्यक्रम में अव्वल रहे छात्रों का ब्यौरा दिया और उन्हें सम्मानित भी किया गया।



डीएवी भड़ोली स्कूल के सालाना समारोह में कार्यक्रम का शुभारंभ करते चीफ गेस्ट गोकुल बुटेल व एमएलए संजय रतन।

# मैक्लोडगंज में 'जिंगल बेल, जिंगल बेल'

## सेंट जॉन चर्च में क्रिसमस मनाने उमड़े सैलानी



**क्रिसमस पर बच्चों ने खूब मचाया धमाल**


**पुनीत शर्मा, दिनेश कायस्था, धर्मशाला**

पर्यटन नगरी मैक्लोडगंज में क्रिसमस मनाने के लिए सैलानियों का जनसैलाब उमड़ आया है। सैलानियों की आमद को देखकर स्थानीय होटल कारोबारियों के चेहरों पर अच्छे कारोबार की झलक दिखाई दी। गौर हो कि क्रिसमस के साथ ही नया साल मनाने के लिए यहां पर्यटक पहुंचे है। होटल कारोबार से जुड़े लोगों के अनुसार इस समय 35 से 40 प्रतिशत तक ऑक्यूपेंसी है जबकि नव वर्ष में होटल की ऑक्यूपेंसी 50 प्रतिशत तक या इससे ज्यादा बढ़ाने की उम्मीद होटल कारोबारियों को है। दूसरी तरफ पर्यटन नगरी मैक्लोडगंज स्थित प्राचीन सेंट जॉन चर्च में क्रिसमस के मौके पर काफी चहल-पहल नजर आई।

इस दौरान काफी संख्या में देश के विभिन्न भागों से पहुंचे हुए सैलानियों ने सुबह प्रेयर में भाग लिया तथा यहां की कुदरती खूबसूरती को निहारा। यहां बताते चलें की अंग्रेजों के शासनकाल में सेंट जॉन चर्च का निर्माण 1852 में किया गया था तथा उस समय से यहां से हर साल क्रिसमस का त्योहार मनाया जाता है। इसके अलावा काफी संख्या में लोग दूसरे क्षेत्रों से भी पहुंचते हैं। मैक्लोडगंज में क्रिसमस कथा नव वर्ष को लेकर काफी संख्या में सैलानी नजर आने लगे हैं। इससे की पर्यटन कारोबारियों के चेहरे भी खिले हुए हैं। बच्चे कर रहे ईको पार्क में मस्ती इस दौरान जहां सेंट जोन चर्च में काफी संख्या में उमड़े लोगें ने प्रेयर की, तो वहीं छोटे बच्चों ने चर्च के साथ स्थित ईको पार्क में खेलने कूदने का भरपूर आनंद लिया। इस दौरान चर्च कैंपस में सैलानी दिनभर सेल्फी लेते तथा यहां के खूबसूरत नजारों को कैमरे में कैद करते नजर आए। पर्यटकों का वेलकम कर रहे सांटा क्लॉज क्रिसमस को लेकर धर्मशाला और मैक्लोडगंज आने वाले सैलानियों के स्वागत के होटल कारोबारी पहले से तैयार हैं। यही कारण है कि कई होटलों के प्रवेश द्वारों पर सांटा क्लॉज बनकर खड़े होटल कर्मी यहां आने वाले लोगों का स्वागत कर रहे हैं। इन सांटा क्लॉज को देखकर जहां बच्चे काफी उत्साहित है तो वहीं वे बड़े शौक से सांटा क्लॉज के साथ फोटो भी ले रहे हैं। वहीं, इसी तरह से दिल्ली से दंपति विजय तथाा श्रुति ने बताया कि उन्हें यहां आकर अच्छा लगा तथा यहां की मनमोहक वादियां और शांतिपूर्ण वातावरण का नजारा स्वर्ग से कम नहीं है। वह यहां क्रिसमस और नया साल मनाने के लिए परिवार सहित आएं हैं। बहरहाल, पर्यटन नगरी मैक्लोडगंज में क्रिसमस मनाने के लिए सैलानियों का जनसैलाब उमड़ आया है। सैलानियों की आमद को देखकर स्थानीय होटल कारोबारियों के चेहरों पर अच्छे कारोबार की झलक दिखाई दी। (अनंत ज्ञान)

### बर्फबारी न होने से थोड़े हुए निराश

**मुंबई** के कोल्हापुर से मैक्लोडगंज आए अमित तोड़कर ने बताया कि वह व्हाइट क्रिसमस की आस लेकर आए थे जो अधूरी रह गई। बर्फबारी न होने से उन्हें थोड़ी निराश जरूर हुई, लेकिन यहां कि मनोहारी वादियां देख उन्हें काफी संतुष्टि मिली है। उन्होंने बताया कि यहां का मौसम बहुत अच्छा है।



मैक्लोडगंज की सेंट जॉन चर्च में क्रिसमस मनाने को उमड़ी सैलानियों की धूम।

# लंबागांव में क्रिसमस डे पर चला भजन-कीर्तन का दौर



लंबागांव में क्रिसमस डे पर पूजा-अर्चना करते स्थानीय लोग।

**अनंत ज्ञान, लंबागांव**


लंबागांव में क्रिसमस डे स्थानीय लोगों ने पर माता सरस्वती का पूजन और भजन कीर्तन का आयोजन किया गया।

इसमें स्थानीय लोगों ने विद्या की देवी माता सरस्वती की पूजा अराधना की और स्थानीय महिला मंडल ने भजन कीर्तन किया और लोगों को हलवा प्रसाद भी बांटा गया। इस कार्यक्रम में स्थानीय लोगों के साथ साथ अरविंद कुमार विशेष रूप से उपस्थित रहे और कार्यक्रम के सूत्रधार रहे। उन्होंने कहा कि लोगों को अपने सनातन धर्म को नहीं भूलना चाहिए।

### बहुत ही बढ़िया लगा यहां का माहौल



**गुजरात** के पोरबंदर से फेंड्स के साथा आई साक्षी के मुताबिक यहां का माहौल बहुत ही अच्छा है तथा क्रिसमस तथा नववर्ष होने के कारण यहां काफी रोनक है। साक्षी के अनुसार यहां का मौसम तथा ऊंचे पहाड़ देखकर वो काफी उत्साहित हैं।



पर्यटन नगरी मैक्लोडगंज में क्रिसमस मनाने के लिए उमड़ा सैलानियों का जनसैलाब।

### शांत वातावरण और मौसम देखकर बहुत अच्छा लगा

**मेरठ** से धर्मशाला पहुंचे शिवम ने बताया कि वह पहली बार धर्मशाला आए हैं तथा उन्हें यहां का मौसम तथाा शांत वातावरण देखकर बहुत अच्छा लगा। उन्होंने बताया कि शहर की भागदौड़ के बाद यहां आकर उन्हें असीम शांति का अनुभव हुआ है तथा प्रकृति के सान्निध्य में आकर वह काफी रिफ्रेश महसूस कर रहे हैं। उन्होंने बतया कि वह पहली बार मैक्लोडगंज पहुंचे है। उन्होंने कहा कि यहां मौसम बहुत अच्छा है और मुझे यहां असीम शांति का अनुभव प्राप्त हुआ।

### मैक्लोडगंज में जाम के बीच जश्न

**फेस्टिवल** सीजन को लेकर वाहनों की एकाएक बढ़ी आवाजाही के चलते यहां यातजात को संचालित करने के लिए काफी संख्यां में पुलिस बल को तैनात किया गया है। वहीं, होटलों के बाहर सांटा क्लॉज बने कर्मचारी क्रिसमस पर सैलानियों का स्वागत कर रहे हैं। मैक्लोडगंज में दिन भर पर्यटकों की चहल-पहल लगी रही। इससे पर्यटन कारोबारी भी खुश है। नववर्ष तक उन्हें इसी तरह की सैलानियों की आमद की उम्मीद है।

### यहां महसूस किया अपनापन

**बंगलूरु** से परिवार के साथ पहुंचे जसवीर सिंह तथा उनके बेटे गगनदीप सिंह ने बताया कि वो पहली बार धर्मशाला आए हैं तथा उन्हें यहां आकर काफी अच्छा लगा। उन्होंने बताया कि यहां काफी ठंड उन्हें लग रही है, लेकिन यहां के कुदरती सौंदर्य को देख कर वो काफी खुश हैं। उन्होंने कहा कि दक्षिण भारत में रहने के कारण उन्हें उत्तर भारत आकर बहुत ही अपनापन लग रहा है तथा वो यहां खुब इंन्जॉय कर रहे हैं।

### पहली बार देखे नजदीक से पहाड़

**आंध्र** प्रदेश से परिवार सहित घूमने पहुंचे परिवार के साथ घूमने पहुंचे नारायण, अंकी रेड्डी तथा संतोष कुमार ने बताया कि यहां मौसम काफी अच्छा है तथा पहाड़ों को इतने नजदीक से उन्होंने पहली बार देखा है। उनके मुताबिक उन्हें यहां का मौसम काफी अच्छा लगा तथा वो यहां आकर काफी खुश हैं।

### पर्यटन केंद्रों में दिखने लगी रौनक

**क्रिसमस** तथा नव वर्ष को लेकर धर्मशाला पर्यटन सर्किल में सैलानियों की चहल-पहल बढ़ी हुई नजर आई। बताते चलें कि मैक्लोडगंज, डल लेक, भागसू तथा नड्डी आदि पर्यटन बिंदुओं में भी सोमवार को काफी संख्या में पर्यटक घूमते-फिरते तथा यहां के कुदरती नजारों को कैमरों में कैद करते नजर आए।

### वादियां निहारी

**पर्यटन** बिंदु नड्डी में सोमवार को खिली धूप के बीच सैलानी पहाड़ों की सैर करते रहे तथा यहां की वादियों को निहारते रहे। यहां बताते चलें कि नड्डी जहां सनसेट व्यू के लिए विख्यात है तो वहीं यहां से दिखती धौलाधार की हिमाच्छादित पहाडियां इस स्थान को नैसर्गिक सुंदरता प्रदान करती हैं। यहां से दूरबीन के माध्यम से सैलानी बफीर्ले झरने समेत कई नजारों को देख पाते हैं जिन्हें ऐसे देखना संभव नहीं हो पाता। इसके अलावा यहां का सेल्फी प्वाइंट भी सैलनियों को खूब पसंद आता है।

### डल झील देखने पहुंच रहे इक्का-दूक्का लोग

**पानी** के रिसाव के कारण अपनी सुंदरता को खो रही डल झील को देखने के लिए यहां कम ही सैलानी दिखे। यहां बताते चलें कि न सिर्फ पर्यटन बल्कि धार्मिक रूप से इस जगह का अपना महत्व है तो वहीं साल 2008 से जारी रिसाव का हल करने में सरकारों की नाकामी के चलते अब सैलानी यहां सूख रही झील को देखने के लिए कम ही पहुंच रहे हैं।



मैक्लोडगंज में क्रिसमस डे को लेकर लगा गाड़ियों का लंबा जाम।



मैक्लोडगंज की वादियों का आनंद लेते सैलानी।



सैलानियों के लिए सजा सेंट जॉन चर्च।



क्रिसमस के लिए सजे मैक्लोडगंज के बाजार।

## न्यूज ब्रीफ

### ट्रैक्टर का हुक टूटने से बड़ा हादसा टला

**डाडासीबा।** डाडासीबा पुलिस चौकी के अंतर्गत गांव रोड़ी कोड़ी के निकट गत देर रात अचानक सीमेंट से लदे ट्रैक्टर की हुक टूट गया। वहीं, इस दौरान जहां ट्राली पलटने से उपरोक्त ट्रैक्टर में लदा सीमेंट पूरी तरह बिखर गया तो हादसे मे ट्रैक्टर चालक व ट्रैक्टर में बैठे दूसरे लोगों को मामूली चोटे आई हैं। मिली जानकारी के अनुसार रविवार रात दस बजे के करीब किसी ठेकेदार की लेबर सीमेंट की बोरियां लेकर अपने क्वार्टर वापस आ रहे थे। जब ट्रैक्टर गांव रोड़ी कोड़ी के पास पहुंचा ट्रैक्टर की हुक टूट जाने से हादसा पेश आया। हादसे में ट्रैक्टर चालक व अन्य लोगों को मामूली चोंटे आई हैं और बड़े वाहनों के लिए आने-जाने के लिए यह रास्ता रात से ही बंद पड़ा हुआ है। सोमवार सुबह आठ बजे के करीब ट्रैक्टर ट्राली को हटाया गया फिर रास्ता बड़े वाहनों के लिए खोला गया है। डाडासीबा पुलिस चौकी प्रभारी किशोर चंद ने बताया इस बारे हमारे पास कोई भी शिकायत दर्ज नहीं है।

### परागपुर बाल स्कूल छात्रों ने कूड़ा लगाया ठिकाने

**परागपुर।** राजकीय बाल वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला परागपुर में एनएसएस शिविर के चौथे दिन सोमवार को छात्र-छात्राओं द्वारा स्वच्छता अभियान के तहत जहां स्थानीय क्षेत्र भर मे एक जागरूकता रैली निकाली गई। वहीं, स्कूल कैंपस व इलाके के चारों ओर बिखरा कूड़ा-कर्कट भी ठीकाने लगाया। वहीं, इससे पहले रविवार सुबह तमाम छात्रों को स्कूल प्रधानाचार्या सीमा कौसल ने मोबाइल फोन के कुप्रभावों पर प्रकाश डाला। प्रधानाचार्या सीमा कौसल ने कहा कि मोबाइल के जरिए कई लोग इन दिनों ठगी का शिकार हो रहे है। उन्होंने स्कूली बच्चों को फोन से दूर रहने की सलाह दी है। वहीं, इस दौरान कार्यक्रम अधिकारी सुभाष ठाकुर महिला अधिकारी गीतिका तोमर ने कहा कि सात दिनों तक चलने वाले इस एनएसएस शिविर की शुरुआत सुबह प्रभात फेरी से की जा रही है। एनएसएस प्रभारी सुभाष ठाकुर ने कहा इस शिविर में 48 विद्यार्थी भाग ले रहे हैं।

# भाई-बहन ने रोलर स्केटिंग में चमकाया नाहलना का नाम

**अतुल जसवाल, जयसिंहपुर**

जयसिंहपुर विधानसभा क्षेत्र के छोटे से गांव नाहलना के भाई-बहन आर्यन ठाकुर व आदित्री ठाकुर ने रोलर स्केटिंग में अपना व इलाके का नाम चमकाया है।

चंडीगढ़ में आयोजित लड़कियों की 61वीं सीनियर नेशनल रोलर स्केटिंग चैंपियनशिप में आदित्री ठाकुर ने गोल्ड मेडल प्राप्त किया। इसके साथ ही आदित्री ठाकुर के छोटे भाई आर्यन ठाकुर ने भी लड़कों की जूनियर नेशनल रोलर स्केटिंग चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल हासिल किया। आदित्री ठाकुर के पिता अश्वनी ठाकुर चंडीगढ़ पीजीआई में नौकरी करते हैं व माता सपना ठाकुर ईएसआई हॉस्पिटल में नर्स है। आदित्री ठाकुर चंडीगढ़ में रायन इंटरनेशनल स्कूल में पढ़ती है। वहीं, आदित्री ठाकुर का छोटा भाई आर्यन ठाकुर सेंट स्टीफन स्कूल चंडीगढ़ में नवमीं कक्षा में पढ़ता है। आदित्री ठाकुर ने सफलता का श्रेय अपने गुरुजनों व माता-पिता को दिया। अदित्री इससे पहले एशिया महिला रोलर स्केटिंग में भी कांस्य पदक जीत चुकी है। (अनंत ज्ञान)



ट्रॉफियों और मेडल के साथ आदित्री व आर्यन ठाकुर।

### छात्रों ने चलाया सफाई अभियान

**डाडासीबा।** बाबा कांशी राम राजकीय महाविद्यालय डाडासीबा द्वारा 23 दिसंबर से शुरू किए गए एनएसएस कैंप के तीसरे दिन कॉलेज कैंपस की सफाई करवाई गई। कॉलेज के आचार्य दविंद्र सिंह ने स्वयंसेवियों को सड़क सुरक्षा पर वक्तव्य दिया, जबकि कैंप के तीसरे दिन की शुरुआत सुबह छह बजे प्रभात फेरी से शुरू हुई इसके पश्चात योग और व्याम किया गया। तत्पश्चात प्रार्थना हुई उसके बाद एनएसएस लक्ष्य गीत हुआ फिर प्रोग्राम ऑफिसर आचार्य खेम चंद ने दीप प्रज्वलित कर सभी स्वयंसेवियों को दिन भर की गतिविधियों के बारे बताया। इस कैंप के तीसरे दिन के रिसोर्स पर्सन सुरेश नरियाल रहे। उन्होंने एनएसएस के बारे में बच्चों को बताया इसकी स्कीम और महत्त्वता पर प्रकाश डाला यह समाज के लिए कैसे सहायक है इन सब की जानकारी सुरेश नरयाल ने प्रदान की।

# बेटियों के लिए फरिश्ता बनकर आए हैं संजय पराशर, दिला रहे नौकरियां

**अनंत ज्ञान, गरली**

किसी के चेहरे पर मुस्कान की वजह बनना आज के दौर का सबसे कठिन कार्य है। यह तब और भी मुश्किल व चुनौतीपूर्ण हो जाता है, जब किसी ने व्यक्ति ने निणार्यक समय में आपका साथ न दिया हो। तो यह उदाहरण समाज के लिए अनुकरणीय व प्रेरक हो सकता है। रोजगार सृजन को लेकर लंबे समय से कार्य कर रहे कैप्टन संजय पराशर ने जब जसवां-परागपुर क्षेत्र के कस्बा कोटला में सोमवार को 15 युवतियों को मर्चेंट नेवी में नौकरी की स्पांसरशिप प्रदान की तो एक बेटी उस समय भावुक हो गई। उस युवती ने बताया कि पिछले विधानसभा चुनाव में उसके परिजनों ने पराशर का साथ देने की बजाय राजनीतिक विरोध किया था।

इसके बावजूद जब नौकरी की बात आई तो संजय पराशर ने राजनीतिक कटुता के बदले में बेटी को रोजगार दिलाने में प्रमुख भूमिका अदा की। पराशर की प्रेरणा से अब वह समुद्री जहाज पर नौकरी करने जा रही है। घाटी पंचायत की युवती एकता ने बताया कि उसके माता-पिता साधारण परिवार से संबंध रखते हैं। उसने कभी सपने में भी यह बात नहीं सोची थी कि वह कभी मर्चेंट नेवी में नौकरी करेंगी। वहीं, मलोट की अंशिता व वंशिता, नगरोटा की सुमेघना और छत्तेहर की अंशिका वालिया ने बताया कि मर्चेंट नेवी के बारे में कैप्टन पराशर द्वारा कुछ समय पूर्व विभिन्न स्थानों पर सेमीनार आयोजित किए गए थे। ऊना की तमन्ना, बढ़लठोर से नितिका कुमारी, गरली से शिल्पा, शिमला से हर्षा और योल की अंशिता ने कहा कि संजय पराशर क्षेत्र व प्रदेश की बेटियों के लिए फरिश्ता बनकर आए हैं और घरद्वार पर ही प्रतिष्ठित कंपनियों में मर्चेंट नेवी में रोजगार उपलब्ध के स्वर्णिम अवसर उपलब्ध करवा रहे हैं। वहीं, संजय पराशर का कहना था कि अगर समाज में गरीबी उन्मूलन के लिए काम करना है तो बेरोजगारी के दुष्चक्र को हर हाल में तोड़ना होगा।




मर्चेंट नेवी में चयनित हुई बेटियों के साथ संजय पराशर सामूहिक चित्र में।

# जावा ने बाइक्स की प्रमोशन के लिए कच्छियारी से निकाली रैली



मंडी-पठानकोट एनएच पर कच्छियारी स्थित जावा मोटरसाइकिल्स के शोरूम से बाइक्स की प्रमोशन के लिए रैली में जाने के लिए तैयार बाइकर्स।

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां**

टू-व्हीलर निर्माता कंपनी जावा मोटरसाइकिल्स ने सोमवार को मंडी-पठानकोट एनएच पर कच्छियारी स्थित अपने शोरूम से बाइक्स की प्रमोशन के लिए रैली निकाली।

यह रैली कच्छियारी से शुरू हुई और मटौर, गगल, शीला चौक, योल, 53 मील से होते हुए वापस शोरूम लौटी। सोमवार को रैली के जरिए जिन मॉडल्स की प्रमोशन की गई उनकी एडवांस बुकिंग चल रही है। शोरूम के मालिक सतीश कुमार ने बताया कि उनके पास जावा रेंज के सात मॉडल्स जावा क्लासिक, जावा 42 (2.1), जावा पर्क, जावा 42 बॉबर आदि उपलब्ध हैं। इसके अलावा यज्डी के तीन मॉडल्स रोडस्टर, स्क्रैंब्लर आदि हैं। ये मॉडल्स पहाड़ी रास्तों के लिए परफेक्ट हैं और एवरेज में बेमिसाल हैं। जावा शोरूम में लोन पर भी बाइक्स के मॉडल्स खरीदे जा सकते हैं। सीएसडी कैंटीन के जरिए भी इस शोरूम में खरीददारी का ऑप्शन है।

**कार्यक्रम** | स्कूल के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह के दौरान होनहारों को किया सम्मानित

# अलोह स्कूल में 'भेडां तेरियां ओ' गाने पर मचाया धमाल

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा**

जिला कांगड़ा के छोर पर स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अलोह में सोमवार को वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह बड़ी धूमधाम से मनाया गया। समारोह का आगाज सरस्वती मां के आगे दीप प्रज्वलित कर और सरस्वती वंदना के साथ हुआ।

इस समारोह में कर्मचारी कल्याण बोर्ड के पूर्व उपाध्यक्ष सुरेंद्र मनकोटिया बतौर मुख्यातिथि उपस्थित हुए। मुख्यातिथि को स्कूल प्रधानाचार्य नीरज कंवर और स्टाफ सदस्यों ने शॉल, टोपी व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। स्कूल के प्रधानाचार्य ने मुख्यातिथि के सामने स्कूल की वार्षिक रिपोर्ट पढ़ी तथा स्कूल में बच्चों के द्वारा पढ़ाई सहित अन्य गतिविधियों में स्कूल का नाम रोशन किए जाने को लेकर अवगत करवाया। स्कूल के बच्चों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। इसमें बच्चों ने पहाड़ी नाटी, मोबाइल के दुष्प्रभाव पर लघु नाटक, लेजी डांस, भांगड़ा, हिंदी, पंजाबी, हरियाणवी व पहाड़ी गानों पर एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां देकर उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया। वहीं, बावन गज का दामन पहर मटक के चलूंगी, भेडां तेरियां ओ गानों सहित गिद्दे को दर्शकों ने खूब सराहा।

मुख्यातिथि सुरेंद्र मनकोटिया ने मेधावी छात्रों को सम्मानित किया। इस दौरान मुख्यातिथि सुरेंद्र सिंह मनकोटिया ने अपने संबोधन में कहा कि मोबाइल की लत किशोरों, युवाओं, बच्चों हर वर्ग के लिए हानिकारक हो सकती है। केवल सीमित समय में ही मोबाइल का उपयोग करने से मोबाइल से होने वाली बीमारियों का शिकार होने से बचा जा सकता है। वहीं, उन्होंने बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ खेलों की ओर अपना ध्यान देने के लिए भी प्रेरित किया। उन्होंने खेलकूद प्रतियोगिता में पहला, दूसरा व तीसरा स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को बधाई दी। इस दौरान एसएमसी प्रधान लक्की ठाकुर, रिटायर्ड डिप्टी डायरेक्टर गुरजीवन सिंह, स्कूल स्टाफ सदस्य और बच्चों के अभिभावकों सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह के दौरान छात्रों ने दी एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां। इस दौरान गिद्दा डालती छात्राएं।

### कार्यक्रम के दौरान होनहारों पर बरसे इनाम

**मुख्यातिथि** सुरेंद्र मनकोटिया ने अपने संबोधन में कहा कि मोबाइल की लत किशोरों, युवाओं, बच्चों हर वर्ग के लिए हानिकारक हो सकती है। इसलिए जितना हो सके मोबाइल से दूर रहे। वहीं, उन्होंने कार्यक्रम के दौरान मेधावी छात्रों को सम्मानित भी किया।

## कुश्ती संघ पर बवाल देर से हुआ शांत

**भारतीय** कुश्ती संघ (डब्ल्यूएफआई) में मचे बवाल पर अब विराम लग गया है। खेल मंत्रालय ने हाल ही में हुए कुश्ती संघ के चुनाव को रद्द कर नेक काम किया है। जिस तरीके से महिला पहलवानों के साथ ज्यादती हुई, उसे देखते हुए तो यह निर्णय बहुत पहले ही ले लेना चाहिए था। खैर, देर आए, दुरुस्त दुरुस्त आए। खेल मंत्रालय ने नवनियुक्त अध्यक्ष संजय सिंह को भी सस्पेंड कर दिया है। दरअसल, संजय सिंह बृजभूषण सिंह के करीबी थे और वे बृजभूषण की कठपुतली बनकर काम कर रहे थे। सरकार ने संजय सिंह के चयन को चुनाव नियमों के खिलाफ बताया और आखिर बड़ा निर्णय लेकर प्रताड़ित पहलवानों को न्याय दिलाया। इसे विडंबना ही कहेंगे कि सरकार ने निर्णय लेने में विलंब किया। अगर सरकार समय रहते निर्णय ले लेती, तो पहलवान साक्षी मलिक को रिटायरमेंट का ऐलान न करना पड़ता और न ही बजरंग पूनिया को अपना पद्मश्री अवॉर्ड सरकार को वापस करना पड़ता। इन घटनक्रमों से देश ही नहीं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय मंच पर भी भारत की भद पिटी है। कुश्ती संघ को आखिर सस्पेंड क्यों करना पड़ा? इसके पीछे की वजह यह है कि कुश्ती संघ ने जूनियर नेशनल चैंपियनशिप उत्तर प्रदेश के गोंडा में कराने का ऐलान किया था। गोंडा भाजपा सांसद बृजभूषण सिंह का गढ़ है। संजय सिंह का यही फैसला उन पर भारी पड़ गया। दरअसल, संघ के इस फैसले को लेकर साक्षी मलिक ने कई गंभीर सवाल उठाए थे। उन्होंने सोशल मीडिया 'एक्स' पर लिखा था कि मैंने कुश्ती छोड़ दी है, पर कल रात से परेशान हूं। मुझे जूनियर महिला पहलवान फोन करके बता रही हैं कि दीदी इस 28 तारीख से जूनियर नेशनल होने हैं और नई कुश्ती फेडरेशन ने इसे गोंडा में करवाने का फैसला किया है। अब आप सोचिए कि जूनियर महिला पहलवान किस माहौल में कुश्ती लड़ने वहां जाएंगी। खेल मंत्रालय तर्क दे रहा है कि इस फैसले में डब्ल्यूएफआई के संविधान के प्रावधानों का पालन नहीं किया गया था। नवनिर्वाचित कार्यकारी निकाय का फैसला डब्ल्यूएफआई के प्रावधानों और नेशनल स्पोर्ट्स डेवलपमेंट कोड का उल्लंघन है। ऐसे फैसले कार्यकारी समिति लेती है। इस फैसले में भी नए अध्यक्ष की मनमानी साफ झलकी। खेल मंत्रालय ने कहा, ऐसा लगता है कि नया कुश्ती संघ खेल संहिता की पूरी तरह अनदेखी कर रहा है और इस पर पिछले पदाधिकारियों का कंट्रोल है। कुश्ती संघ पिछले एक साल से विवादों में था। देश की कई बड़ी महिला पहलवानों ने डब्ल्यूएफआई के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण सिंह पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया था। इतना ही नहीं, मामले को लेकर पहलवानों ने जंतर-मंतर पर प्रदर्शन भी किया था। साथ ही कुश्ती संघ को भी भंग कर दिया था। इसके बाद दोबारा चुनाव हुए, जिसमें संजय सिंह को जीत मिली। भारतीय कुश्ती संघ को लेकर विवाद और पहलवानों के दंगल के बीच सरकार ने बड़ा फैसला लेकर मामला फिलहाल शांत तो कर दिया है, लेकिन आने वाले समय में कुश्ती संघ में क्या गुल खिलते हैं यह तो वक्त ही बताएगा। उम्मीद की जानी चाहिए कि समय के साथ सब ठीक हो जाएगा।

# सात समंदर पार बसे भारतीय बने खजाने का आधार

**भारत में धन की आवक अमेरिका से लेकर खाड़ी देशों में बसे हुए भारतीयों की मार्फत खूब हो रही है। यह तो सबको पता ही है कि भारत के बाहर से पैसा आने से देश में इंफ्रास्ट्रक्चर को और बेहतर करना संभव हो पाता है और देश का इंफ्रास्ट्रक्चर जितना मजबूत होगा, उतने ही ज्यादा उद्योग-धंधे लगेंगे और रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। एक बात समझने की है कि यह भी ध्यान रखा जाए कि भारतवंशियों या प्रवासी भारतीयों (एनआईआई) के लिए भारत एक भौगोलिक वास्तविकता मात्र नहीं है। अगर बात सिखों की करें तो उनके लिए भारत तो उनका गुरुघर है। यही स्थिति बौद्धों और जैन धर्मावलंबियों के साथ भी है। सनातनी हिंदुओं को भारत के अलावा कुछ दिखाई ही नहीं देता है, इसलिए इनकी भारत के प्रति निष्ठा सदैव बनी रहती ही है। भारत सिखों के लिए एक पवित्र भूमि है। शेष भारतवंशियों के संबंध में और भारत में जन्मे धर्म मानने वालों के बारे में भी कमोबेश यही कहा जा सकता है। एक बात पर गौर करें कि भारतवंशी विदेशों में बसे चीनियों की तुलना में उन देशों में सियासत भी करते हैं, जहां जाकर भारतवंशी बस जाते हैं। यह नए देश की सियासत में आसानी से सक्रिय हो जाते हैं। इधर, कुछ सालों में यह भी देखा जा रहा है कि अन्य देशों में बस गए भारतीय किसी एक दल या नेता के साथ नहीं होते। वे लगभग सभी दलों में होते हैं। इसका उदाहरण मॉरिशस से ले सकते हैं।**



लेखक
आरके सिन्हा
(लेखक, वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं।)

**अपने** वतन से सात समंदर दूर कामकाज के लिए गए भारतीयों ने देश के खजाने को लबालब भर दिया है। उन्होंने चालू साल 125 बिलियन डॉलर यानी करीब 136 अरब रुपए भारत में भेजे। विश्व बैंक की हाल ही में आई एक रिपोर्ट के अनुसार, भारत से बाहर रहने वाले लाखों भारतीयों ने साल 2022 की तुलना में 11 फीसदी से अधिक धन चालू साल में स्वदेश भेजकर अपने देश से प्रेम का सशक्त परिचय दिया। भारत के बाद मैक्सिको और चीन को अपने देशवासियों से पैसा मिला। हालांकि, भारत की तुलना में इन दोनों देशों को अपनी आबादी के अनुपात में बहुत कम धन मिला। मैक्सिको को 67 बिलियन और चीन को मात्र 50 बिलियन डॉलर मिले। बात बहुत साफ है कि संसार के कोने-कोने में रहने वाले भारतीयों ने अपने देश के खजाने को अपने धन से लबालब भर दिया है। यह उनकी अपनी मातृभूमि के प्रति अद्भुत प्रेम दर्शाता है। भारतीय संसार के किसी भी भाग में चल जाएं, पर उनकी पहचान भारतीय के रूप में ही होती है। उन्हें भारत से बाहर बसने के सालों, दशकों तो छोड़िए, कई पीढ़ियों के बाद भी भारतीय ही माना जाता है।

भारतीय अफ्रीका, कनाडा, अमेरिका, ब्रिटेन त्रिनिदाद, गुआना, मॉरिशस, फिजी आदि देशों में बसने के बाद भी अपने को भारत से कभी दूर नहीं कर पाते। भारतीय अपने खानपान और वेशभूषा के स्तर पर भी सदा भारतीय ही बने रहते हैं। दिवाली और होली, रक्षाबंधन, छठ, करवा चौथ, नवरात्रि, शादी समारोह आदि अवसरों पर भारतीय महिलाएं आमतौर पर साड़ी ही पहनती हैं। इनके घरों में ज्यादातर भारतीय व्यंजन ही पकते हैं, लेकिन ये जिस देश में भी जाकर बसे वहां की भाषा, खानपान और वेशभूषा को भी आसानी से अपना लेते हैं। आप रविवार को किसी भी चर्च में जाकर देख लें। वहां पर आपको साड़ी पहन कर आईं मसीही स्त्रियां मिलेंगी। यही दृश्य मंदिरों में भी मिलेगा। यानी वेशभूषा हर भारतीय की एक जैसी ही है। आपको भारतीय खाड़ी के देशों के कठिन हालात से लेकर अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, ब्रिटेन और यूरोप के तमाम देशों में आईटी सेक्टर से लेकर तमाम दूसरे कामों को करते हुए मिलेंगे। चूंकि आमतौर पर भारतीय मितव्ययी होते हैं, इसलिए वे कमाकर पैसा अपने देश भेज देते हैं। जाहिर है, उनके भेजे धन से देश की आर्थिक स्थिति मजबूत होती है तो कहना होगा कि भारत की मजबूत आर्थिक सेहत के लिए हमारे उन



अनाम भारतीयों का भी कम बड़ा योगदान नहीं है, जो हर साल भारत में पैसा भेजते हैं। हालांकि, आमतौर पर मीडिया में ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक, वर्ल्ड बैंक के अध्यक्ष अजय बंगा या केन्या के हॉकी के महान खिलाड़ी अवतार सिंह सोहल जैसों की ही चर्चा होती है।

बेशक, भारत के बाहर बसे सारे भारतीय ही सही माने में हमारे ब्रांड एंबेस्डर भी हैं। इनकी वजह से ही विदेशी मूल के परिवारों में भारत के प्रति और भारतीय रस्म-रिवाजों के प्रति झुकाव बढ़ता चला जा रहा है। मैं दिल्ली में छतरपुर के पास एक विवाह समारोह में गया। लड़का बंगाली है और लड़की आयरिश, लेकिन जब वर-वधू मेरा पैर छूने आए तो साड़ी-गहनों में सजी सिंदूर से मांग भरी लड़की को देखता ही रह गया। मजे की बात तो यह रही की आयरिश दुल्हन को आयरलैंड से आए हुए उनके पिता और लड़की के दो बड़े भाई मुझसे मिलवाने को ले आए। इसी तरह पिछले माह मुझे एक बिहारी लड़के की शादी में आमंत्रित किया गया था, जो कि एक ऑस्ट्रिया की लड़की से शादी कर रहा था। ये सब भारतीयों के प्रति आकर्षण दर्शाती हैं। इन प्रवासी भारतवंशियों के हितों को लेकर केंद्र और राज्य सरकारों को भी हमेशा नई-नई योजनाओं को लाते रहना चाहिए। उन्हें उनके निवेश पर बेहतर रिटर्न भी दिया जाए, ताकि वे अधिक से अधिक धन देश में भेजते रहें। जिस मुल्क का विदेशी मुद्रा भंडार भरा होता है, वह उतनी ही तेजी से प्रगति की राह पर बढ़ता है। असली बात यह है कि देश में पैसा आना चाहिए। पैसा चाहे अमेरिका की सिलिकॉन वैली में काम करने वाले भारतीय आईटी इंजीनियर भेज रहे हों या फिर दुबई या खाड़ी के किसी भाग में काम करने वाले कुशल -अकुशल मजदूर। भारत में धन की आवक अमेरिका से लेकर खाड़ी देशों में बसे हुए भारतीयों की मार्फत खूब हो रही है। यह तो सबको पता ही है कि भारत के बाहर से पैसा आने से देश में इंफ्रास्ट्रक्चर को और बेहतर करना संभव हो पाता है और देश का इंफ्रास्ट्रक्चर जितना मजबूत होगा, उतने ही ज्यादा उद्योग-धंधे लगेंगे और रोजगार के अवसर बढ़ेंगे।

एक बात समझने की है कि यह भी ध्यान रखा जाए कि भारतवंशियों या प्रवासी भारतीयों (एनआरआई) के लिए भारत एक भौगोलिक वास्तविकता मात्र नहीं है। अगर बात सिखों की करें तो उनके लिए भारत तो उनका गुरुघर है। यही स्थिति बौद्धों और जैन धर्मावलंबियों के साथ भी है। सनातनी हिंदुओं को भारत के अलावा कुछ दिखाई ही नहीं देता है, इसलिए इनकी भारत के प्रति निष्ठा सदैव बनी रहती ही है। भारत सिखों के लिए एक पवित्र भूमि है। शेष भारतवंशियों के संबंध में और भारत में जन्मे धर्म मानने वालों के बारे में भी कमोबेश यही कहा जा सकता है। एक बात पर गौर करें कि भारतवंशी विदेशों में बसे चीनियों की तुलना में उन देशों में सियासत भी करते हैं, जहां जाकर भारतवंशी बस जाते हैं। यह नए देश की सियासत में आसानी से सक्रिय हो जाते हैं। इधर, कुछ सालों में यह भी देखा जा रहा है कि अन्य देशों में बस गए भारतीय किसी एक दल या नेता के साथ नहीं होते। वे लगभग सभी दलों में होते हैं। इसका उदाहरण मॉरिशस से ले सकते हैं। वहां तो सभी प्रमुख दलों के नेता भी भारतवंशी ही हैं। लघु भारत कहे जाने वाले सूरीनाम में भारतवंशी चंद्रिका प्रसाद संतोखी राष्ट्रपति हैं।

संतोखी ने पूर्व सैन्य तानाशाह देसी बॉउट्र्स की जगह ली है। संतोखी देश के न्यायमंत्री व प्रोग्रेसिव रिफॉर्म पार्टी (पीआरपी) के नेता रहे हैं। अगर बात ब्रिटेन की मौजूदा संसद की कर लें तो वहां प्रधानमंत्री ऋषि सुनक के अलावा 15 भारतवंशी सांसद हैं। इनमें से सात कंजरवेटिव पार्टी से और इतने ही लेबर पार्टी से हैं। कनाडा की संसद में भी भारतीय भरे हुए हैं। कनाडा में कुछ हद तक स्थिति अलग है। वहां चंद खालिस्तानी तत्व भी भारत को बदनाम करने की लगातार चेष्टा करते रहते हैं, पर भारत को शक्ति मिलती है उन अनाम भारतीयों से जो देश के प्रति अपनी निष्ठा और प्रेम का परिचय देते रहते हैं मोटा धन अपने वतन में भेजकर। कहना न होगा कि इन भारतीयों पर गर्व है पूरे भारत को और भारतवासियों को ।

## बोलता है कैमरा...



जोगिंद्रनगर। न्यू क्रिसेंट सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल जोगिंद्रनगर में क्रिसमस धूमधाम से मनाया गया। नर्सरी से कक्षा तीसरी के नन्हे-मुन्ने बच्चे सांता क्लॉज के भेष में आकर्षक लग रहे थे। कक्षा आठवीं के बच्चों ने कार्ड मेकिंग, ट्री मेकिंग, कैप मेकिंग आदि में भाग ले कर क्रिसमस के महत्व को प्रस्तुत किया। स्कूल की प्रधानाचार्य शशिकिरण और स्कूल के निदेशक विजय शर्मा ने सभी को बधाई दी।

## प्रेरक कथा



## दूसरों से तुलना करना ठीक नहीं

**एक कौआ सो**चने लगा कि पंछियों में मैं सबसे ज्यादा कुरूप हूं। न तो मेरी आवाज अच्छी है, न ही मेरे पंख सुंदर हैं। मैं काला-कलूटा हूं। ऐसा सोचने से उसके अंदर हीनभावना भरने लगी और वह दुखी रहने लगा। एक दिन एक बगुले ने उसे उदास देखा, तो उसकी उदासी का कारण पूछा। कौवे ने कहा, 'तुम कितने सुंदर हो, गोरे-चिट्टे हो, मैं तो बिलकुल स्याह वर्ण का हूं। मेरा तो जीना ही बेकार है। ' बगुला बोला, 'दोस्त मैं कहां सुंदर हूं। मैं जब तोते को देखता हूं, तो यही सोचता हूं कि मेरे पास हरे पंख और लाल चोंच क्यों नहीं है।' अब कौए में सुंदरता को जानने की उत्सुकता बढ़ी। वह तोते के पास गया बोला, 'तुम इतने सुंदर हो, तुम तो बहुत खुश होते होंगे?' तोता बोला, 'खुश तो था, लेकिन जब मैंने मोर को देखा, तब से बहुत दुखी हूं, क्योंकि वह बहुत सुंदर होता है।' कौआ मोर को ढूंढने लगा, लेकिन जंगल में कहीं मोर नहीं मिला। जंगल के पक्षियों ने बताया कि सारे मोर चिड़ियाघर वाले पकड़ कर ले गए हैं। कौआ चिड़ियाघर गया, वहां एक पिंजरे में बंद मोर से जब उसकी सुंदरता की बात की, तो मोर बहुत जोर से रोने लगा और बोला, 'शुक्र मनाओ कि तुम सुंदर नहीं हो, तभी आजादी से घूम रहे हो, वरना मेरी तरह किसी पिंजरे में बंद होते।' इससे हमें यही शिक्षा मिलती है कि दूसरों से तुलना करके दुखी होना बुद्धिमानी नहीं है। असली सुंदरता हमारे अच्छे कार्यों से आती है।

# देव चुंज्याला मंदिर में उल्टी लगी है टांकरी की पट्टिका



लेखक
डॉ. कमल के प्यासा
प्ररूथी 108/6, समखेतर, जिला मंडी।

**देव मंदिर चुंज्याला के छोटे से गर्भगृह के ठीक मध्य में एक छोटी सी शिव लिंग जैसी देव चुंज्याला की पिंडी स्थापित है। गर्भगृह के बाहर, प्रवेशद्वार के पास ही छोटा सा हवन कुंड बना देखा जा सकता है। प्रदक्षिणा पथ के बाहर आधार पर एक टांकरी का शिलालेख पढ़ने को मिलता है, जिससे मंदिर निर्माण की सारी जानकारी मिल जाती है...**

**देव** चुंज्याला मंदिर थाची के देवी हिडिंबा मंदिर से चार किलोमीटर चलने के बाद ऊपर चोटी पर स्थित चुंज्याला गढ़ के निकट पड़ता है। इस मंदिर तक पहुंचने के लिए मंडी जिला के इलाका सराज के बालीचौकी खंड के गांव थाची से होकर ऊपर की ओर जाना पड़ता है। पहाड़ी शैली में बना यह छोटा सा मंदिर स्लेट की टाइलों की ढलानदार छत से छता गया है, जिसका अपना छोटा सा ही गर्भगृह है। गर्भगृह के बाहर प्रदक्षिणा पथ बना देखा जा सकता है। छोटा मंदिर होने के कारण ही इसके गर्भगृह का प्रवेशद्वार भी छोटा सा ही है, जिसमें सुंदर पाटों का आकार तीन फीट गुना दो फीट है। इसे आगे एक आकर्षक पीतल की सांकल से सुरक्षित किया गया है। प्रवेशद्वार की काष्ठ कला देखते ही बनती है। चौखट के दोनों ओर बाहर प्रथम खड़े थाम पर एक-एक दंडधारी द्वारपाल को खड़ी मुद्रा में उकेरा गया है।

थामों के ऊपर पड़े सरदल के ठीक मध्य में सिंह वाहन पर देवी माता को दिखाया गया है। बाहर से अंदर की ओर दूसरे वाले बाईं ओर खड़े थाम के आधार की ओर मत्स्यवाहनी देवी को और दाईं ओर के खड़े थाम के आधार पर किसी अन्य देवी को दिखाया गया है। ऊपर वाली पड़ी सरदल के मध्य में सुंदर कमल फूल की आकृति गई है। चौखट के तीसरे वाले थाम के दाईं ओर आधार पर एक शहनाई वादक और बाईं ओर खड़े थाम पर एक योद्धा को उकेरे दिखाया गया है।

ऊपर वाली पड़ी सरदल के ठीक मध्य में देव गणेश की बैठी मुद्रा की आकृति उकेरी गई है और गणेश के दोनों



ओर सुंदर नक्काशी की गई है। खड़े चौथे थाम में दोनों ओर आधार पर एक-एक सुंदर घुड़सवार को उकेरे दिखाया है। ऊपर वाली पड़ी सरदल को सुंदर बेल बूटों को उकेर कर सुसज्जित किया गया है। इसी तरह से ऊपर की अंतिम सरदल को भी एक सिंह मुख को बनाकर अलंकृत किया गया है। नीचे खड़े पांचवें थाम पर कुछ नृत्य मुद्रा में आकृतियां दिखाई गई हैं। ऊपर के सरदलों पर ही कुछ सांपों के साथ ड्रामों की आकृति जैसी एक पट्टी दिखाई गई है। पट्टी के दाईं ओर ही दो मुखौटों के मध्य सुंदर ढंग से अलंकरण किया देखा जा सकता है। बाईं ओर भी दो आकृतियों को नृत्य करते दिखाया गया है। इसी तरह सांपों के दाईं ओर एक संन्यासी को बैठे दिखाया गया है।

इन्हीं आकृतियों के साथ सात अन्य योद्धा उकेरे गए हैं, जिनके हाथों में गदा, धनुष, कृपाण, ढाल, तलवार व कुछ अन्य अस्त्र-शस्त्र देखे जा सकते हैं। शस्त्रधारियों के मध्य में ही शिव-पार्वती के साथ-साथ आगे वादकों को भी दिखाया गया है, जिनमें पहले दो शहनाई वादक, फिर ढोलक, डफली वादक व फिर एक शाहनाई वादक और इनके नीचे की ओर एक मृग को दिखाया गया है। अंत में भगवान विष्णुजी को उकेरे दिखाया है। यह सारा दृश्य भगवान शिव के शुभ विवाह को दर्शाता है। देव मंदिर चुंज्याला के छोटे से गर्भगृह के ठीक मध्य में एक छोटी सी शिव लिंग जैसी देव चुंज्याला की पिंडी स्थापित है। गर्भगृह के बाहर, प्रवेशद्वार के पास ही छोटा सा हवन कुंड बना देखा जा सकता है। प्रदक्षिणा पथ के बाहर आधार पर एक टांकरी का शिलालेख पढ़ने को मिलता है, जिससे मंदिर निर्माण की सारी जानकारी मिल जाती है, लेकिन राज मिस्त्री की अज्ञानता के कारण टांकरी की पट्टिका उल्टी लग गई है, जिसे हर कोई पढ़ भी नहीं पाता। मंदिर के आहते में कुछ बरसेलानुमा प्रतिमाएं भी देखने को मिलती हैं, जिन्हें कारदारों के बरसेले बताया जाता है।

# हर साल बढ़ते सड़क हादसे लील रहे कीमती जिंदगियां



ब्लॉगर


लेखक : नरेंद्र भारती
स्वतंत्र पत्रकार, मंडी मो : 94590 47744

यह कॉलम ब्लॉगर के लिए है। इस व्हाट्सऐप नंबर 9882400808 पर भेजें।

**केंद्र** सरकार ने यातायात को लेकर सख्त नियम बनाए हैं, लेकिन लोग नियमों का सरासर उल्लंघन कर रहे हैं और अपनी जान गंवा रहे हैं। आज के समय में यातायात इतना बढ़ चुका है कि सड़क क्रॉस करना भी मुश्किल हो जाता है। कई जगह इतना ट्रैफिक होता है कि सड़क क्रॉस करने के लिए समय लग जाता है।

देश में बढ़ती यातायात की समस्या गंभीर बनती जा रही है। करोड़ों गाड़ियां सड़कों पर दौड़ रही हैं। नाबालिग भी सड़कों पर बेखौफ गाड़ियां दौड़ा रहे हैं और दुर्घटना में अपनी जान गंवा रहे हैं। नाबालिग वाहन चालाकों पर कड़े कानून बनाए गए हैं, लेकिन लोग फिर भी नहीं मान रहे हैं। ट्रैफिक नियमों के अनुसार गाड़ी चलाना हर किसी की नैतिक जिम्मेदारी है। सरकार ने नियम देश के नागरिक को सुरक्षित रखने के लिए बनाए हैं, लेकिन कहां लोग इस बात को समझ पा रहे हैं।

बढ़ती सड़क दुर्घटनाएं चिंता का कारण बन रही हैं। यातायात का यह दानव पैदल चलने वाले लोगों की जान लील रहा है। सड़क दुर्घटनाओं में वाहन चालकों की लापरवाही से पैदल यात्री भी चपेट में आ रहे हैं, जिससे निर्दोष लोग मौत का ग्रास बन रहे हैं, जो चिंतनीय है। वहीं, सड़कों के किनारे खड़े वाहन भी दुर्घटनाओं का कारण बन रहे हैं और पैदल चलने वाले राहगीरों को भी कई तेज रफ्तार वाहन कुचलकर चले जाते हैं। देश में करोड़ों वाहन पंजीकृत हैं। लोग सड़कों के किनारे गाड़ियां पार्क कर देते हैं, जिससे पैदल यात्रियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। सरकार को चाहिए कि जो वाहन खरीद रहा है। पहले उससे पार्किंग की व्यवस्था का प्रमाण पत्र लिया जाए, तभी वाहन खरीदने की अनुमति दी जाए। सड़क किनारे वाहन खड़े करने वालों की गाड़ियों को जब्त किया जाए, ताकि सड़क दोनों तरफ सें खाली हो और पैदल चलने वाले लोगों को कोई डर न हो। क्योंकि सड़क किनारे खड़े वाहनों की वजह सें लोगों को परेशान होना पड़ता है और प्रतिदिन हजारों लोग मारे जा रहे हैं। कई सड़क दुर्घटना में अपने अंग खो देते हैं। उनके लिए एक दुर्घटना जीवन भर का सदमा बन जाती है। प्रतिवर्ष सड़क सुरक्षा व्यवस्था मजबूत बनाने के लिए करोड़ों खर्च किए जाते हैं, लेकिन नतीजा कुछ नहीं निकलता है। हाल ही की रिपोर्ट के अनुसार, एक जनवरी, 2023 से लेकर 20 दिसंबर, 2023 तक कई लोगों ने सड़क हादसे में जान गंवाई है, जो चिंतनीय है। वर्ष 2023 के पहले सप्ताह से ही लोग सड़क हादसों में मारे जा रहे हैं। हर रोज देश में मौत का तांडव हो रहा है। 11 से 17 जनवरी 2023 तक पूरे भारतवर्ष में सड़क सुरक्षा सप्ताह मनाया गया। मगर ऐसे आयोजन औपचारिकता भर रह गए हैं। क्योंकि प्रशासन की ओर से लोगों को इन सात दिनों में यातायात के नियम बताए जाते हैं। उसके बाद फिर पूरा वर्ष लोग अपनी मनमानी करते हैं और यातयात नियमों का उल्लंघन करते हैं। इस तरह अपनी जान गंवाते हैं।



## आपका पत्र

**टेक्नोलॉजी** का उचित प्रयोग किया जाए, तो लाभकारी सिद्ध होती है और दुरुपयोग हानिकारक। डिजिटल इंडिया और अन्य हर क्षेत्र के लिए इंटरनेट का बहुत उपयोग है। इंटरनेट के जरिए घर बैठे हर तरह के बिल की अदायगी की जा सकती है। युवा घर बैठे ही अपने भविष्य को उज्ज्वल बनाने की तैयारी कर सकते हैं। आजकल मोबाइल दूरसंचार कंपनियों की आपसी प्रतिस्पर्धा के कारण इंटरनेट उपभोक्ता कम दाम पर उपलब्ध हो रहे हैं, जिसने खासतौर युवा पीढ़ी को बहुत प्रभावित किया है। युवा पीढ़ी को चाहिए कि वो इसका प्रयोग अपने भविष्य को उज्ज्वल और अपना ज्ञान बढ़ाने के लिए प्रयोग करे, ताकि उनके लिए यह वरदान साबित हो। सोशल मीडिया को कुछ लोग मात्र टाइम पास का जरिया मानते हैं और शरारती तत्व इसका दुरुपयोग करते हैं, लेकिन इसके दुरुपयोग को रोकने के लिए सरकार भी ढुलमुल रवैया अपनाए हुए हैं। कुछ लोग फेक न्यूज या मनगढ़ंत तथ्यों को भी सोशल साइट्स पर शेयर कर देते हैं, जो गलत है। जो लोग अफवाहें या भ्रांतिया सोशल मीडिया पर फैलाते हैं, उन पर शिकंजा कसने के लिए भी सरकार को प्रयास करने चाहिए, ताकि कोई अफवाह किसी के लिए मुसीबत न बने। अगर किसी को कोई अफवाह सोशल मीडिया पर नजर आती है, तो उसकी शिकायत तुरंत संबंधित सोशल मीडिया के हेल्प डेस्क, मीडिया और पुलिस को देनी चाहिए। - **सुमित कुमार, नादौन।**

यह कॉलम आपके लिए है। कृपया अपनी समस्याएं व्हाट्सऐप नंबर 9882400808 पर भेजें।

## हर हाथ अनंत ज्ञान


कुल्लू के ढालपुर में स्थानीय व्यक्ति रामनिवास अनंत ज्ञान पढ़ते हुए।


नर्सिंग कॉलेज सुंदरनगर के एमडी तेज राम, नर्सिंग कॉलेज सुंदरनगर के चेयरमैन हेमराज पठानिया व रत्ती पंचायत के पूर्व प्रधान श्यामलाल अनंत ज्ञान पढ़ते हुए।


कुल्लू जिले की खराहल घाटी की पूजा ठाकुर अनंत ज्ञान पढ़ती हुई।


ढालपुर की दिव्या और तब्बू अनंत ज्ञान पढ़ती हुई।


कुल्लू के वीर सिंह अनंत ज्ञान समाचार पढ़ते हुए।


कुल्लू के रिगजिन संदुप और दुंदुप ढिल्ले अनंत ज्ञान पढ़ते हुए।


कुल्लू के लोअर ढालपुर के श्याम अनंत ज्ञान पढ़ते हुए।


महालक्ष्मी जनरल स्टोर लोअर ढालपुर के विजय कुमार अनंत ज्ञान पढ़ते हुए।


कुल्लू के सुल्तानपुर निवासी शुभ देव अनंत ज्ञान पढ़ते हुए।


कुल्लू के संजीव डोगर अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते हुए।

# आपदा के जख्मों को मरहम लगा गया क्रिसमस

## इस बार बरसात में कुल्लू-मनाली और लाहौल में हुआ था काफी नुकसान, पर्यटन कारोबार हो गया था ठप

**कमलेश वर्मा, कुल्लू**

पर्यटन स्थल कुल्लू-मनाली व लाहौल को इस बार आपदा ने बहुत जख्म दिए थे। कुल्लू-मनाली व लाहौल में पर्यटन कारोबार पूरी तरह ठप हो गया था, क्रिसमस पर उमड़ी पर्यटकों की भीड़ आपदा के जख्मों पर मरहम लगा रही है। क्रिसमस के मौके पर कुल्लू जिले सहित लाहौल-स्पीति की अटल टनल व सिस्सू में रिकॉर्ड पर्यटक पहुंचे हैं। (अनंत ज्ञान)

### सड़कें पड़ी छोटी

पर्यटक वाहनों की संख्या के आगे मनाली की सड़कें छोटी पड़ गई हैं। सुबह व शाम को मनाली में जाम लग रहा है। पुलिस अधीक्षक लाहौल-स्पीति ने बताया कि लाहौल के पर्यटन स्थलों में भारी संख्या में पर्यटक दस्तक दे रहे हैं। ट्रैफिक सुचारु रखने के प्रयास जारी हैं। घाटी में पर्यटकों की आवाजाही मौसम पर निर्भर रहेगी।

### पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार दोनों जिलों में पहुंचे पर्यटक

**74** हजार 467 पर्यटक वाहनों की एंट्री दोनों जिलों में हुई

**41** हजार पर्यटक वाहन कुल्लू, मनाली, कसोल व बंजार आए

**33** हजार 467 पर्यटक वाहन लाहौल पहुंचे


क्रिसमस के अवसर पर मनाली पहुंची पर्यटकों की गाड़ियां।

**170** जवान मनाली में सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध के लिए तैनात किए हैं। माल रोड को अलग सेक्टर बनाया है। पुलिस कर्मी देर रात तक सेवाएं दे रहे हैं। डीएसपी मनाली केडी शर्मा ने बताया कि पूरे शहर में 70 होमगार्ड और पुलिस के लगभग 100 अतिरिक्त जवान तैनात किए हैं।

### ट्रैफिम जाम बनी बड़ी समस्या

एसपी कुल्लू साक्षी वर्मा ने बताया कि क्रिसमस पर भारी संख्या में पर्यटक जिले के विभिन्न पर्यटन स्थलों में पहुंचे हैं। जगह-जगह ट्रैफिक जाम लग रहा है, लेकिन पुलिस जवान देर रात तक ट्रैफिक सुचारु करने में जुटे हुए हैं।

### मनाली में डीजे की धुन पर क्रिसमस का जश्न

क्रिसमस पर्व पर मनाली में खूब धमाल मचा। दिन पर पर्यटकों ने पर्यटन स्थलों में सैर सपाटे का लुत्फ लिया और शाम होते ही माल रोड और अपने-अपने होटलों में डीजे की धुन पर धमाल मचाया। मालरोड पर विंटर कार्निवाल कमेटी ने पर्यटकों के लिए डीजे की व्यवस्था की थी। माल रोड सहित होटलों में डीजे की धुन में देर रात तक पर्यटक झूमते रहे। होटलों में 85 से 90 प्रतिशत के बीच ऑक्यूपेंसी चल रही है। सोमवार को माल रोड पर भीड़ इतनी थी कि तिल धरने तक की जगह नहीं थी। होटलों में पर्यटकों के लिए कई आकर्षक प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया। पर्यटन कारोबारी रोशन ठाकुर, रवि व्यास, राजू, बंशी ने बताया कि नववर्ष से पहले क्रिसमस के लिए पर्यटन नगरी मनाली में सैलानियों का भारी सैलाब उमड़ा है।

# अक्षत कलश यात्रा रामशिला से ढालपुर हनुमान मंदिर पहुंची

**सुरेंद्र तिबोगपा, कुल्लू**

भगवान राम के अयोध्या में बन रहे नवनिर्मित राम मंदिर में राम लला प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव मनाया जा रहा है और इसी संदर्भ में पूजित अक्षत कलश यात्रा का आयोजन किया गया।

सोमवार को राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव गृह संपर्क अभियान के अंतर्गत रामशिला स्थित हनुमान मंदिर से शोभायात्रा निकाली गई और इसी दौरान रघुनाथपुर स्थित राम मंदिर से पूजित अक्षत कलश यात्रा निकाली गई। इसके बाद पूजित अक्षत कलशों के साथ शोभायात्रा को शुरू किया गया, जो कि ढालपुर स्थित न्यायिक परिसर के प्रांगण में स्थित हनुमान मंदिर तक पहुंच कर हनुमान चालीसा के पाठ के साथ संपन्न किया गया।


शोभायात्रा को रवाना करते भगवान रघुनाथ के मुख्य छड़ीबरदार महेश्वर।

पूजित अक्षत कलशों को कुल्लू नगर की 10 बस्तियों में भेजा जाएगा। 22 जनवरी को अयोध्या में राम लला की प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर अभी से तैयारियां चल रही हैं। पूजित अक्षत कलश यात्रा के सह संयोजक दिले राम ठाकुर ने बताया कि अयोध्या से लाई गई पूजित अक्षत को गृह संपर्क अभियान के तहत जिले के हर घर तक अक्षत कलश को पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। (अनंत ज्ञान)

# चंद्रा नदी में उतारी थार घटना का वीडियो वायरल

**अनंत ज्ञान, केलांग**

जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति व कुल्लू-मनाली में क्रिसमस के लिए सैलानियों का तांता लगा हुआ है।

ऐसे में कई पर्यटक यातायात नियमों की अवहेलना करने के साथ-साथ अपनी जान भी जोखिम में डाल रहे हैं। ऐसा ही एक मामला लाहौल-स्पीति की चंद्रभागा नदी में सामने आया है। यहां पर एक सैलानी ने अपनी थार गाड़ी ही नदी में उतार दी, जिसका सोशल मीडिया में वीडियो वायरल हुआ है। लाहौल-स्पीति पुलिस ने वीडियो वायरल होने के बाद तुरंत कार्रवाई करते हुए इस वाहन के मालिक के खिलाफ यातायात नियमों की अवहेलना करने पर 3500 रुपए का चालान काटा है। यातायात नियमों की पालना हो, इसके लिए लाहौल-स्पीति और कुल्लू पुलिस के जवान जगह-जगह पर माइनस तापमान में भी अपनी सेवाएं दे रहे हैं।


चंद्रा नदी में उतारी थार।

## न्यूज ब्रीफ

### 26 अप्रैल 2010 की विकल्प शर्त हटाए सरकार


बैठक में मौजूद संघ के जिला प्रधान कुंदन शर्मा व अन्य।

**कुल्लू।** हिमाचल प्रदेश पदोन्नत प्रवक्ता संघ जिला कुल्लू की एक बैठक का आयोजन संघ के जिला प्रधान कुंदन शर्मा की अध्यक्षता में अटल सदन कुल्लू में किया गया। बैठक में सर्वप्रथम संघ के पूर्व जिला प्रधान मनोज कुमार को विदाई पार्टी दी गई। संघ ने सरकार से 26 अप्रैल 2010 की विकल्प के शर्त को वापस लेने की मांग की। जिला प्रधान कुंदन शर्मा ने कहा कि पूर्व सरकार ने 26 अप्रैल 2010 की टीजीटी से मुख्य अध्यापक अथवा प्रवक्ता पद पर पदोन्नति के लिए विकल्प की शर्त को हटाने के विषय में बजट घोषणा में स्वीकृति प्रदान कर दी थी, किंतु उसे पूरी तरह से सिरे नहीं चढ़ाया जा सका। बैठक में सरकार की ओर से 30 किलोमीटर के भीतर दैनिक भत्ता तथा यात्रा भत्ता बहाल करने की मांग की गई तथा इसे हिमाचल की भौगोलिक परिस्थितियों के प्रतिकूल बताया गया।

### पूर्व प्रधानमंत्री वाजपेयी को किया याद


प्रीणी में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित करते लोग।

**मनाली।** कुल्लू जिले में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की 99वीं जयंती मनाई गई। इस मौके पर जहां जिला भाजपा ने पूर्व प्रधानमंत्री को श्रद्धांजलि अर्पित की। वहीं, मनाली स्थित उनके गांव प्रीणी वासियों ने भी याद कर पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया। मनाली भाजपा मंडल अध्यक्ष ठाकुर दास का कहना है कि वाजपेयी का गांव के लोगों के प्रति काफी स्नेह रहा है। हम उनको कभी भी भूल नहीं सकते हैं। पूर्व प्रधानमंत्री हमारे दिल में हमेशा हैं और उनका नाम इसी तरह हमेशा रहेगा हमारे गांव वासी अटल जी को और उनके परिवार को हमेशा याद करते रहते हैं। उनकी जयंती हम हमेशा मनाते रहेंगे और उन्हें याद करते रहेंगे। पूर्व प्रधान कुंदन लाल का कहना है कि 2006 जून में पर्यावरण दिवस पर बाजपेयी द्वारा प्रीणी गांव स्कूल के प्रांगण में एक देवदार का पेड़ लगाया था वह पेड़ आज भी हरा भरा है। उस पेड़ को देखकर गांव वासी अटल जी को हमेशा याद करते हैं।

### नीना को सुधार समिति महिला विंग की कमान

**भुंतर।** भुंतर सुधार समिति की बैठक गुरुद्वारा साहिब भुंतर में समिति के अध्यक्ष मेघ सिंह कश्यप की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में समिति के पदाधिकारियों व सदस्यों ने विभिन्न मुद्दों व सामाजिक कार्यों पर विस्तार से चर्चा की। इस मौके पर डीआर आनंद खंड प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी नग्गर गांव शेरी बेहड़ ने आजीवन सदस्यता ग्रहण की, जिसके लिए भुंतर सुधार समिति के पदाधिकारियों व सदस्यों ने इनका स्वागत किया और अच्छे कार्यों के लिए डीआर आनंद व झाबे राम पहलवान को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। डीआर आनंद शिक्षा के क्षेत्र में सेवा देने के साथ एक समाज सेवी भी हैं, जो सामाजिक सरोकार में अपनी भूमिका समय पर निभाते रहते हैं। बैठक में सर्वसम्मति से नीना घई को भुंतर सुधार समिति महिला विंग की अध्यक्ष चुना गया।


### कलश यात्रा के पहुंचते ही राममय हुई मनाली

**मनाली।** अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि पर रामलला का भव्य मंदिर बनने के बाद 22 जनवरी को होने वाले प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर देशभर में आयोजित की जा रही अक्षत कलश यात्रा पर्यटन नगरी मनाली पहुंची। पर्यटन नगरी मनाली के आइबेक्स चौक में मनाली वासियों ने इस कलश यात्रा का भव्य स्वागत किया। पारंपरिक ढोल-नगाड़ों की धुन की बीच अक्षत कलश यात्रा का मनाली आइबेक्स चौक में स्वागत हुआ। संघ प्रचारक कुल्लू के उपाध्यक्ष टेक राम ठाकुर ने कहा कि अगले महीने 22 जनवरी 2024 को अयोध्या में भगवान श्री राम के भव्य मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के आलोक में यह यात्रा प्रत्येक सनातनी हिंदू परिवार को भगवान श्री राम का संदेश देगी।

### कर्मचारियों और मजदूरों की मांगें पूरी करे सरकार

**कुल्लू।** प्रदेश के कर्मचारियों और मजदूरों की लंबित मांगों को सरकार जल्द पूरी करे। यह बात कुल्लू में पत्रकार वार्ता के दौरान भारतीय मजदूर संघ के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष डाबे राम चौहान ने कही। उन्होंने कहा कि हाल ही में भारतीय मजदूर संघ का जिला अधिवेशन हुआ, जिसमें निगम और बोर्ड के कर्मचारियों के साथ-साथ मजदूर की मांगों पर मंथन हुआ। इस अधिवेशन में कार्यकारिणी ने 36 सूत्रीय मांग पत्र तैयार किया है, जिसे छह जनवरी को मुख्यमंत्री सुक्खू को सौंपा जाएगा। उन्होंने प्रदेश सरकार को चेतावनी दी कि अगर समय रहते भारतीय मजदूर संघ की मांगों पर गौर नहीं किया गया तो संघ धरना-प्रदर्शन करने पर मजबूर हो जाएगा।

### क्रिसमस पर पर्यावरण को हरा-भरा बनाने की सीख


महिला मंडल के सहयोग से ईसा मसीह के जन्मदिन पर क्रिसमस ट्री के साथ लोग।

**केलांग।** जिला लाहौल-स्पीति प्रशासन तथा स्थानीय महिला मंडल के सहयोग से स्टिंगरी में ईसा मसीह के जन्मदिन पर क्रिसमस ट्री बनाया। कार्यक्रम का शुभारंभ उपायुक्त राहुल कुमार ने किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि हमें पर्यावरण को हरा-भरा तथा स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने के लिए अधिक से अधिक पेड़-पौधे लगाने चाहिएं। राहुल कुमार ने कहा बरसात के दौरान आई आपदा के बाद लाहौल-स्पीति जिले में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए जिला प्रशासन तथा पुलिस विभाग पूरी तरह से तैयार है। उपायुक्त ने पर्यटकों से आग्रह किया कि जिला लाहौल-स्पीति को स्वच्छ और सुंदर तथा हरा-भरा बनाए रखने में जिला प्रशासन का सहयोग करें तथा कूड़ा कचरा कूड़ादान में ही डालें । इस अवसर पुलिस अधीक्षक मयंक चौधरी ने पर्यटकों की सुरक्षा के बारे में कहा नदी-नालों तथा बर्फीली चोटियों पर न जाएं। इस अवसर पर जिला वनमंडल अधिकारी अनिकेत वानेब, परियोजना अधिकारी सोनू गोयल, स्थानीय महिला मंडल, बच्चों सहित अन्य उपस्थित रहे ।

# बशकोला गांव में मकान में लगी आग

**पतलीकूहल।** जिला कुल्लू के पतलीकूहल स्थित बशकोला गांव में एक मकान में आग लगने से 15 लाख का नुकसान हुआ है।

जानकारी के अनुसार बशकोला निवासी चुनी लाल पुत्र हीरा लाल के तीन मंजिला मकान की तीसरी मंजिल में देर रात अचानक आग लग गई जिसमें तीन कमरे और सीलिंग जलकर राख हो गई। अग्निशमन विभाग पतलीकूहल के प्रभारी राज कुमार ने बताया की जैसे ही आग की सूचना मिली हम मौके के लिए रवाना हो गए। विभाग के कर्मचारियों और गांव वालों के सहयोग से आग पर काबू पाया गया और नीचे की दो मंजिलों को बचाया गया। इसमें चुनी लाल का लगभग 15 लाख का नुकसान हुआ है।

# बेस्ट हाउस बना नेहरू सदन

**अनंत ज्ञान, बंजार**

मिनर्वा पब्लिक स्कूल बंजार की ओर से वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह धूमधाम से मनाया गया। इस समारोह में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्ययक्ष तेजा ठाकुर ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की।

बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम पेशकर मेहमानों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में बच्चों को उनकी शैक्षणिक उपलब्धियों के लिए पुरस्कृत किया गया। कक्षा दसवीं में वर्ष 2022-23 में मनीषा ठाकुर व प्रियंका ठाकुर ने प्रथम स्थान हासिल किया। नेहरू सदन ने बेस्ट हाउस का खिताब हासिल किया। इसी बीच प्रधानाचार्य बलबीर दुग्गल ने वार्षिक रिपोर्ट पढ़ी, जिसमें उन्होंने अभिभावकों को विद्यालय की शैक्षणिक उपलब्धियों व बच्चों को विद्यालय में दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में बताया कि आने वाले वर्षों में बच्चों को उच्चतम सुविधाएं प्रदान करने के लिए प्रयासरत रहेंगे। मुख्यातिथि तेजा ठाकुर ने अपने भाषण में कहा कि मिनर्वा पब्लिक स्कूल के संस्थापक सदस्य हैं। उन्होंने इस दौरान बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में वशिष्ठ अतिथि के रूप में डूर सिंह ठाकुर के अलावा अन्य लोग टीसी महंत, मान सिंह, छाया ठाकुर, अश्वनी डोगरा, जसवंत सिंह आदि शामिल हुए।


वार्षिक समारोह के दौरान छात्राएं कार्यक्रम की प्रस्तुति देती हुईं।

# जंगलों में लग रही आग से फैल रहा प्रदूषण

## मधुमक्खियों और उनके फलौरा पर पड़ रहा प्रतिकूल प्रभाव, देसी मधुमक्खियों की संख्या में कमी

**मोहन कपूर, पतलीकूहल**

पिछले कई दिनों से कुल्लू के जंगल लगातार जल रहे हैं, जिससे पूरे जिले में धुंआ फैल गया है। लगभग एक माह से बारिश न होने से जंगल का घास पूरी तरह से सूख गया है, जिससे एक चिंगारी भर से जंगल आग पकड़ रहा है।

लगातार आग के कारणों का वन विभाग अभी तक सही कारण पता नहीं कर पाया है। हालांकि जंगल में लगी आग पर सबसे बड़े कारण बगीचों की सफाई के दौरान लगाई जा रही आग और जंगल से होकर गुजर रही बिजली की ट्रांसमिशन लाइनें हैं। कई लोग अपने बगीचों में सफाई के लिए आग लगा देते हैं, परंतु कई बार बगीचे की आग जंगल में फैल जाती है, जिस पर काबू पाना काफी कठिन हो जाता है। इसी प्रकार कई जगहों पर जंगल से गुजरने वाली बिजली की ट्रांसमिशन लाइन में स्पार्किंग जंगल में आग का कारण बन रही है। जंगल की आग पर काबू पाना काफी मुश्किल हो जाता है, क्योंकि जंगलों में आग बुझाने के पर्याप्त इंतजाम नहीं किए गए हैं। बड़ागढ़ के जंगल में हर वर्ष आग लगती है, जिस वजह से वन संपदा को तो करोड़ों का नुकसान पहुंचता ही है साथ में प्रदूषण के चलते सांस लेना भी कठिन हो जाता है। इस कारण बागवानों को भी काफी अधिक नुकसान उठाना पड़ता है। इस विषय को लेकर फलोत्पादक मंडल की बैठक आयोजित हुई।

मंडल के अध्यक्ष महेंद्र उपाध्याय ने कहा कि मंडल ने कार्यकारिणी समिति की बैठक में इस विषय पर गंभीरता से चर्चा की तथा निर्णय लिया कि इस विषय को सरकार व संबंधित विभाग के समक्ष समाधान हेतु उठाया जाएगा। (अनंत ज्ञान)


बड़ागढ़ के जंगलों में लगी आग का दृश्य।

### बागों में रखने पड़ रहे मधुमक्खियों के बक्से

महेंद्र उपाध्याय ने बताया कि जंगल की आग के कारण मधुमक्खियों और उनके फलौरा पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है, जिस कारण देसी मधुमक्खियों की संख्या में कमी आ रही है। यही कारण है कि बागवानों को सेब में फूल खिलने के समय अच्छे पॉलिनेशन के लिए किराए पर लेकर मधुमक्खियों के बक्से अपने बागों में रखने पड़ रहे हैं।

**परेशानी** पुलिस विभाग एनएच विभाग से लगा चुका गुहार, मलबा न हटाने पर लग रहा जाम

# बंजार में एनएच-305 पर लग रहा जाम

**शीला कौल, बंजार**

क्रिसमस व नव वर्ष के जश्न के लिए जहां हिमाचल में हसीन वादियां पर्यटकों से गुलजार हुई हैं, वहीं जिला कुल्लू-मनाली के साथ-साथ बंजार घाटी के जीभी, सोझा सहित तीर्थन फ्लाचन वैली में भी इस समय पर्यटकों के आवागमन से एनएच-305 आउटट जलोड़ी सड़क पर पर्यटक वाहनों सहित लोकल वाहनों के दवाब से बीते दो दिनों से जाम की स्थिति देखने को मिल रही है।

एनएच-305 सड़क का संकरा होने के साथ-साथ पिछले दिनों आई आपदा के बाद सड़क के किनारों से मलवा, मिट्टी, पत्थर के ढेरों को एनएच विभाग द्वारा न हटाना मुख्य कारण बन रहा है। बंजार से भेयोट मोड़ से छलूडी पानी तक सड़क के दोनों ओर पहाड़ी से गिरा मलबा, जिन स्थानों पर सड़क के डंगे गिरे हुए थे, डंगे लगाने के पश्चात् वहां से पत्थर मिट्टी नहीं उठाए गए, जिस कारण सड़क पर अभी भी पासिंग प्वाइंट न होने के कारण जाम की समस्या पैदा हो रही है। पुलिस विभाग द्वारा खुंदन से लेकर घेलीगाढ़ तक ट्रैफिक संभालने के लिए जवानों की तैनाती की गई है पर उनके भी जाम लगने के स्थिति में पसीने छूट रहे हैं। (अनंत ज्ञान)


एनएच-305 पर सड़कों में पड़े मलबे और पत्थरों का दृश्य।

### पासिंग प्वाइंट नहीं बचे हैं

थाना प्रभारी राम लाल ठाकुर का कहना है कि एनएच-305 सड़क के किनारे पर से मलबा, मिट्टी, पत्थर के ढेर को न हटाने के कारण सड़क में पासिंग प्वाइंट नहीं बचे हैं, जिस कारण जाम की स्थिति पैदा हो रही है।

### कार्य रोक दिया

एनएच-305 अधिशषी अभियंता औट-लुहरी केएल सुमन का कहना है कि सड़क के किनारे मलबा साफ करने का कार्य चला हुआ है। एक दम से वाहनों की संख्या बढ़ने के कारण कार्य रोक दिया है ओर अब पर्यटकों की आवाजाही कम होते ही कार्य शुरू हो जाएगा।

# स्पीति के 60 बच्चे कैंप में सीख रहे आइस हॉकी के गुर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, काजा**

लाहौल-स्पीति के लालूंग में आइस हॉकी के बेसिक प्रशिक्षण शिविर का आगाज हुआ, जिसका शुभारंभ एसडीएम हर्ष अमरेंद्र सिंह नेगी ने किया। इस कैंप में 60 के करीब लालूंग गांव और साथ लगते गांव के बच्चों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

आइस हॉकी एसोसिएशन लाहौल-स्पीति के सहयोग से स्पीति के विभिन्न स्थानों पर ट्रेनिंग कैंप आयोजित किए जा रहे हैं। इस अवसर पर पहुंचे एसडीएम हर्ष अमरेंद्र सिंह नेगी ने कहा कि स्पीति में आइस हॉकी को विंटर खेल के तौर पर प्रोत्साहित किया जा रहा है। यहां के बच्चों को स्टेमिना आइस हॉकी खेल के लिए बेहतरीन है। उन्हें आइस हॉकी की बेसिक से लेकर एंडवास तक कोचिंग दी जा रही है। एसडीएम हर्ष अमरेंद्र ने कहा कि लालूंग गांव के बच्चों को आइस हॉकी सीखने के लिए काजा जाना पड़ता था। उन्हें जाने में बर्फबारी के कारण खराब रास्तों में ओर दिक्कतें पेश आती थीं, लेकिन अब गांव में बेहतर आइस रिंक मिल पाएगा और कोच यहीं पर कोचिंग देंगे।


स्पीति के 60 बच्चे आइस हॉकी सीखते हुए।

## बधाइयां



दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान का प्रकाशन शुरू हो गया है, इसके लिए मैं अनंत ज्ञान की पूरी टीम को बधाई देता हूं।

**-रविकांत कपूर, अध्यक्ष, कुष्ठ रोगी कल्याण समिति, मंडी।**



अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र के प्रकाशित होने पर हार्दिक बधाई।

**-चंद्र प्रकाश शर्मा, रिटायर्ड सुपरिंटेंडेंट, स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड।**



अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र का प्रकाशन प्रदेश में मीडिया जगत के इतिहास में नए आयाम स्थापित करेगा। प्रकाशन पर संपूर्ण टीम को हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं।

**-एनआर ठाकुर, पूर्व प्रदेशाध्यक्ष, अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ।**



अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र के प्रकाशन पर हार्दिक बधाई। आशा है कि जल्द ही समाचार पत्र अग्रणी समाचार पत्रों की श्रेणी में सम्मिलित होगा।

**-ज्योत्सना हांडा, अध्यक्ष, गर्ल्स स्कूल, ओल्ड स्टूडेंट एसोसिएशन मंडी।**

## हर हाथ अनंत ज्ञान




मंडी में अर्जुन ठाकुर अनंत ज्ञान अखबार पढ़ने का आनंद लेते हुए।




गुरबख्श सिंह रिटायर्ड एसडीओ बिजली बोर्ड, अनंत ज्ञान अखबार पढ़ते हुए।




रोशन लाल कपूर, पूर्व अध्यक्ष वीर मंडल मंडी अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र पढ़ते हुए।




कल्पना शर्मा जोनल अस्पताल मंडी में दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान पढ़ती हुई।




जोगिंद्रनगर में युवा कांग्रेस के प्रवक्ता धीरज सूद अपने दोस्तों के साथ अनंत ज्ञान अखबार पढ़ते हुए।




युवा कांग्रेस अध्यक्ष जोगिंद्रनगर सौरभ ठाकुर अनंत ज्ञान अखबार पढ़ते हुए।




पंडित राम लाल शर्मा ज्योतिष विज्ञान परामर्श मंडी दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान पढ़ते हुए।




देवेंद्र शर्मा सचिव हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान पढ़ते हुए।




हेम राज सकलानी रिटायर्ड डिप्टी डायरेक्टर एग्रीकल्चर अनंत ज्ञान अखबार पढ़ते हुए।



होटलियर्स एसोसिएशन एवं रोटरी क्लब छोटी काशी के प्रधान मुनीश सूद अनंत ज्ञान अखबार पढ़ते हुए।




मनपसंद स्वीट्स के मालिक अशोक अरोड़ा दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान पढ़ते हुए।




विश्वकर्मा मंदिर के समीप मंडी ऑटो यूनियन के प्रधान ओम प्रकाश राणा समाचार पत्र अनंत ज्ञान पढ़ते हुए।




मंडी के सेरी मंच के समीप अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र पढ़ते हुए शेखर जम्वाल।




शिद्ध काली मंदिर के पास हिमांशु कश्यप अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र पढ़ते हुए।




कंचन शर्मा अध्यापिका अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ने का आनंद लेती हुई।

# ब्लॉक अध्यक्ष को पद से नहीं हटाया तो देंगे सामूहिक इस्तीफे

## जोगिंद्रनगर में युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने दी चेतावनी, संगठन को किया जा रहा है कमजोर

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

जोगिंद्रनगर युवा कांग्रेस के अध्यक्ष सौरभ ठाकुर ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू तथा कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह से मांग की है कि जोगिंद्रनगर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष को अपने पद से नहीं हटाया गया तो युवा कांग्रेस सामूहिक त्याग पत्र देने को मजबूर होगी।

युवा कांग्रेस ब्लॉक कांग्रेस के अध्यक्ष द्वारा जारी उस बयान से नाखुश थी, जिसमें जोगिंद्रनगर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सुरेंद्र ठाकुर ने जोगिंद्रनगर में तबादला, उद्घाटन तथा ठेकेदारी उद्योग चलने की बात कही थी। इससे जीवन ठकुर के गुट ने इस बयान पर नाराजगी जाहिर करते हुए उन पर कार्रवाई की मांग की है। जोगिंद्रनगर के विश्राम गृह में आयोजित बैठक में पार्षद प्यार चंद, सुमित कुमार, प्रदेश प्रवक्ता धीरज सूद, सेवा दल अध्यक्ष सरोज, सूरज, ब्लॉक कांग्रेस प्रवक्ता विवेक, कांग्रेस महिला मोर्चा अध्यक्ष ममता कपूर, अन्य वक्ताओं ने सभा को संबोधित किया,



जिसमें ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष के बयान की निंदा की गई। वक्ताओं ने कहा कि अपनी ही सरकार के होते हुए कुछ लोग संगठन को कमजोर करने में लगे हैं।

### विधायक ने ठगे लोग : जीवन

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव जीवन ठाकुर ने कहा कि जोगिंद्रनगर क्षेत्र नाजुक दौर से गुजर रहा है। राजनीति की परिभाषा सेवा नीति होती है, लेकिन जोगिंद्रनगर में कुछ लोग महज निजी स्वार्थ के लिए संगठन को कमजोर करने का प्रयास कर रहे हैं, उनके मंसूबे कभी कामयाब नहीं होंगे। उन्होंने जोगिंद्रनगर के विधायक पर हमला करते हुए कहा कि विधायक द्वारा लोगों को ठगा गया है। विधायक द्वारा लोगों को नौकरी के नाम पर सब्जबाग दिखाए गए। यहां पर उद्योग लगाएंगे, नशे को दूर करेंगे और युवाओं को खेल के नाम पर ठगा गया है। जीवन ने कहा कि वह जितना संभव होगा हलके के विकास के लिए तत्पर है। जोगिंद्रनगर में आर्थो डॉक्टर के आर्डर सीएम से करवाए गए है। जोगिंद्रनगर तथा चौंतड़ा में खेल स्टेडियम पर 70 लाख रुपए खर्च किए जाएंगे।

## मंडी से हणोगी तक 36 पुलिस जवान रहेंगे तैनात

**मंडी।** क्रिसमस और न्यू ईयर तक चंडीगढ़ मनाली नेशनल हाई-वे पर पर्यटकों की आमद बढ़ना शुरू हो गई है। बीते शनिवार को मंडी से लेकर पंडोह तक लगे जाम के बाद पुलिस भी हरकत में आ गई है। पुलिस ने मंडी से हणोगी तक 36 पुलिस जवान तैनात कर दिए हैं। अब क्रिसमस और न्यू ईयर के जश्न तक यह फोर्स एनएच पर तैनात रहेगी। तीन जनवरी 2024 तक जवान यातायात सुचारू रखने के लिए कड़ाके की ठंड में डटे रहेंगे। एएसपी सागर चंद्र ने एनएच पर मोर्चा संभाला और व्यवस्था खुद बनाई। इसके अलावा मंडी पुलिस ने ट्रैफिक सुचारु रूप से चलने के लिए चार बीटों में बाइक राइडर भी तैनात किए गए हैं। बाइक राइडर के लिए चार मील से लेकर थलौट तक के क्षेत्र को चार बीटों में बांटा गया है। यहां अलग-अलग बीटों में अलग-अलग बाइक राइडर यातायात नियमों व अव्यवस्था पर पूरी नजर रखेंगे।

## विधायक जम्वाल ने घेरी कांग्रेस सरकार

**सुंदरनगर।** हिमाचल में लचर स्वास्थ्य सुविधाओं पर प्रदेश भाजपा के प्रमुख वक्ता एवं विधायक सुंदरनगर राकेश जम्वाल ने कांग्रेस सरकार के खिलाफ मोर्चा खोला है। राकेश जम्वाल ने कहा कि प्रदेश में पूर्व जयराम सरकार के समय वैश्विक महामारी कोरोना आई जिससे निपटने के लिए मोदी सरकार से लेकर प्रदेश की जयराम सरकार ने मरीजों को राहत पहुंचाई। कोरोना से निपटने के लिए पूर्व सरकार ने प्रदेश के विभिन्न अस्पतालों में ऑक्सीजन की कमी दूर करने के लिए प्लांट स्थापित किए थे, लेकिन आज यह ऑक्सीजन प्लांट बंद पड़े हुए हैं। कोरोना महामारी के दौर में पूर्व भाजपा सरकार ने सिविल अस्पताल सुंदरनगर में प्रेशर स्विंग पीएसए की बड़ी सौगात दी थी, लेकिन डेढ़ करोड़ की लागत से बना यह पीएसए ऑक्सीजन प्लांट बीते 10 माह से धूल फांक रहा है। इस प्रकार से प्रदेश की कांग्रेस सरकार की सूबे में स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर पोल खुल गई है।

## वाजपेयी की जयंती पर बोले सुंदरनगर के विधायक जम्वाल

# स्व. अटल बिहारी के दिखाए रास्ते पर चल रही मोदी सरकार



अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित लोग।

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**

भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती को भाजपा ने प्रदेश भर में सुशासन दिवस के रूप में मनाया। इस अवसर पर प्रदेश भाजपा के मुख्य प्रवक्ता एवं विधायक राकेश जम्वाल ने वृद्ध आश्रम देहरी में वरिष्ठ लोगों के साथ अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिवस को मनाया।

इस मौके पर राकेश जम्वाल ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर विधायक ने वृद्ध आश्रम में सेवा कार्य के लिए दो लाख रुपए प्रदान किए। विधायक राकेश जम्वाल ने अटल को याद करते हुए कहा कि भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी सुशासन की प्रतिमूर्ति थे। उनकी सरकार ने अंत्योदय की विचारधारा को मानते हुए सुशासन के नए प्रतिमान स्थापित किए। आज मोदी सरकार अटल के दिखाए हुए रास्ते पर चलकर सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण सुनिश्चित करने का कार्य कर रही है।

इस अवसर पर ओम प्रकाश नायक जिला महामंत्री, जितेंद्र शर्मा, डॉ. हेम प्रकाश शर्मा मंडल महामंत्री, डॉ. पीएस गुलेरिया, वृद्ध आश्रम अध्यक्ष, भूपेंद्र ठाकुर, रक्षा धीमान, नरेश वर्मा, संजय शर्मा, अमन, बलबीर, अभिषेक, वरुण वशिष्ट, संजीव कुमार आदि उपस्थित रहे।

# जमनी में मेधावियों को इनाम बांटे

## सालाना पारितोषिक वितरण समारोह में मुख्यातिथि ने नवाजा

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जमनी का सालाना पारितोषिक वितरण समारोह धूमधाम से मनाया गया। समारोह के मुख्यातिथि प्रदेश कांग्रेस पार्टी के महासचिव व सरकाघाट से पूर्व प्रत्याशी पवन ठाकुर रहे। कार्यक्रम में बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम के दौरान प्रधानाचार्य कुलदीप शर्मा ने स्कूल की वार्षिक रिपोर्ट पढ़ी।

इस अवसर पर पवन ठाकुर ने कहा कि सरकाघाट अस्पताल में सृजन व एनेस्थीसिया डॉक्टरों के दो पद भर दिए हैं व जल्द ही और पदों पर डॉक्टरों की नियुक्ति होने का आश्वासन मुख्यमंत्री ने दिया है। इस अवसर पर मुख्यातिथि ने सभी मेधावी बच्चों को मेडल देकर सम्मानित किया।

इस मौके पर स्थानीय पंचायत के प्रधान ज्ञान चंद, उपप्रधान सुभाष, कालिदास, एसएमसी प्रधान निर्मला, गाहर पंचायत के प्रधान कर्मू, रखोटा के प्रधान सुरेश ठाकुर, मंडल प्रवक्ता कुलदीप शर्मा, प्रकाश ठाकुर, प्रकाश गुप्ता, बाग पंचायत के उपप्रधान प्रताप चंद, कश्मीर सिंह, रिटायर्ड रेंजर कश्मीर सिंह, भूपेंद्र ठाकुर, पूर्व प्रधान अमर सिंह, रिटायर्ड कला अध्यापक रोशन लाल, इंद्र सिंह, दया देवी, लीलावती आदि शामिल रहे।



जमनी स्कूल के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में बतौर मुख्यातिथि पहुंचे पवन ठाकुर का स्वागत करते आयोजक।

## अदालत सिंह ठाकुर बने प्रधान

**सुंदरनगर।** श्री राजपूत सभा कलौहड इकाई के सम्मेलन का आयोजन श्री शीतला माता मंदिर भौण के परिसर में किया गया। इस सम्मेलन की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष डॉ. अमर सिंह गुलेरिया ने की। इस मौके पर कलौहड इकाई की कार्यकारिणी का पुनर्गठन किया गया। इसमें सर्वसम्मति से पूर्व कार्यकारिणी के शीर्ष पदाधिकारियों अदालत सिंह ठाकुर को प्रधान, बेनी चंद राणा उपप्रधान, टेक सिंह महासचिव, प्रोमिला ठाकुर महिला मोर्चा अध्यक्ष, सपना कुमारी उपप्रधान, रमेश गुलरिया को कोषाध्यक्ष तथा शेष कार्यकारिणी को यथासंभव अगले कार्यकाल के लिए दोबारा मनोनीत किया गया। इस अवसर पर राजपूत महासभा के प्रदेश महासचिव केएस जम्वाल, उपप्रधान कुलदीप गुलेरिया, कोषाध्यक्ष हेम सिंह ठाकुर, जिला मंडी के सामान्य वर्ग संयुक्त मंच के संयोजक डीके चंदेल, संयुक्त सचिव रमेश मेहता ने विशेष अतिथि के रूप में भाग लिया।

**कार्यक्रम** सुंदरनगर में वीर बाल दिवस पर बोले कृष्ण चंद्र महादेविया

# सिखों के बलिदान को नहीं भुलाया जा सकता

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**

वीर बाल दिवस के उपलक्ष्य में युवा क्षत्रिय संघ सुंदरनगर ने सोमवार को हिंदू धर्म की रक्षा के लिए सिखों और उनके गुरुओं द्वारा दिए गए बलिदान पर संगोष्ठी का आयोजन किया। इस मौके पर साहित्यकार एवं युवा क्षत्रिय संघ के मुख्य सलाहकार कृष्ण चंद्र महादेविया ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। उन्होंने कहा कि भारतीय समाज सिखों के बलिदान को भुला नहीं सकता। 400 वर्ष पूर्व सिख धर्म के संस्थापक एवं दशमेश पिता गुरु गोविंद सिंह ने 21 से 27 दिसंबर के मध्य अपने परिवार का सर्वोच्च बलिदान देकर देश और धर्म की रक्षा की।

बलिदान का ऐसा उदाहरण विश्व के इतिहास में कही भी नहीं मिलता। हमें उनका स्मरण सदैव रखना चाहिए और उनकी वीर गाथाओं को नहीं भुलना चाहिए। उन्होंने बताया कि गुरु गोविंद सिंह के दो पुत्र जोरावर सिंह (12) और फतेह सिंह (9) को 21 दिसंबर से ठंडी ठंडी रातों में दादी माता गुजरी के साथ बुर्ज पर नंगे फर्श पर सोने के लिए मजबूर किया गया। उन्हें अपना धर्म छोड़ने और मुस्लिम धर्म स्वीकार करने के लिए सरहिंद के नवाब के हुक्म पर तरह-तरह की प्रताड़ना दी गई, लेकिन माता गुजरी को जब अपने दोनों पौत्रों को दीवार में जिंदा चिनवाया जाने की जानकारी मिली तो उन्होंने भी अपने प्राण त्याग दिए।

गुरु गोविंद सिंह शहीद पिता के पुत्र और शहीद पुत्रों के पिता भी एकमात्र ऐसे महान देशभक्त हैं जिनके पिता और पुत्रों ने अपना सर्वोच्च बलिदान देश और धर्म के लिए दे दिया। संजय सिंह और श्याम चौहान ने कहा कि हम जिंदा कौम है और कभी किए गए उपकार को भुलते नहीं। अजय कुमार और अनिल ने तुलसी पूजन करने का आग्रह किया। पवन बसेडू ने संगठन को मजबूत करने का आग्रह किया। सरदार सुरेंद्र सिंह ने समय-समय पर महापुरुषों की जयंतियां, बलिदान दिवस मनाने पर जोर दिया।

### महाराणा प्रताप सामुदायिक भवन के लिए चार बिस्वा भूमि दान

**मंडी।** राजपूत सभा जिला मंडी ने 34वां स्थापना दिवस मंडी में धूमधाम से मनाया। जिसकी अध्यक्षता कर्नल एमके मंडयाल ने की। कार्यक्रम में सभा के लेखा-जोखा का ब्यौरा पदाधिकारियों के समक्ष रखा। सीता राम वर्मा ने कहा कि कर्नल एमके मंडयाल के नेतृत्व में स्थापना दिवस के दौरान प्रति वर्ष वरिष्ठ राजपूतों को सम्मानित किया जाता रहा है। जिसका खर्च कर्नल एमके मंडयाल स्वयं करते रहे हैं। महाराणा प्रताप जयंती पर जिला के मेधावी बच्चों को नकद राशि और प्रताप का जीवन चरित्र और शब्दकोश उपहार में दिए जाते हैं। इसके साथ ही राजपूत की चेतक पर सवार मूर्ति स्थापित करना, जिला के विभिन्न क्षेत्रों में मुफ्त चिकित्सा शिविर, कैहनवाल में शिविर का आयोजन करवाया जिसमें 60 से अधिक युवाओं ने भाग लिया। इस अवसर पर सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य नरेश राणा ने नशाखोरी के प्रति युवाओं को जागृत करने पर बल दिया। सभा के अध्यक्ष कर्नल एमके मंडयाल ने 70 वर्ष से अधिक राजपूत महिला पुरुषों को कंबल बांटकर सम्मानित किया। वहीं शक्ति चंद चौहान अध्यक्ष सामान्य वर्ग कल्याण समिति ने महाराणा प्रताप सामुदायिक भवन के लिए चार बिस्वा भूमि दान करने की घोषणा की। जिसका सभी ने स्वागत किया।

## न्यूज ब्रीफ

### विशेष बच्चों के साथ मनाया सुशासन दिवस



बाल आश्रम भरनाल में मुख्यातिथि के साथ विशेष बच्चे।

**सरकाघाट।** पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती सोमवार को पूरे प्रदेश में सुशासन दिवस के रूप में मनाई गई। इसके तहत सरकाघाट भाजपा मंडल ने सुशासन दिवस को बाल आश्रम भरनाल में मनाया। वहीं इस सुशासन कार्यक्रम में सरकाघाट भाजपा मंडल अध्यक्ष सुदेश चंदेल ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। उन्होंने कहा कि वाजपेयी ने निःस्वार्थ भाव से देश व समाजसेवा की और भाजपा की स्थापना के माध्यम से देश में राष्ट्रवादी राजनीति को नई दिशा दी।

### सुकेत देवता कमेटी के चुनाव 11 जनवरी को

**मंडी।** सुंदरनगर के जवाहर पार्क में आयोजित सुकेत सर्व देवता समिति की बैठक सुकेत सर्व देवता के प्रधान डॉ. अभिषेक सोनी की अध्यक्षता में हुई। बैठक में कमेटी के पंचवर्षीय चुनाव 11 जनवरी को विकास खंड अधिकारी कार्यालय सुंदरनगर के सभागार में कराने का निर्णय लिया गया। मीडिया प्रभारी धनदेव ने बताया कि सुकेत सर्व देवता कमेटी के पंचवर्षीय चुनाव की सूचना एसडीएम सुंदरनगर को प्रेषित की गई। साथ ही देवता मेले में भाग लेने वाले सुंदरनगर, बल्ह, नाचन, करसोग, मंडी, सराज के देवी-देवताओं के पदाधिकारियों को चुनाव प्रक्रिया में भाग लेने के लिए पत्र भी प्रेषित कर दिए गए हैं।

### सुंदरनगर के चर्च में मनाया क्रिसमस

**सुंदरनगर।** क्रिसमस का पर्व सोमवार को सुंदरनगर की बीबीएमबी कॉलोनी स्थित ईसाई चर्च में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। बच्चे इस मौके पर लाल रंग की पोशाकों में सज कर सांता की वेशभूषा में पहुंचे। उन्होंने डीजे के धुन पर विभिन्न गीतों पर नाच और झूमकर सौहार्द के प्रतीक क्रिसमस को मनाया। इस मौके पास्टर अमर मसीह और पास्टर सन्नी ईपन ने कहा कि प्रभु यीशु मसीह के जन्म दिवस को क्रिसमस के रूप में मनाया जाता है। यह दिन यह पर्व व त्योहार प्रेम और सद्भावना का प्रतीक माना जाता है। यह दिन दूसरों के साथ सुख दुख में खड़े रहने, जरूरतमंद की मदद करने, उपहार देने और अपने दुश्मनों को भी आशीष और माफी देने का संदेश देता है। इस मौके पर बच्चों को उपहार भी भेंट किए। कार्यक्रम में डॉ. दुनी चंद ठाकुर, डॉ. हिना राही, पूर्ण चंद, देवराज शर्मा, ओम प्रकाश टांक, सतीश कुमार, साहिल, विनोद कुमार, लता देवी, सीमा, रेणु तथा रूप सिंह सहित समाज के विभिन्न वर्गों के लोग विशेष रूप से उपस्थित रहे।

### समैला पंचायत में पहुंचे अक्षत कलश



समैला पहुंचने पर अक्षत कलश का स्वागत करते लोग।

**सरकाघाट।** श्री रामलला मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में निमंत्रण के लिए अयोध्या से देश प्रदेश में जन जन सनातनी देशवासियों को निमंत्रण देने के लिए आए पूजित अक्षत पुष्प कलश सोमवार को सरकाघाट विधानसभा की समैला पंचायत के श्री राधा कृष्ण मंदिर में ग्राम पंचायत वार्ड सदस्यों एवं राम भक्तों को सौंपे गए। कार्यक्रम का आयोजन श्रीराधा कृष्ण मंदिर कमेटी के प्रधान महेश एवं साथियों ने ग्राम पंचायत उपप्रधान जोगिंद्र सिंह के साथ मिलकर किया। इस अवसर पर बलद्वाड़ा खंड के कार्यक्रम संयोजक जोगिंद्र सिंह भी मौजूद रहे। कार्यक्रम में वरिष्ठ स्वयंसेवक प्रो. गणेश भारद्वाज ने जन समूह को राम मंदिर के इतिहास से अवगत करवाया।

### सुशासन दिवस पर अटल को किया याद



बैठक के दौरान मौजूद भाजपा मंडल जोगिंद्रनगर के पदाधिकारी।

**जोगिंद्रनगर।** भाजपा मंडल जोगिंद्रनगर द्वारा मंडल अध्यक्ष अजय सकलानी की अध्यक्षता में विधायक प्रकाश राणा की उपस्थिति में सुशासन दिवस मनाया गया। विधायक प्रकाश राणा ने अटल के चित्र पर पुष्प अर्पित किए। उन्होंने कहा कि अटल सबके इतने प्रिय थे कि नौ बार लोकसभा व दो बार राज्यसभा के सांसद रहे। राजनीति के अजातशत्रु के नाम से जाने जाते थे। राजनीति में उनका कोई शत्रु नहीं था। इस अवसर पर मंडल महामंत्री शक्ति राणा, संजीव कुमार, उपाध्यक्ष कै. गोविंद सिंह, प्रवीण कुमार, किसान मोर्चा प्रदेश सचिव भागीरथ धरवाल, जिला भाजपा उपाध्यक्ष रोशन लाल, सचिव शांति स्वरूप शर्मा, संजय शर्मा, महिला मोर्चा अध्यक्ष अंजना शर्मा, महिला मोर्चा महामंत्री आशा ठाकुर, मोती राम, प्रताप ठाकुर, धर्मवीर, रमेश, राजमल राणा, ललित शर्मा, ललित राणा उपस्थित रहे।

# भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी को भाजपा ने किया याद

**अनंत ज्ञान टीम, ऊना/ अंब/ हरोली/ बंगाणा**

**भारत** रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की 99वीं जयंती सोमवार को पूरे प्रदेश में सुशासन दिवस के रूप में मनाया गया। जिला ऊना में भाजपा के मुख्यालयों पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला मुख्यालय स्थित दीप कमल में सदर के विधायक सतपाल सिंह सत्ती की अगुआई में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया।

ऊना के पार्टी पदाधिकारियों ने अपने प्रिय नेता की याद में उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। इसी क्रम में श्री चिंतपूर्णी भाजपा मंडल के कार्यकर्ताओं द्वारा भी अंब स्थिति भाजपा कार्यालय




अंब के भाजपा कार्यालय में पूर्व पीएम स्व. अटल बिहारी वाजपेयी को पुष्पांजलि अर्पित करते पार्टी कार्यकर्ता।

में सोमवार को भारत के विकास और सुशासन युग की शुरुआत करने वाले पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती मनाई गई। इस कार्यक्रम में भाजपा जिला ऊना अध्यक्ष व पूर्व विधायक बलबीर सिंह भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री को याद करते हुए कहा की सुशासन युग की नींव अटल बिहारी बाजपेयी ने प्रधानमंत्री बनते ही रख दी थी।

इस कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष रविंद्र द्विवेदी, मंडल महामंत्री कुलदीप सिंह, अधिवक्ता रमेश चौधरी, अधिवक्ता राज कुमार धनोटिया, अधिवक्ता रीतेश पलियाल, मंडल युवा मोर्चा अध्यक्ष निखिल राणा, महामंत्री सुमित ठाकुर, नगर पंचायत अध्यक्ष व मंडल सचिव इंदु धीमान, नेहा ठाकुर, कंचन रायजादा, विजय शर्मा, कर्ण, उपदेश ठाकुर, तरसेम लाल, प्रवीण चौधरी, रत्न चांद, हरभजन सिंह, सुभाष, बाल कृष्ण, राजीव शर्मा, जिला पार्षद रजनी मनकोटिया, संजना, अमित शर्मा, रामपाल, मुनीश शर्मा, स्वर्णा देवी आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे। हरोली मुख्यालय में भी पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। बंगाणा में पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर की अगुआई में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया।

## गगरेट में भी अर्पित किए श्रद्धासुमन

**गगरेट।** पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर सोमवार को दियोली स्थित भाजपा मंडल कार्यालय में आयोजित एक सादे कार्यक्रम में भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्व. अटल बिहारी वाजपेयी को श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस दौरान स्व. अटल बिहारी वाजपेयी द्वारा देश हित में किए गए कार्यों को याद किया गया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने कहा कि स्व. अटल बिहारी वाजपेयी व उनके कार्यों को सदैव याद किया जाता रहेगा। इस अवसर पर पूर्व मंडल अध्यक्ष सतपाल सिंह, कांगड़ा सहकारी बैंक के निदेशक पवन नंबरदार, महिला मोर्चा की अध्यक्ष अनीता जरियाल, प्रदेश आईटी सेल के संयोजक अनिल डढवाल, भाजपा मंडल मीडिया प्रभारी राजीव राजू सहित विभिन्न बूथों के प्रधान व भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## स्व. वाजपेयी का जीवन राष्ट्रहित में समर्पित

**बंगाणा।** राष्ट्रीय ह्यूमन राइट विंग के चेयरमैन व भाजयुमो जिला सचिव अजय ठाकुर ने देश के पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर नमन करते हुए कहा कि आज हर व्यक्ति, हर नेता के आदर्श पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी बन गए हैं। उन्होंने कहा कि स्व. बाजपेयी का सारा जीवन राष्ट्रहित में समर्पित हुआ है। आज देश में स्व अटल द्वारा बनाए गए मार्ग पर चलकर हर बात देशहित में काम आ रही है। अजय ठाकुर ने कहा कि कभी देश की लोकसभा में भाजपा के दो संसद जीत कर गए थे और जब विपक्ष ने भाजपा सांसदों की सत्र में हंसी उड़ाई, तो स्व. वाजपेयी ने कहा था कि वक्त-वक्त की बात है आज हम भाजपा के दो सांसद जीत कर आए हैं, तो विपक्ष हम पर हंस रहा है, कल भाजपा पूर्ण बहुमत से केंद्र में सत्ता पर होगी, उस समय विपक्ष की भूमिका न के बराबर होगी। आज स्व. अटल बिहारी वाजपेयी का कथन सत्य हो रहा है। अब आने वाले लोकसभा चुनावों में भाजपा को देश की जनता 400 का आंकड़ा पार करवाने वाली है, क्योंकि आज देश की बागडोर उसके हाथ में है। जो सदा स्व. वाजपेयी के पदचिन्हों पर चलकर देश की सेवा कर रहा है। अजय ठाकुर ने कहा कि स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के कथनों ओर पदचिन्हों पर हर नेता को चलना चाहिए, ताकि निःस्वार्थ भाव से हर पार्टियों के नेता जनता की सेवा के लिए समर्पित हो सके।



## हर हाथ 'अनंत ज्ञान'



ऊना बाजार में अनंत ज्ञान समाचार पत्र का अवलोकन करते हुए कांग्रेस शहरी इकाई के अध्यक्ष तिलक राज सैणी व संदीप बेदी।



अनंत ज्ञान समाचार पत्र को पढ़ते हुए व्यवसायी अनुराग दयाल।



अनंत ज्ञान समाचार पत्र का अवलोकन करते हुए हरोली पंचायत समिति के उपाध्यक्ष सतीश राणा।

# दो कारें टकराईं, चार घायल

## लोअर बसाल में पेश आया हादसा, घायलों को अस्पताल में कराया भर्ती

**अनंत ज्ञान, ऊना**

**पुलिस** थाना सदर के तहत पड़ते लोअर बसाल गांव में दो कारों की आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में दोनों गाड़ियों में सवार चार लोग घायल हो गए, जिन्हें स्थानीय लोगों ने उपचार के लिए क्षेत्रीय अस्पताल में भर्ती कराया है।

सदर पुलिस ने हादसे के संदर्भ में मामला दर्ज करके कार्रवाई शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार रविवार देर रात लोअर बसाल गांव में ऊना से अंब जा रही सेंट्रो कार ( एचपी 72 बी - 1080) की अंब की तरफ से आ रही इश्जू कार (एचपी 72 सी - 8783) से टक्कर हो गई। हादसे में सेंट्रो कार चालक अमित कुमार पुत्र केशव सिंह व उसके साथ बैठा पंकज कुमार पुत्र हरभजन सिंह निवासी बदोली और इश्जू कार चालक दविंद्र कुमार पुत्र राधा कृष्ण व रमेश चंद पुत्र काका राम निवासी वहडाला घायल हो गए।

स्थानीय लोगों ने हादसे में घायलों को उपचार के लिए ऊना के क्षेत्रीय अस्पताल में भर्ती कराया है। हादसे की सूचना मिलने पर सदर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दोनों गाड़ियों के चालकों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। एसपी अर्जित सेन ठाकुर ने बताया कि पुलिस ने लोअर बसाल में दो कारों के आपस में टकराने पर मामला दर्ज किया है। उन्होंने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### ऊना पुलिस ने यातायात नियम तोड़ने पर 135 वाहन चालकों के किए चालान



**ऊना।** जिला पुलिस ने अवैध खनन, सार्वजनिक स्थलों पर धूम्रपान व यातायात नियमों की अवहेलना करने पर कार्रवाई की है। जिला पुलिस ने यातायात नियम तोड़ने पर 135 वाहनों के चालान किए हैं। जिसमें से तीन चालानो का मौके पर ही निपटारा करके पांच हजार रुपए जुर्माना प्राप्त किया है। जबकि अन्य 132 चालानों को आगामी कार्रवाई के लिए अदालत में भेज दिया है। वहीं सार्वजनिक स्थान पर धूम्रपान करने पर जिला पुलिस द्वारा धूम्रपान निषेध अधिनियम के अंतर्गत आठ व्यक्तियों का चालान करके आठ सौ रुपए जुर्माना वसूला है। जिला पुलिस ने अवैध खनन करने वालों पर भी शिकंजा कसा है। पुलिस ने अवैध खनन करने पर दो ट्रैक्टरों को जब्त किया है, जिनके चालान काटकर मौका पर जुर्माने के रूप में दस हजार रुपए प्राप्त किए हैं। जिला के एसपी अर्जित सेन ठाकुर ने बताया कि जिला पुलिस अवैध खनन करने वालों पर कड़ी कार्रवाई कर रही है। उन्होंने कहा कि ऊना जिला में बिगड़ैल वाहन चालकों पर शिकंजा कसा जा रहा है। उन्होंने कहा कि आईटीएमएस लागू होने से सभी के लिए यातायात नियमों का पालन करना अनिवार्य हो गया है और यातायात नियम तोड़ने वालों के चालान किए जा रहे हैं।

# अपहरण की अफवाह ने करवाई पुलिस की कसरत

**अनंत ज्ञान, गगरेट**

**ब्लाइंड** मर्डर केस में पुलिस थाना गगरेट में जान तोड़ देने वाली मेहनत के बाद कुछ पुलिस कर्मचारी रात्रि भोजन की तैयारी कर रहे थे कि तभी एक ग्राम पंचायत प्रधान का पुलिस थाना के नंबर पर फोन दनदनाता है। महिला प्रधान बताती हैं कि उनके गांव में रह रहे बाहरी राज्यों के मजदूर परिवारों के दो बच्चों को दरवाजा तोड़ कर कोई अगवा करके ले गया है। पुलिस कर्मियों के सामने पड़ी भोजन की थालियां वैसे ही रह जाती हैं और पुलिस थाना प्रभारी के आदेश पर सह थाना प्रभारी के नेतृत्व में एक टीम घटनास्थल के लिए रवाना होती है, तो कुछ पुलिसकर्मी नाका लगाकर अपहरणकर्ता को पकड़ने निकल जाते हैं। देर रात तक कड़ी मेहनत करने के बाद पुलिस युवक-युवती को ढूंढ निकालती है, लेकिन पूछताछ के बाद माजरा कुछ और ही निकला।

डीएसपी डॉ. वसुधा सूद का कहना है कि बाहरी राज्यों से आए मजदूर परिवार जहां रह रहे हैं, वहां की पंचायत भी इनका पंजीकरण करे, ताकि जरूरत पड़ने पर इन तक पहुंचा जा सके।

## किशोरी हत्याकांड में गिरफ्तार आरोपी ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट ने भेजा चार दिन के पुलिस रिमांड पर

**गगरेट।** उपमंडल गगरेट के नंगल जरियालां गांव में किशोरी के अपहरण के बाद की गई हत्या के मामले में गगरेट पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए एक संदिग्ध को पुलिस ने सोमवार को ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट फर्स्ट क्लास अंब के समक्ष पेश कर उसका चार दिन का पुलिस रिमांड हासिल कर लिया है। पुलिस रिमांड के दौरान पुलिस अब ये पता लगाने का प्रयास करेगी कि इस हत्या में संदिग्ध के साथ क्या कोई और भी शामिल है। यही नहीं बल्कि किशोरी की हत्या के पीछे मकसद क्या रहा इसका पता लगाने का भी पुलिस प्रयास करेगी। एसपी अर्जित सेन ठाकुर ने बताया कि अपहरण के बाद हत्या के पीछे क्या मकसद था यह अभी क्लीयर नहीं हो पाया है। पुलिस रिमांड के दौरान संदिग्ध से गहन पूछताछ की जाएगी ताकि हत्या के पीछे का मकसद व इसमें और कौन-कौन लोग शामिल थे इसका पता लगाया जा सके।

# घर में घुसे लुटेरों तक शीघ्र पहुंचेगी पुलिस

**अनंत ज्ञान, गगरेट**

**उपमंडल** गगरेट के सलोह बैरी गांव में आधी रात को एक घर में घुसकर लूट की वारदात की कोशिश करने वाले लुटेरों तक पुलिस जल्द पहुंच सकती है। इस वारदात में कौन लोग शामिल थे, पुलिस ने लगभग इसका पता लगा लिया है। इस वारदात के बाद पुलिस ने क्षेत्र के तमाम सीसीटीवी फुटेज खंगाले हैं। जल्द ही पुलिस इस वारदात में शामिल लोगों को गिरफ्तार कर सकती है। पुलिस को उम्मीद है कि इनकी गिरफ्तारी के बाद क्षेत्र में हुई चोरी की कई घटनाओं से भी पर्दा उठ सकता है।

कुछ दिन पहले उपमंडल के सीमावर्ती गांव सलोह बैरी में रात के समय अज्ञात लुटेरे एक घर में घुसे और लूट की वारदात को अंजाम देने का प्रयास करने लगे। इसी बीच घर की एक बुजुर्ग की नींद खुल गई और जैसे ही उसने दरवाजा खोला तो लुटेरों ने उस पर ही हमला कर दिया। इसी बीच उसकी बहू ने मदद के लिए पड़ोस के लोगों को बुलाया। जैसे ही पड़ोस से आए युवाओं ने उन्हें पकड़ने का प्रयास किया तो वे उन पर भी हमला करके फरार हो गए। पुलिस तक मामला पहुंचने के बाद पुलिस ने अज्ञात लोगों के विरुद्ध मामला दर्ज कर इसकी छानबीन शुरू की। पुलिस ने क्षेत्र के तमाम सीसीटीवी फटेज खंगाले तो पाया कि मुबारकपुर कस्बे से दो लोगों ने तलवाड़ा के लिए बस ली, लेकिन मरवाड़ी बैरियर की फुटेज खंगाले पर पता चला कि वे लोग मरवाड़ी बैरियर पर ही उतर गए। इसके बाद वे सीधे सलोह बैरी पहुंचे। पुलिस को उम्मीद है कि यही वे लोग हैं जिन्होंने इस वारदात को अंजाम दिया। जाहिर है कि पंजाब के कई असामाजिक तत्व अक्सर क्षेत्र में प्रवेश कर आपराधिक वारदातों को अंजाम देकर आसानी से वापस पंजाब चले जाते हैं। सीमावर्ती क्षेत्र में चोरी की घटनाएं बढ़ने का एक कारण यह भी है। डीएसपी डॉ. वसुधा सूद ने बताया कि पुलिस इस मामले की गहनता से जांच कर रही है। उन्होंने उम्मीद जताई कि आरोपी शीघ्र पुलिस गिरफ्त में होंगे।

# मैहतपुर में अक्षत कलश यात्रा का स्वागत



मैहतपुर बसदेहड़ा में अक्षत कलश यात्रा के स्वागत में शामिल हुए राम भक्त

**अनंत ज्ञान, मैहतपुर**

**अयोध्या** में 22 जनवरी को भगवान श्रीराम के मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के निमंत्रण के रूप में विशेष रूप से पूजित अक्षत कलश सोमवार को नगर परिषद मैहतपुर-बसदेहड़ा पहुंची। श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह के नगर कार्यवाह विजय कुमार, संयोजक सुरेंद्र, सहसंयोजक नरेंद्र कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि मैहतपुर खंड में सैकड़ों रामभक्तों के साथ सोमवार को भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। उन्होंने बताया कि यह शोभायात्रा बसदेहड़ा के सोमेश्वर महादेव मंदिर से शुरू होकर, इंडस्ट्रियल एरिया, मैहतपुर व बसदेहड़ा बाजार होते हुए रायपुर सहोड़ा शिव मंदिर पहुंची।

उन्होंने बताया कि इस दौरान पांच अक्षत कलशों में सोमेश्वर महादेव मंदिर बसदेहड़ा, इंडस्ट्रियल एरिया शिव मंदिर, शिव मंदिर मैहतपुर, बसदेहड़ा के नैना देवी मंदिर और रायपुर सहोड़ा शिव मंदिर में रखा गया है। उन्होंने बताया कि यह पूजित अक्षत एक से 15 जनवरी तक राम भक्तों द्वारा घर-घर जाकर अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के निमंत्रण के रूप में प्रदान किए जाएंगे।

सोमवार को इस शोभायात्रा में सैकड़ों राम भक्तों ने श्रीराम के जयकारे लगाते हुए नगर को भक्तिमय रंग में डुबो दिया। शोभायात्रा का गांव रायपुर सहोड़ा में पहुंचने पर स्थानीय मंदिर कमेटी के सदस्यों द्वारा चाय पान की प्रबंध किया गया।

इस मौके पर नगर परिषद मैहतपुर बसदेहड़ा के उपाध्यक्ष अजय कुमार, पार्षद विपिन राणा, पूर्व जिला परिषद सदस्य पंकज सहोड़, व्यापार मंडल मैहतपुर-बसदेहड़ा के प्रधान सुभाष ऐरी नोनू, पोहू लाल भारद्वाज, संजीव सचदेवा, सतीश सहोड़, देवदत्त द्विवेदी व दिनेश कुमार समेत सैकड़ों राम भक्त शामिल हुए।

## न्यूज ब्रीफ

### सुरेश बनी चिंतपूर्णी महिला ब्लाक की अध्यक्ष



**अंब।** प्रदेश महिला कांग्रेस ने चिंतपूर्णी ब्लाक अध्यक्ष नियुक्ती कर दी है। सोमवार जारी अधिसूचना के अनुसार प्रदेश महिला कांग्रेस ने चिंतपूर्णी में सुरेश कुमारी को महिला कांग्रेस की कमान सौंपी है। सुरेश मूलतः चिंतपूर्णी विधानसभा क्षेत्र के चुरूडू गांव की रहने वाली हैं। सुरेश महिला मंडल प्रधान रहने के अलावा 2015 से लेकर 2021 तक वो चुरूडू की प्रधान भी रह चुकीं हैं और वे पिछले लंबे समय से कार्यकर्ता के तौर पर कांग्रेस से भी जुड़ी रहीं हैं। प्रदेश कांग्रेस ने पार्टी के प्रति उनकी निष्ठा और समर्पण भाव को देखते हुए चिंतपूर्णी ब्लाक महिला अध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया है। उन्होंने अपनी नियुक्ति के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू, प्रदेशाध्यक्ष प्रतिभा सिंह, प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष जैनब चंदेल व विधायक चिंतपूर्णी सुदर्शन सिंह बबलू सहित कांग्रेस पार्टी के तमाम वरिष्ठ पदाधिकारियों का आभार प्रकट किया है। कहा कि प्रदेश के पार्टी नेतृत्व ने उन्हें अध्यक्ष पद की जो जिम्मेदारी सौंपी है। उसे वह पूरी निष्ठा व ईमानदारी से निभाने का प्रयास करेंगी और लोकसभा चुनावों में पार्टी की मजबूती के लिए कार्य करेंगी।

### बेसहारा पशुओं को कितनी बार चिप लगेगी

**मुबारकपुर।** राष्ट्रीय स्वतंत्रता किसान मोर्चा के पूर्व अध्यक्ष ठाकुर सीताराम व प्रदेश अध्यक्ष बलजिंदर सिंह वीटा, ब्लॉक अध्यक्ष राकेश कुमार, जिला अध्यक्ष विनोद शर्मा ने प्रेस बयान में कहा कि बेसहारा पशुओं के लिए सरकार को स्थायी नीति बनानी चाहिए। ठाकुर सीताराम ने कहा है कि प्रदेश में जब भी कांग्रेस की सरकार सत्ता में आती है, तो वह बेसहारा पशुओं की जनगणना करवा कर चिप लगाने का कार्य शुरू कर देती है। कितनी बार पशुओं के कानों में चिप लगाई गई, जबकि बेसहारा पशुओं की समस्या के समाधान हेतु कामगार योजना नहीं बनाई जाती। उन्होंने कहा प्रदेश सरकार को पशुपालन वाले किसानों को सस्ता चारा व अच्छी नस्ल के पशु उपलब्ध कराकर प्रोत्साहित करना चाहिए तथा मनरेगा के तहत किसानों की कृषि भूमि को मुफ्त बाढ़बंदी करवानी चाहिए। किसान अपने एक खेत को बाढ़बंदी करके बेसहारा पशुओं में नील गायों व बंदरों से फसलों को नहीं बचा पा रहा। ठाकुर सीता राम ने कहा पशुओं की बढ़ती जनसंख्या के लिए पशुपालन विभाग को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कहा कि पशुपालन विभाग किसानों को अच्छी प्रजाति के पशु नस्ल उपलब्ध करवाने में विफल रहा है। उन्होंने वेटरनरी विभाग को छोटे टीका सिलेंडर उपलब्ध कराने की भी मांग की।

## स्वर्गीय दीपक शर्मा की याद में बास्केटबाल प्रतियोगिता का आयोजन, थ्रो बाल एसोसिएशन के प्रदेश उपाध्यक्ष सुशील ठाकुर ने किया शुभारंभ

# लठियाणी की टीम ने मंदली को चार प्वाइंट से दी शिकस्त

**अनंत ज्ञान, लठियाणी/ बंगाणा**

**राजकीय** वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय लठियाणी में रविवार को स्वर्गीय दीपक शर्मा निवासी गांव हेरू (लठियाणी) की यादगार में शहीद भगत सिंह मेमोरियल क्लब लठियाणी द्वारा एकदिवसीय बास्केटबाल प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया।

बास्केटबाल प्रतियोगिता के वरिष्ठ वर्ग में लठियाणी और मंदली के बीच फाइनल मैच खेला गया। लठियाणी की टीम ने 64 अंक और मंदली की टीम ने 60 अंक अर्जित किए। लठियाणी टीम विजेता रही। वहीं, कनिष्ठ वर्ग में भी लठियाणी और मंदली की टीमों के बीच फाइनल मैच खेला गया। लठियाणी की टीम ने 58 अंक और मंदली की टीम ने 45 अंक अर्जित किए। कनिष्ठ वर्ग में भी लठियाणी की टीम विजेता रही।

स्वर्गीय दीपक शर्मा निवासी गांव हेरू (लठियाणी) की यादगार में शहीद भगत सिंह मेमोरियल क्लब लठियाणी द्वारा एकदिवसीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्यातिथि कुटलैहड़ वेलफेयर फाउंडेशन के अध्यक्ष एवं थ्रोबॉल एसोसिएशन के प्रदेश उपाध्यक्ष सुशील ठाकुर ने किया। सुशील ठाकुर कहा कि क्षेत्र के युवाओं में फैली नशे की लत को छुड़ाने के लिए हम सभी को आगे आना होगा। खेलकूद गतिविधियां युवाओं को नशे से दूर रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। ठाकुर ने कहा कि नशा हम सभी के समक्ष एक विकराल चुनौती बन गया है। ऐसे में यह आवश्यक है कि युवा पीढ़ी को नशे के संबंध में जागरूक बनाने के साथ-साथ उनकी असीमित ऊर्जा को सकारात्मक कार्यों में लगाया जाए। खेल न केवल युवाओं को नशे से दूर रखते हैं अपितु उन्हें शारीरिक व मानसिक रूप से मजबूत भी बनाते हैं। उन्होंने युवाओं से खेलों में शामिल होने तथा नशे से दूरी बनाए रखने का आग्रह किया। ठाकुर ने कहा कि शहीद भगत सिंह मेमोरियल क्लब लठियाणी समय-समय पर खेल प्रतियोगिताएं आयोजित करवाकर बहुत ही सराहनीय कार्य कर रही है।

शहीद भगत सिंह मेमोरियल की ओर से खिलाड़ियों और दर्शकों के लिए खाने का प्रबंध किया गया था। विजेता और उपविजेता टीमों को मुख्यातिथि सुशील ठाकुर द्वारा स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इस मौके पर दिनेश शर्मा रिंकू, साहिल शर्मा, अतुल दत्त, शशि पाठक, प्रभात सिंह, साहित शर्मा, मंथन सोनी, अंकित, अभिषेक सहित क्षेत्र के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### राज्य स्तरीय क्रॉस कंट्री एथलेटिक्स प्रतियोगिता में पदक विजेता खिलाड़ियों का स्वागत

**ऊना।** जिला सिरमौर के मुख्यालय नाहन में आयोजित राज्य स्तरीय क्रॉस कंट्री प्रतियोगिता में ऊना के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। यह जानकारी जिला एथलेटिक्स संघ के महासचिव तिलक राज सैनी ने दी। पुरुष वर्ग सीनियर कैटेगरी में विपिन कुमार ने 10 किलोमीटर इवेंट में गोल्ड मेडल प्राप्त किया। अंडर-20 प्रतियोगिता में 8 किलोमीटर इवेंट में मोहित ने चौथा स्थान प्राप्त किया। महिला वर्ग सीनियर प्रतियोगिता में 10 किलोमीटर इवेंट में सविता ने चौथा स्थान प्राप्त किया। अंडर-20 महिला वर्ग छह किलोमीटर के इवेंट में भारती चौधरी ने चौथा स्थान प्राप्त किया। अंडर-18 महिला वर्ग प्रतियोगिता में रवीना ने चार किलोमीटर इवेंट में गोल्ड मेडल प्राप्त किया। तिलकराज सैनी ने सभी खिलाड़ियों को जीत के लिए बधाई दी है।



राज्य स्तरीय क्रॉस कंट्री में मेडल विजेता प्रतिभागी।

# क्रिसमस पर शिमला जाम, प्रशासन का प्लान 'फेल'

## सुबह से लेकर शाम तक पर्यटकों ने बीच सड़क पर मोड़ी गाड़ियां, जाम के चलते कई लोगों को पैदल करना पड़ा सफर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

क्रिसमस को लेकर जहां लोगों ने जश्न मनाया। वहीं, लोगों को परेशानियों का सामना भी करना पड़ा। लोगों को परेशानी जाम की वजह से हुई। क्रिसमस के दिन जाम की स्थिति कुछ इस तरह से विक्राल हुई कि लोगों को मिनटों का सफर घंटों में तय करना पड़ा।

कुछ लोगों को तो पैदल ही सफर करना पड़ा। जाम सुबह से लेकर शाम तक लगा रहा। यहां पर पूरे दिनभर वाहन आराम-आराम से सरकते रहे। राजधानी में क्रिसमस के दिन शहर में हजारों गाड़ियों ने प्रवेश किया। ऐसे में गाड़ियों की संख्या बढ़ने से जाम की स्थिति विक्राल हुई। पर्यटकों की गाड़ियों के चलते खासकर जाम लग रहा था, क्योंकि कुछ पर्यटक ऐसे थे, जिन्हें यह पता नहीं था कि उन्हें किस होटल में रुकना है। ऐसे में वे गाड़ियां इधर से उधर घूमाते रहे। पर्यटक हर कहीं बीच सड़कों पर गाड़ी मोड़ते हुए नजर आए, जितने में पर्यटक गाड़ियां मोड़ पाते तब तक जाम लग जाता था। हालांकि प्रशासन ने जाम से निजात दिलाने के लिए शहर के पांच प्रतिबंधित मार्ग खोल दिए थे, लेकिन कुछ पर्यटक ऐसे थे जिन्हें पता ही नहीं था कि उन्होंने गाड़ियां कहां पर पार्क करनी है। पुलिस के जवानों ने भी जाम से निजात दिलाने के लिए कमर कसी हुई थी। जगह-जगह पर पुलिस के जवानों को तैनात किया गया था, लेकिन लगते जाम से निजात दिलाने के लिए पुलिस भी कुछ नहीं कर पाई। कार्ट रोड सहित शहर के अन्य जगहों पर जाम लगा रहा।


शिमला में क्रिसमस के अवसर पर कार्ट रोड पर लगे जाम में फंसे वाहन।

### क्रिसमस पर रिज व माल रोड पर खदेड़े कई शरारती तत्व

क्रिसमस पर पुलिस ने अपनी ड्यूटी गंभीरता से निभाई। शनिवार शाम को रिज व मालरोड पर सुरक्षा व्यवस्था को काफी पुता किया गया था। इस दौरान पुलिस ने कई शरारती तत्व को खदेड़ा। इस वर्ष पुलिस प्रशासन ने पहले ही पुलिस की तैनाती की थी, ताकि शरारती तत्व किसी भी प्रकार की कोई हरकत न कर सके। इनमें महिला पुलिस विशेष रूप से तैनात रही। हर वर्ष न्यू ईयर एवं क्रिसमस में कुछ न कुछ घटनाएं होती रहती हैं।

### जगह-जगह पर की चेकिंग

पुलिस ने शहर में जगह-जगह पर गाड़ियों की चैकिंग भी की। पुलिस को शक था कि भीड़ के बीच कोई शातिर किसी भी प्रकार की घटना को अंजाम न दें। ऐसे में पुलिस की एक-एक पर पैनी नजर रही। शोघी बेरियर के साथ-साथ पुलिस ने अन्य जगहों पर भी वाहनों की चैकिंग की। न्यू ईयर को लेकर भी पुलिस ने खासे इंतजाम किए हैं, ताकि कोई भी बड़ी घटना पेश न आए।

### पर्यटक बढ़े

इन दिनों पर्यटकों की आमद भी बढ़ चुकी है। शाम के समय में रिज मैदान पर पर्यटक भारी मात्रा में जश्न मना रहे है, लेकिन पुलिस की ओर से पर्यटकों को परेशानी नहीं आने दी जाएगी। पहले ही क्रिसमस व न्य ईयर को लेकर जवानों की ड्यूटियां लगाई है, ताकि घूमने आ रहे पर्यटकों को परेशानियों का सामना न करना पड़े।

पर्यटक क्रिसमस पर शिमला घूमने आए हैं। शहर में वाहनों की संख्या काफी ज्यादा बढ़ गई है। पुलिस के जवानों ने जाम से निजात दिलाने के लिए बखूबी अपनी ड्यूटी निभाई। लोगों को जाम से ज्यादा दिक्कतें नहीं आने दी। सुरक्षा को लेकर भी पूरे इंतजाम किए गए थे। ऐसे में पर्यटकों को कोई दिक्कतें नहीं आने दी जा रही हैं।

**संजीव गांधी, एसपी शिमला।**

# देविंद्र नेगी व प्रताप लोकटस को महामंत्री किया नियुक्त

**अनंत ज्ञान, रिकांगपिओ**

- **धर्म सिंह नेगी को कोषाध्यक्ष, जय प्रकाश नेगी को मुख्य प्रवक्ता का कार्यभार**
- **दुर्गा कार्यालय सचिव, पवन मीडिया प्रभारी और चंद्र किशोर मीडिया सहप्रभारी बने**

भाजपा किसान मोर्चा किन्नौर अध्यक्ष रघु दास नेगी ने जिला पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी सदस्यों की नियुक्ति की है। उन्होंने कहा कि रामलच्छ नेगी , राजेश नेगी, शक्ति नेगी, शंकर भगत, अनूप कुमार, नेगीव, जितेंद्र पाल को उपाध्यक्ष का दायित्व दिया गया है। इसी तरह देविंद्र नेगी व प्रताप लोकटस को महामंत्री नियुक्त किया गया है।

धर्म सिंह नेगी को कोषाध्यक्ष, टाशी ज्ञाछो, प्रदीप कुमार, छेरिंग लाल, ललित नेगी, रूप नारायण, श्रवण नेगी, रविंद्र सिंह को सचिव बनाया गया। जय प्रकाश नेगी को मुख्य प्रवक्ता, हर देव शौंगमाथस को प्रवक्ता, दुर्गा सिंह नेगी को कार्यालय सचिव, पवन नेगी को मीडिया प्रभारी, चंद्र किशोर को मीडिया सहप्रभारी, अक्षय कुमार नेगी को सोशल मीडिया प्रभारी, राहुल चारस को आईटी प्रभारी नियुक्त किया गया। इसी तरह कार्यकारिणी सदस्य में रमेश नेगी, आनंद नेगी, विनोद पैलेस, सत्तर सिंह, संत राम, किशोर कुमार, चंद्र प्रकाश, मायादीप नेगी, प्रितम नेगी, दिनेश कुमार, जीत राम, शीश कुमार, सुरेश कुमार, हिम्मत सिंह, दिनेश नेगी, अनुराग नेगी, राजकुमार नेगी, मधुशेखर नेगी, हिशे छेवांग, गजेंद्र सिंह, शंकर भगत को शामिल किया गया है। विशेष आमंत्रित में सूरत नेगी, यशवंत सिंह नेगी, निहाल चारसनेगी, बलदेव सिंह नेगी, दौलत नेगी बलकार सिंह नेगी, गंगा राम नेगी, परविंदर नेगी, मदन सिंह धनोरू, बीरबल नेगी, सुभाष छोरज्ञा, यशवंत नेगी को दायित्व दिया गया है।


# हिमाचल प्रदेश की पहली ई-स्पोर्ट्स प्रतियोगिता के विजेता बने अंशुल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश का पहला ई-स्पोर्ट्स टूर्नामेंट उत्साह और जीत के साथ शिमला के गेयटी थियेटर में समाप्त हुआ। इस ऐतिहासिक घड़ी के लिए अवस्थित करने वाले खिलाड़ियों की संघर्षशीलता के लिए 64 प्रतिभागी एक रोमांचक टेकन सात गेम के लिए एकजुट हुए।

इस मौके के मुख्यातिथि प्रदेश राज्य वन विकास निगम के उपाध्यक्ष,केहर सिंह खाची, और विशिष्ट अतिथि प्रसिद्ध गेमर स्मार्टी पाई थे। टूर्नामेंट, सुबह 10 बजे शुरू हुआ और रात नौ बजे समाप्त हुआ। 64 खिलाड़ियों में से अंशुल ने जीत हासिल की और 10,000 रुपए का नकद पुरस्कार जीता। काका और हरीश ने दूसरा और तीसरा स्थान प्राप्त किया। टूर्नामेंट विजेता अंशुल ठाकुर ने कहा कि हिमाचल के पहले ई-स्पोर्ट्स टूर्नामेंट का हिस्सा बनना एक सम्मान है।

इस मुख्यातिथि खाची ने संगठकों की ईमानदारी और उनके प्रयासों की सराहना की और उन्हें सुर्खियों में रहने के लिए प्रेरित किया कि वे लोगों को विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में नवीनतम नवाचारों के बारे में शिक्षित करें। इसइ-स्पोर्ट्स उत्सव से प्रदेश में एक नया रुझान स्थापित होने की उम्मीद है, जो अधिक प्रशंसाओं को प्रेरित करेगा। इस घड़ी की सफलता प्रदेश के ई-स्पोर्ट्स के लिए एक आशापूर्ण भविष्य की ओर कदम बढ़ाती है।



हिमाचल प्रदेश के पहले ई-स्पोर्ट्स टूर्नामेंट में विजेता अंशुल को सम्मानित करते हुए।

# ईश्वर एक, सद्गुरु की कृपा से ही किया जा सकता है प्राप्त

**अनंत ज्ञान, कुमारसैन**

सोमवार को कुमारसैन में निरंकारी सदगुरु माता सुदीक्षा की कृपा से संयोजक स्तरीय निरंकारी संत समागम का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता शिमला जोन के जोनल इंचार्ज कैप्टन एनपीएस भुल्लर ने की। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि ईश्वर एक है और इसे सदगुरु की कृपा से ही प्राप्त किया जा सकता है।

इस अवसर पर कुमारसैन के बस अड्डे पर संत निरंकारी सत्संग भवन का विधिवत शुभारंभ किया गया। जहां प्रत्येक रविवार को 11 से एक बजे तक सत्संग का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर कुमारसैन के अतिरिक्त रामपुर, सराहन, किन्नू, भुट्टी, किन्नौर, रोहड़ू, ठियोग थातल तथा शिमला से आए हुए लगभग 300 संत जनों ने भाग लिया। इसके अतिरिक्त इस समागम में कुमारसैन के स्थानीय लोगों ने भी सत्संग में आकर विचार सुने। इस अवसर पर रामपुर के संयोजक महात्मा धनीराम, सराहन से मुखी महात्मा गोकुल भारती, भुट्टी से मुखी मुकेश कुमार तथा किन्नौर से ज्ञान प्रचारक महात्मा उदय नेगी, रामपुर के सेवादल के इंचार्ज विभीषम चंद सहित सैकड़ों निरंकारी मौजूद रहे।


संयोजक स्तरीय निरंकारी संत समागम में मौजूद लोग।

# अक्षत कलश का भव्य स्वागत


अक्षत कलश का कुमारसैन पहुंचने पर जय श्रीराम के जयघोष के साथ महिलाएं और स्थानीय लोग स्वागत करते हुए।

**अनंत ज्ञान, कुमारसैन**

अयोध्या से पूजित अक्षत कलश सोमवार को कुमारसैन पहुंची। इस दौरान एनएच भराड़ा से जय श्री राम के जयघोष के साथ महिलाओं, स्थानीय लोगों ने भव्य स्वागत किया।

यह कलश यात्रा सोमवार को रामपुर बुशहर के श्री सत्यनारायण मंदिर से भराड़ा पहुंची। इसके बाद भराड़ा से बस स्टैंड होते हुए कुमारसैन बाजार राम मंदिर पहुंची। यहां श्री राम मंदिर में अक्षत कलश की विधिवत पूजा-अर्चना की व महिलाओं ने भजन-कीर्तन किया।

इस दौरान यहां काफी संख्या में श्रद्धालु स्थानीय लोग व महिलाएं मौजूद रहे। अनुज कैंथला ने बताया कि अब एक से 15 जनवरी तक हर घर अक्षत पहुंचा कर आमजन को भगवान श्री राम के नवनिर्मित मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण दिया जाएगा। अनुज कैंथला ने कहा कि 22 जनवरी शुभदिन को प्रभु श्रीराम के बाल रूप नूतन विग्रह को श्रीराम जन्मभूमि पर बन रहे नवीन मंदिर भूतल के गर्भगृह में विराजित करके प्राण-प्रतिष्ठा का कार्यक्रम है, जिसमें उन्होंने क्षेत्र वासियों से भी भारी संख्या में शामिल होने का आग्रह किया है।

# राम मंदिर में सूद सभा के चुनाव, राजीव बने प्रधान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

- **राजीव को 585 वोट पुनीत सूद को 200 वोट**

राम मंदिर में सूद सभा के चुनाव समाप्त हो गए। इस दौरान राजीव सूद 585 वोट लेकर प्रधान बने। वहीं, पूनीत सूद को 200 वोट पड़े।

इसके अलावा रविंद्र सूद को 159 वोट पड़े। इसके अलावा उपप्रधान पद पर अश्वनी सूद 489 वोट लेकर विजयी रहे, उन्होंने राजेंद्र सूद को हराया। राजेंद्र सूद को 449 वोट मिले। सचिव पद पर अरुण कुठियाला जीते, उन्हें 562 वोट मिले, उन्होंने अनिल सूद को हराया, अनिल सूद को 378 वोट मिले। सह सचिव पद पर अनिता सूद 563 वोट लेकर विजयी रही। उन्होंने अकांक्षा को हराया। अकांक्षा को 370 वोट मिले। कोषाध्यक्ष पद पर दीपक लाल सूद जीते। उन्हें 712 वोट मिले। उन्होंने संदीप को हराया। संदीप को 238 वोट मिले, बता दें कि इस चुनाव में 11 प्रत्याशी चुनाव मैदान में थे। इस दौरान 959 लोगों ने अपने मतदान का प्रयोग किया। बता दें कि प्रधान पद के लिए तीन लोग मैदान में थे। वहीं, उपप्रधान पद के लिए दो उम्मीदवार थे।

# रिज पर क्राइस्टर चर्च में लगी पहाड़ी नाटी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

शिमला के ऐतिहासिक रिज पर बने क्राइस्ट चर्च में पहली बार क्रिसमस पर्व पर पहाड़ी नाटी का आयोजन किया गया। इस दौरान दर्जनों महिलाओं ने चर्च के अंदर व बाहर पहाड़ी नाटी डाली।

इस दौरान बाहरी राज्य से आए पर्यटकों ने भी पहाड़ी नाटी का लुत्फ उठाया व नाटी पर झूमे। क्रिसमस पर जहां पहले चर्च में प्रार्थना सभा व कैरोल गाए जाते थे, वहीं इस बार पहाड़ी नाटी का आयोजन किया गया। चर्च पादरी वनीता रॉय ने बताया कि क्रिसमस पर्व पर चर्च के अंदर सुबह प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान हिंदी व अंग्रेजी में प्रार्थना सभा की गई। वहीं, चर्च के अंदर बजने वाले ऑर्गेन को भी बजाया गया। क्रिसमस को लेकर देश और विदेश से पर्यटक क्रिसमस का त्योहार मनाने के लिए शिमला काफी संख्या में शिमला आए हुए थे। सुबह के शाम तक चर्च में पर्यटकों को जमावड़ा लगा रहा। चर्च के अंदर व बाहर पहाड़ी नाटी का आयोजन किया गया। इस दौरान बाहरी राज्य से आए पर्यटक भी पहाड़ी संस्कृति से रू-ब-रू हुए।

प्रदेश की महिलाओं व स्कूली बच्चों ने चर्च के अंदर व बाहर पहाड़ी नाटी डाली। सुबह 11 बजे से विशेष प्रार्थना सभा आयोजित की गई, इसमें विशेष रूप से देश व प्रदेश की सुख-समृद्धि के लिए प्रार्थना की गई। पादरी ने कहा की नव वर्ष 1 जनवरी, 2024 से भी क्राइस्ट चर्च में विशेष प्रार्थना सभा होगी।


क्रिसमस के अवसर पर क्राइस्ट चर्च में विशेष प्रार्थना में भाग लेते श्रद्धालु।

### लाइटों से सजे चर्च

क्रिसमस पर्व पर क्राइस्ट चर्च व कैथोलिक चर्च को रंग-बिरंगी लाइटों से सजाया गया। यह चर्च रात के समय दुल्हन की तरह सजे हुए नजर आ रहे हैं। रंगीन लाइटों की वजह से चर्च का दृश्य बहुत ही मनमोहक लग रहा था, जिसे लोगों ने अपने कैमरों में कैद किया। वहीं, बाहरी राज्य से आए पर्यटकों ने चर्च के समक्ष खूब सेल्फी ली।

# संजौली से ढली टनल तक निकाली अक्षत कलश यात्रा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

अयोध्या में 22 जनवरी को हो रहे राम मंदिर निर्माण के लिए लोगों में काफी उत्साह है।

प्रदेश की राजधानी शिमला में भी राम मंदिर को लेकर लोगों में उत्साह है। इसी को लेकर आज शिमला में अक्षत कलश यात्रा निकाली गई, उपनगर संजौली में यह यात्रा संजौली से ढली टनल तक निकाली गई, इसमें लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया लोगों ने जय श्री राम के नारे लगाए। संघ के नगर कार्यवाह मनोहर ने बताया कि अयोध्या में राम मंदिर निर्माण कार्य पूरा हुआ है। अब 22 जनवरी को मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा डाली जाएगी। इसी को लेकर लोगों के बीच में जा रहे हैं और लोगों को अयोध्या जाने के लिए आग्रह करेंगे।

अयोध्या से अक्षत कलश यहां भी भेजे गए हैं ओर उन्होंने आज प्राप्त कर लिया है और अब अक्षत यात्रा निकाली जा रही है, जो ज्वाला माता मंदिर में रख दिया जाएगा।


अक्षत कलश यात्रा में मौजूद श्रद्धालु।

### कुल्लवी नाटी पर प्रस्तुति...


विंटर कार्निवाल के पहले दिन आयोजित कार्यक्रम में कुल्लवी नाटी प्रस्तुत करते कलाकार।

## शिमला में पहली बार नए साल पर हो रहा विंटर कार्निवाल, यह व्यवस्था परिवर्तन सरकार का नमूना: सुक्खू

# 500 महिलाओं ने नाटी डालकर दिखाई संस्कृति की झलक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

पहाड़ों की रानी शिमला में सोमवार को विंटर कार्निवाल शुरू हुआ। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह ने विंटर कार्निवाल का शुभारंभ किया। देशभर से बड़ी संख्या में पर्यटक शिमला पहुंचे। ऐसे में कार्निवाल में पहले दिन रिज और मालरोड पर भारी भीड़ रही। पहले दिन पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र ठोडा नृत्य, महिलाओं की नाटी और कल्चर परेड रही। इसमें सबसे बड़ी बात यह रही कि 500 के करीब महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में हिमाचल संस्कृति की झलक दिखाई, जिसको देखने के लिए


विंटर कार्निवाल के पहले दिन आयोजित कार्यक्रम के उद्घाटन अवसर पर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू को स्मृति चिंह भेंट करते महापौर सुरेंद्र चौहान।

### पर्यटकों को प्रदेश में आने का दिया न्योता

उन्होंने इस प्रयास की सराहना की। इसे व्यवस्था परिवर्तन सरकार का नमूना बताया। उन्होंने देशभर के पर्यटकों को हिमाचल आने का न्योता दिया और कहा कि आपदा के बाद प्रदेश अपने पैरों पर खड़ा हुआ है। देश भर से पर्यटक नए वर्ष पर शिमला आए। पर्यटकों की सुविधा के लिए 20 दिसंबर से पांच जनवरी तक सभी खाने-पीने की दुकानें, ढाबे, रेस्टोरेंट 24 घंटे खुले रहेंगे। इसके लिए कैबिनेट ने निर्देश जारी कर दिए हैं। वहीं, मुख्यमंत्री ने कहा कि यदि कोई नए वर्ष मनाने हिमाचल आया है और नशे में ज्यादा झूम जाए तो उसे हवालात में नहीं डाला जाएगा, बल्कि होटल पहुंचाने के पुलिस को निर्देश दिए हैं। युवा काफी जोश में रहते हैं। उन्होंने पर्यटकों से अपील की जोश में अपनी जान को खतरे में न डाले और कानून का पालन करें।

**आयोजन** | गंग्युल वेली में पौष माह के प्रथम दिन, जंगराम परगना में पौष माह की छह या सात को आरंभ होता है त्योहार

# किन्नौर की जंगराम वेली में 'नववर्ष' लोसर पर्व का आगाज

**जीता सिंह नेगी, रिकांगपिओ**



किन्नौर जिले में मनाए जाने वाला विशेष पर्व लोसर 'नववर्ष' आरंभ कई दिन पहले से हुआ है, लेकिन जंगराम वेली का लोसर पर्व आज से शुरू हुआ जो तीन दिनों तक चलेगा।

आप को बता दें लोसर का मतलब कुछ इस तरह भी है- लौ- राशि, सर -सरपा (नया) अर्थात नया राशि का आना, राशि परिवर्तन यानि नया साल। इस त्योहार को जहां गंग्युल वेली में पोष माह के प्रथम दिन से मनाते हैं, वहीं जंगराम परगना में इस त्योहार का आरंभ पौष माह की छह या सात को आरंभ होता है। पहले दिन लाशुर के नाम से जाना जाता है इस दिन जंगल से किन्नौरी चंदन व देवधूप कहे जाने वाला बूटी जो एक पेड़ जूनीपर का होता है उस पेड़ की छोटी सी टहनी काट कर लाई जाती है, जिसे शुर, शुरच या धूपड के नाम से जाना जाता है, स्थानीय बोली में इसे घर के कोने में प्रतिष्ठित के पश्चात् 'लाशुर' कहा जाता है।

**ला शुभ मुहूर्त का प्रतीक:** अगले दिन खुरा का दिन होता है, खुरा मतलब पोल्टू। इस दिन सुबह से शाम तक मध्य रात्रि तक कल की तैयारी में जुट जाते हैं, इसी दिन सूर्य अस्त के पश्चात् सभी अपने घरों पर तिब्बती झंडा चढ़ाते हैं साथ ही शुद्धि किया जाता है व विभिन्न प्रकार के पकवान बनाए जाते हैं और अपने ईष्ट देवी-देवताओं की पूजा करते हैं तथा नव वर्ष की मंगलकामनाएं करते हैं। अगली सुबह यानि विशेष दिन सुबह पो फटने से पूर्व घर का मुख्या उठता है तथा ब्रंज्ञस अर्थात् सत्तू की मूर्ति बनाता है, जिसे 'मिस्तो' कहा जाता है। सभी परिवार, मेहमानों को सज-धज कर बनाए गए पकवान को परोसा जाता है, जितने भी प्रकार के पकवान होते हैं। (अनंत ज्ञान)


जंगराम वेली में 'नववर्ष' लोसर पर्व के आगाज पर सजे पकवान।

### भोजन में मांस, घी, आदि का सेवन लाजमी

उनको एक ही समय में परोसा जाता है साथ ही बहुत से स्थानीय सूखे मेबो को भी परोसा जाता है। इसलिए भी यह त्योहार खास हो जाता है। उसके बाद सभी भोजन का आनंद लेते हैं भोजन में मांस, घी, मक्खन, मिष्ठान इत्यादि का सेवन भी लाजमी होता है। तीसरे दिन सभी विशेष वस्त्रों में औरतें सोना, चांदी एवं अन्य रत्नों के आभूषणों से सुसज्जित होकर किन्नर टोपी में करलू के बीज को फूल के रूप सजाते हुए, जिसे स्थानीय भाषा में चमखा भी कहते हैं धारण कर खुशी संग आनंद की अनुभूति हेतु स्वेच्छा से शौकिया तोर सभी मंदिरों में जाकर एक-दूसरे को लोसर मुबारक कहते हुए साथ में नाच-गाने का आनंद लेते हैं। इस पर्व की विशेषता यह है कि हर प्रकार की क्रिया-कलापों में विषम संख्या को तवज्जो दिया जाता है, जिसे 'तेमरेल' शब्द का इस्तेमाल किया जाता है।

# राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त दृष्टिबाधित दिव्या युवाओं को करेंगी प्रेरित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

दिव्यांगता के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए राष्ट्रपति से राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त करने वाली दृष्टिबाधित दिव्या शर्मा 26 दिसंबर को उमंग फाउंडेशन के मंच पर गूगल मीट के माध्यम से युवाओं को प्रेरित करेंगी।

उन्हें तीन दिसंबर को राष्ट्रपति भवन में हुए भव्य समारोह में श्रेष्ठ दिव्यांगजन श्रेणी में राष्ट्रीय पुरस्कार से नवाजा गया था। उमंग फाउंडेशन के अध्यक्ष अजय श्रीवास्तव ने बताया कि दिव्या शर्मा का परिवार हिमाचल के ऊना जिले के मेहतपुर का रहने वाला है, लेकिन काफी समय से वे नया नंगल में बस गए हैं। दिव्या शर्मा की दृष्टिबाधिता 80 अनुपात है। दिव्या एक मोटिवेशनल स्पीकर हैं, जिन्होंने हजारों बच्चों और युवाओं को प्रेरित किया है। मार्शल आर्ट कराटे में उन्होंने ब्लू बेल्ट प्राप्त की है। वह एक अच्छी गायिका होने के साथ-साथ बेहतरीन गिटार बजाती हैं। वह कविताएं भी लिखती हैं। गूगल मीट लिंक पर 26 दिसंबर को शाम सात बजे इस कार्यक्रम में शामिल हुआ जा सकता है।


राष्ट्रपति से पुरस्कार प्राप्त करतीं दिव्या।

## न्यूज ब्रीफ

### सरस्वती विद्या मंदिर में अभिभावकों का सम्मान


दिव्यांग अभिभावक को सम्मानित करते पदाधिकारी।

**पांवटा साहिब।** सरस्वती विद्या मंदिर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पांवटा साहिब में अभिभावक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में स्कूल प्रबंधन समिति और प्रधानाचार्य स्टाफ ने सभी अभिभावकों को सम्मानित किया। उनके मनोरंजन के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। प्रबंधन समिति से अध्यक्ष वीरेंद्र दत्त शर्मा, उपाध्यक्ष राज किशोर त्यागी, प्रबंधक राधे श्याम शास्त्री, कोषाध्यक्ष तरुण परमार, सदस्य अशोक, अनीता, राकेश गुप्ता, प्रधानाचार्य कुलदीप, अध्यापकों में अंजना, गीता, डिंपल, दीपिका, कविता, पूजा, कल्याण, सौरभ, निर्मला, वीना, विधिक, दुर्गा, चारू आदि मौजूद रहे। समारोह का आयोजन प्रबंधन समिति और स्कूल के प्रधानाचार्य की ओर से किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य अभिभावकों को जागरूक करना था।

### इंटक मजदूरों का शोषण नहीं होने देगी : पंडित


धौलाकुआं में बबलू पंडित का स्वागत करते इंटक के पदाधिकारी।

**पांवटा साहिब।** धौलाकुआं में राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस की बैठक का आयोजन किया गया। इसमें हिमाचल प्रदेश इंटक के अध्यक्ष मनोहर लाल शर्मा (बबलू पंडित) ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उनके साथ प्रदेश महासचिव राजेश कश्यप तथा प्रदेश कोषाध्यक्ष राजीव शर्मा, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य अजय कोहली भी उपस्थित रहे। बैठक में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। अध्यक्ष ने संगठन को मजबूत करने के दिशा-निर्देश दिए। बैठक में कहा गया कि इंटक कभी भी मजदूरों का शोषण नहीं होने देगी। बैठक में पच्छाद से कुशल तोमर तथा रेणुका जी, शिलाई, नाहन, पांवटा से पदाधिकारियों ने उपस्थिति दर्ज की। कार्यक्रम में असगर अली की विशेष उपस्थिति रही। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में इंटक की महिला पदाधिकारी जयंती चौहान तथा अधिवक्ता एसआर चौहान और विजेंद्र ठाकुर, पूर्व पार्षद धनवीर कपूर व स्थानीय पंचायत प्रधान आदि ने अपनी अहम भूमिका निभाई।

### राहुल बने एसएफआई के जिला अध्यक्ष


जिला सम्मेलन में हिस्सा लेने पहुंचे एसएफआई के कार्यकर्ता।

**पांवटा साहिब।** एसएफआई जिला सिरमौर की ओर से जिला इकाई का 29वां जिला सम्मेलन आयोजित हुआ। सम्मेलन की शुरुआत 'स्वाधीनता जनवाद व समाजवाद' का झंडा फहराने के साथ हुई। सम्मेलन में सिरमौर जिले के विभिन्न शिक्षण संस्थानों से 60 से अधिक छात्रों ने भाग लिया। समारोह का उद्घाटन करते हुए एसएफआई राज्य सचिव अमित ठाकुर ने कहा कि वर्तमान में केंद्र सरकार की ओर से लाई गई नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के ढांचे को ध्वस्त करने का काम करेगी। यह नीति निजी शिक्षण संस्थानों को खुली लूट करने का अवसर देने वाली है, साथ ही वर्तमान में प्रदेश की सत्ता पर काबिज कांग्रेस सरकार की हालत ऐसी है कि उसे समझ ही नहीं आ रहा है कि शिक्षा नीति पर क्या स्टैंड लें। सम्मेलन के अंत में 23 सदस्यीय कमेटी का चुनाव हुआ। सम्मेलन ने राहुल शर्मा को अध्यक्ष और रोहित चौहान को सचिव का दायित्व दिया गया, साथ ही देवेंद्र सहोता को जिला उपाध्यक्ष व अमृत सिंह को जिला सह सचिव चुना गया।

# सुरक्षा के मद्देनजर क्रिसमस और नववर्ष के लिए पुलिस ने कसी कमर

## यातायात व्यवस्था संभालने उतरी पुलिस की दो रिजर्व बटालियन

**पूजा वर्मा, सोलन**


सोलन में हाई-वे पर बढ़ा यातायात का दबाव।

क्रिसमस और नववर्ष के लिए सोलन के कसौली और शिमला जाने वाले पर्यटकों का आगमन रविवार रात से काफी बढ़ गया है। सोमवार को पूरा दिन कालका-शिमला हाई-वे पर पर्यटकों के वाहनों की कतारें देखी गईं। पर्यटक वाहनों की सुरक्षा व सुविधा के लिए पुलिस ने दिन और रात हाई-वे पर दिन-रात की गश्त तेज कर दी है।

सोलन में क्रिसमस के मौके पर पर्यटकों का मैदानी क्षेत्र से हिमाचल की ओर आना जारी रहा। यही कारण रहा कि हाई-वे पर सोमवार को वाहनों भारी भीड़ देखी गई। कानून व्यवस्था व यातायात सुचारु रूप से चले, इसको लेकर सोलन जिला पुलिस के अलावा अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती हाई-वे पर की गई है। 24 दिसंबर की रात से ही सोलन पुलिस रातभर हाई-वे पर गश्त पर रही।

इसके अलावा 31 दिसंबर की रात को नववर्ष को देखते हुए भी पुलिस ने नेशनल हाई-वे पर व्यवस्था बनाए रखने के लिए अपनी योजना तैयार कर ली है। सोलन जिला पुलिस के अलावा हाई-वे पर दो अतिरिक्त रिजर्व बटालियन की तैनात रहेगी। विशेष तौर पर सोलन जिले के तहत पढ़ने वाले पर्यटक स्थल कसौली व चायल में पुलिस की तैनाती बढ़ा दी गई है, क्योंकि बड़ी संख्या में इन दोनों पर्यटन स्थलों पर लोग मैदानी क्षेत्र से त्योहार मनाने के लिए आते हैं, ऐसे में सड़क पर जाम लगने व हादसों की आशंका बनी रहती है। इसको देखते हुए व्यवस्था बनाए रखने के लिए इन दोनों पर्यटन स्थलों पर अतिरिक्त पुलिस को तैनात किया गया है।

एसपी गौरव सिंह ने बताया कि 31 दिसंबर के बाद भी रात के समय पुलिस की गश्त जारी रहेगी। हाई-वे पर सोलन पुलिस के अलावा दो रिजर्व पुलिस तैनात रहेगी। उन्होंने बताया कि पर्यटन स्थल कसौली व चायल में महिला पुलिस की तैनाती भी की जा रही है। उन्होंने बताया कि दो रिजर्व बटालियन नववर्ष को देखते हुए पुलिस मुख्यालय से मांगी गई थी, जो कि सोलन पहुंच चुकी हैं।

# पांवटा में वन विभाग ने दो महीने में की 450 बंदरों की नसबंदी


घर की छत से बंदर पकड़ते वनकर्मी।

**अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब**

डीएफओ पांवटा ऐश्वर्य राज ने कहा है कि वन विभाग पांवटा साहिब बंदरों के आतंक को रोकने के लिए विभाग प्रयासरत है। वन विभाग ने लगभग पिछले दो महीनों से ऊना से प्रशिक्षित मंकी कैचिंग विशेषज्ञ को नियुक्त करके प्रभागभर में बंदरों की नसबंदी की प्रक्रिया शुरू की है।


ऐश्वर्य राज
डीएफओ पांवटा

उन्होंने कहा कि अब तक पांवटा, माजरा, भगानी और गिरिनगर रेंज में वन क्षेत्र के कर्मचारियों के साथ विशेषज्ञों ने 450 से अधिक बंदरों को पकड़ा है और वयस्क नर की नसबंदी की गई है, साथ ही बंदरों से बचने के लिए क्या करें और क्या न करें, के संबंध में जागरूकता पैदा की जा रही है।

उन्होंने कहा कि संबंधित अधिकारियों की ओर से कूड़ा निस्तारण के मुद्दे का भी उचित समाधान किया जाना चाहिए, क्योंकि बंदरों की बढ़ती संख्या का मुख्य कारण यही है। उन्होंने कहा कि कूड़े का निस्तारण अकसर खुले में किया जाता है और जानवर भोजन को देखकर उसकी ओर आकर्षित होते हैं।

शहरी क्षेत्र सहित अन्य क्षेत्रों में बंदरों को खाना खिलाने से सख्त मना किया गया है, क्योंकि इससे बंदरों के व्यवहार में बदलाव आता है और वे घरों के आसपास ही रहने लगते हैं।

# चूड़ेश्वर सेवा समिति का अगला वार्षिक सम्मेलन आंजभोज में


चूड़ेश्वर सेवा समिति की बैठक के बाद पदाधिकारी।

**अनंत ज्ञान, श्रीरेणुका जी**

चूड़ेश्वर सेवा समिति का अगला वार्षिक सम्मेलन आंजभोज में आयोजित किया जाएगा। प्रो. अमर सिंह चौहान की अध्यक्षता में संपन्न हुई कार्यकारिणी की बैठक में यह निर्णय लिया गया।

चूड़ेश्वर सेवा समिति के प्रेस सचिव सुनील शर्मा ने ददाहू में बताया कि हरिद्वार में सेवा समिति ने जो सराय बनवानी है, उसके लिए भी एक बैठक हरिद्वार में जनवरी-फरवरी में निश्चित की गई है। बैठक में चूड़धार के विकास कार्य पर भी चर्चा हुई। इसमें रास्ता निर्माण तथा हेलीपैड निर्माण पर आए खर्च का ब्यौरा भी पेश किया गया । इसके अतिरिक्त प्रो. अमर सिंह चौहान ने चूड़ेश्वर सेवा समिति को एक लाख तथा पदम सिंह पुंडीर ने 51 हजार रुपए सेवा समिति को दान दिए।

इसके अतिरिक्त सेवा समिति ने एसडीएम चौपाल नारायण सिंह चौहान को उनके किए कार्यों के लिए सम्मानित किया। प्रो. अमित सिंह चौहान ने कहा कि जो भी कार्य करें, उसे मन से करें मन से किए गए कार्य में सफलता और संतुष्टि दोनों मिलती है। आंजभोज के पदाधिकारी रमेश चौहान, नरेंद्र चौहान ने सेवा समिति का सम्मेलन आंजभोज में कराने को लेकर आभार जताया।

# कार्यक्रम में शराब पीकर आने वालों पर पूर्ण प्रतिबंध

## गद्दी समुदाय का शिव नुआला 10 फरवरी को बद्दी में, बैठक में लिए कई अहम निर्णय

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**


बद्दी में गद्दी समुदाय की बैठक में उपस्थित प्रतिनिधि।

गद्दी समुदाय इस बार 10 फरवरी को बद्दी के अमरावती कॉलोनी स्थित एक रिजार्ट में शिव नुआले का आयोजन करेगा। यहां आयोजित बैठक में निर्णय लिया गया कि इस धार्मिक कार्यक्रम में शराब पीकर आने वाले लोगों के खिलाफ संगठन की ओर से सख्त कार्रवाई की जाएगी।

गद्दी समुदाय बीबीएन की बैठक अमरावती कॉलोनी के साथ जीएस रिसोर्ट परिसर में हुई। बैठक में संगठन को मजबूत बनाने के लिए जहां विभिन्न निर्णय लिए गए, वहीं संगठन के पंजीकृत होने पर खुशी जाहिर की गई। संगठन के अध्यक्ष संजीव ठाकुर ने बताया कि संस्था इस बार भी बद्दी में शिव नुआले का आयोजन करेगी। बैठक में सभी कमेटी सदस्यों ने भाग लिया और अपनी अपनी राय दी। अध्यक्ष संजीव ठाकुर ने बताया कि इस वर्ष भी नुआले के लिए जीएस रिजोर्ट स्थान पर सभी सदस्यों की रजामंदी बनी।

उन्होंने बताया कि इस बार भी शिव नुआले का गुणगान हिमाचल के प्रसिद्ध लोक गायक सुनील राणा ही करेंगे और हिमाचल की प्रसिद्ध कांगड़ी और चंबा धाम मेहमानों के लिए परोसी जाएगी। संजीव ठाकुर ने गद्दी समुदाय के बद्दी बरोटीवाला, मानपुरा, नालागढ़ व परवाणू के सब शिव भक्तों से अपील की है कि जिस प्रकार पिछले तीन साल शिव नुआले को सफल बनाने में सबने सहयोग किया, इस बार भी संगठन सभी से शिव नुआले में पहुंच कर उसे सफल बनाने की उम्मीद जताता है। बद्दी, बरोटीवाला, नालागढ़, परमाणु में रहने वाले गद्दी समुदाय के लोगों से उन्होंने संगठन की सदस्यता लेने की भी अपील की।

अध्यक्ष संजीव ठाकुर ने कहा कि इस बार शिव नुआले में शराब पीकर आने वालों पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध रहेगा, जो भी व्यक्ति शराब पीकर पकड़ा जाएगा, उस पर कड़ी कार्रवाई कि जाएगी।

**ये रहे उपस्थित**

गद्दी समुदाय की बैठक में शिवदीप, भिंदर कपूर, महिंद्र कपूर, रवि कपूर, अनुप ठाकुर, रजत कपूर, मनु शर्मा, ओमी जरयाल, रमेश कपूर, जग्गी सिंह, विनय कपूर, राजिंद्र चौहान, नवीन पहाड़िया, प्रवीण कपूर, रवि भरमौरी, संजय कपूर, तिलक झुंनु, हरवंश झुंनु, रविंद्र कुमार, श्याम जरयाल व मदन कपूर सहित कई सक्रिय सदस्य उपस्थित रहे।

# पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर अर्पित की पुष्पांजलि


पुष्पांजलि अर्पित करती भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष वंदना योगी।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**

भाजपा सोलन मंडल ने सोमवार को भारत रत्न और पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की गई।

कार्यक्रम में प्रदेश महिला मोर्चा अध्यक्षा वंदना योगी सहित मंडल के उपाध्यक्ष चंद्रकांत शर्मा, महामंत्री संजीव सूद, जिला के उपाध्यक्ष नंदराम कश्यप मंडल सचिव बादल नाहर, सचिव नेहा ठाकुर, सचिव मीना सिंह व जिला महिला मोर्चा की महामंत्री प्रियंका, सोलन मंडल महिला मोर्चा अध्यक्षा विशाखा, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष भूपेंद्र ठाकुर व मंडल के अन्य पदाधिकारी, मोर्चा के पदाधिकारी व कार्यकर्ता शामिल रहे।

इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के सिद्धांतों का अनुसरण करने और पद चिन्हों पर चलने की शपथ ली।

# दूसरों की मदद करने वाले होते हैं अमर

## विजन लाइफ मानवाधिकार फाउंडेशन के स्थापना दिवस पर एसएसपी ने दिया जनसेवा का संदेश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**


मानवाधिकार फाउंडेशन के वार्षिक कार्यक्रम में रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले विद्यार्थी गणमान्यों के साथ।

विजन लाइफ मानवाधिकार फाउंडेशन हिमाचल प्रदेश ने अपना पहला स्थापना दिवस बद्दी में धूमधाम से मनाया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर पुलिस अधीक्षक बद्दी मोहित चावला ने भाग लिया। वहीं, विशिष्ट अतिथि के तौर पर प्रेस क्लब बद्दी के चेयरमैन डॉ. रूप किशोर ठाकुर ने शिरकत की।

इस मौके पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक चावला ने कहा कि हमारा जीवन सिर्फ अपने लिए नहीं, बल्कि दूसरों की सेवा के लिए समर्पित होना चाहिए। हमारे पास जो भी है, उसी के सामर्थ्य अनुसार हमें देश समाज व राष्ट्र की सेवा करनी चाहिए। किसी ने कहा भी है कि जीना तो है उसी का जिसने यह राज जाना, है काम आदमी का औरों के काम आना।

प्रदेशाध्यक्ष विजन लाइफ मानवाधिकार फाउंडेशन हिमाचल इकाई विकास झा ने संगठन की एक साल की वार्षिक रिपोर्ट पढ़ी और यहां चलाई जा रही सेवा गतिविधियों पर विस्तार से प्रकाश डाला।

उन्होंने कहा की हमने प्रवासियों के हितार्थ कई सेवा कार्य किए और उनको झुग्गी-झोपड़ियों में जाकर जागरूक किया। कई गंभीर बीमारियों से पीड़ित लोगों के इलाज का खर्च उठाया। इसके अलावा हर घर से एक रोटी गाय के नाम मिशन को शुरू किया और इसके लिए बाकायदा हर चौक पर डिब्बे लगाए गए। ऐसे अनेक काम संगठन ने किए और जरूरतमंदों को कंबल तक ठंड के मौसम में प्रदान किए गए।

इस अवसर पर विजन लाइफ मानवाधिकार फांडेरशन के कई सदस्य मौजूद रहे। कार्यक्रम में बीबीएन के विभिन्न स्कूलों से आए बच्चों के अलग-अलग दलों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश कर वाहवाही लूटी।

हिमाचली नाटी, भांगड़ा व देश भक्ति के गानों से पंडाल गूंज उठा। इस अवसर पर सीमा कुशवाह, चंदा केश्तवाल, हंसानंद झा, डॉ. रूप किशोर ठाकुर, लाल बाबू यादव व भुवन चंद्र सहित कई सदस्य उपस्थित थे।

# 12 खिलाड़ियों का राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए हुआ चयन


प्रतियोगिता में विजेताओं को पुरस्कृत करते अतिथि।

**अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब**

जिला सिरमौर एथलेटिक एसोसिएशन की ओर से नगर परिषद मैदान में जिला स्तरीय जूनियर एथलेटिक मीट का आयोजन किया गया। इसमें अंडर 14 से 16 वर्ष के लगभग 80 खिलाड़ियों ने भाग लिया। इसके बाद इनमें से 12 खिलाड़ियों का राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयन किया गया।

वहीं, आज के कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मदन मोहन शर्मा, बलजीत सिंह नागरा और तपेंद्र सिंह बैंस विशिष्ठ अतिथि रहे। एथलेटिक मीट में विभिन्न इवेंट रखे गए। अंडर 16 में 60 मीटर व 80 मीटर दौड़, लॉन्ग जंप, शॉटपुट, 600 मीटर और जेवलिन थ्रो आदि प्रतियोगिताएं कराई गई। ट्रिथलोन ग्रुप सी में खुशी प्रथम स्थान पर रही। ब्वॉयज में नवजोत प्रथम स्थान पर रहे। इस दौरान महक, सुमन, नंदिता, राधिका, जोया, मानसी, भूमि आदि को पुरस्कृत किया गया।

मुख्य अतिथि मदन मोहन शर्मा ने संघ व खिलाड़ियों को 11 हजार रुपए की धनराशि दी। संघ की ओर से प्रधान शिवराज शर्मा, जनरल सेक्रेटरी विजय कुमार, योगेश गुप्ता, अर्जुन नागरा, इकबाल कौर, हीना और जफर अली आदि मौजूद रहे।

**आयोजन** बथालंग स्कूल में धूमधाम से मनाया वार्षिकोत्सव, सुभाष सदन सर्वश्रेष्ठ सदन के लिए चयनित

# भावना को मिला सर्वश्रेष्ठ छात्रा का पुरस्कार

**अनंत ज्ञान, अर्की**


मुख्य अतिथि व अध्यापकों के साथ पुरस्कृत बच्चे।

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बथालंग में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह जोरदार ढंग से मनाया गया। इसमें उच्चतर शिक्षा के उपनिदेशक डॉ. जगदीश चंद नेगी ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की और सरस्वती पूजन किया। प्रधानाचार्या मोनिका गुप्ता, एसएमसी अध्यक्ष मदन शर्मा, प्रदीप तथा कामेश्वर गौतम प्रवक्ता इतिहास की ओर से मुख्य अतिथि को सम्मानित किया गया।

मदन शर्मा ने स्वागत भाषण किया तथा विद्यालय की कुछ समस्याओं से मुख्यातिथि को अवगत करवाया। प्रधानाचार्या मोनिका गुप्ता ने विद्यालय की वार्षिक गतिविधियों के विषय में बताया, साथ ही इस अवसर पर विद्यालय हित में प्रदान सहयोग के लिए स्थानीय विधायक एवं मुख्य संसदीय सचिव संजय अवस्थी का आभार जताया।

मुख्य अतिथि डॉ. नेगी ने अपने वक्तव्य में गुणवत्ता युक्त शिक्षा के लिए शिक्षकों को प्रेरित किया, साथ ही अभिभावकों एवं जनता से आग्रह किया कि आज युवा व्यसनों के साथ-साथ संस्कार रहित दिखाई देता है। हमें सोशल मीडिया के माध्यम से फोन स्क्रीन से निकल कर समाज के साथ जुड़ना ही होगा, अन्यथा समाज की संकल्पना के मायने ही बदलते जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि बड़े बुजुर्गों के सम्मान सेवा बच्चों की रंगारंग प्रस्तुतियों के साथ विद्यार्थियों को पुरस्कार वितरित किए गए।

इसमें अंजली ठाकुर 12वीं में तथा यश कश्यप 10वीं में प्रथम स्थान पर रहने पर पुरस्कृत किया गया। सुभाष सदन को सर्वश्रेष्ठ सदन, भावना को सर्वश्रेष्ठ छात्रा का पुरस्कार प्राप्त हुआ। इसके साथ कला अध्यापिका स्वीटी कपालटा को विविध योगदान के लिए प्रोत्साहन पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

कामेश्वर गौतम प्रवक्ता इतिहास की ओर से आभार ज्ञापन किया गया। इस अवसर पर वहां विविध विद्यालयों के मुखिया संजीव गुप्ता, भूपेंद्र गुप्ता, मीना गौतम, दुर्गेश बिष्ट, कपिल शर्मा सहित नरेश शर्मा, जयानंद गौतम, पंचायत प्रधान यशवंत ठाकुर, उपप्रधान गोपाल वर्मा, प्रदीप ठाकुर, हीरालाल शर्मा, महेश्वर शर्मा, मनी राम शर्मा, तारा चंद, नगीन चंद, मेदराम, लायक राम, शंकर लाल, सागर शर्मा, ललित इत्यादि उपस्थित रहे।

# आंजभोज के तीनों राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूलों में शिक्षकों का अभाव

**अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब**

पांवटा साहिब के आंजभोज में 11 पंचायतें हैं, जिनमें कई गांव हैं। इस क्षेत्र में तीन राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय हैं। इसमें राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बनौर, नघेता और अंबोया हैं। नघेता और अंबोया स्कूल में साइंस और कॉमर्स विषय भी पढ़ाए जाते हैं, मगर बनौर में केवल आर्ट्स विषय पढ़ाया जाता है।

शिक्षकों और अन्य मूलभूत सुविधाओं की बात की जाए तो तीनों ही स्कूलों में पूर्णतया उपलब्ध नहीं हैं। इन स्कूलों में शिक्षकों सहित कई सुविधाओं का अभाव है, जबकि इन ग्रामीण स्कूलों में सैकड़ों विद्यार्थी पढ़ते हैं।

ग्रामीण क्षेत्र के सैकड़ों ऐसे स्कूल हैं, जहां पर शिक्षक नहीं हैं। इससे प्रतीत होता है कि सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा को और बेहतर और सुदृढ़ बनाने में असमर्थ नजर आ रही है। शिक्षकों सहित आंजभोज के इन विद्यालयों में खेल मैदान की भी कमी है। नघेता विद्यालय में पीईटी, लेक्चरर अर्थशास्त्र, टीजीटी मेडीकल, लेक्चरर कॉमर्स, लेक्चरर फिजिक्स, कार्यालय में सीनियर असिस्टेंट और लैब असिस्टेंट के दोनों पद रिक्त पड़े हैं। वहीं, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अंबोया में टीजीटी नॉन मेडीकल, टीजीटी संस्कृत, लेक्चरर कॉमर्स लेक्चरर अर्थशास्त्र और सीनियर क्लर्क सहित पीईटी का पद रिक्त है।

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बनौर में टीजीटी मेडीकल, लेक्चरर इकोनॉमिक्स, लेक्चरर मैथेमेटिक्स, जेओए सहित ऑफिस में कई पद रिक्त हैं।

**बच्चों को अतिरिक्त समय में पढ़ा रहे अध्यापक**

इन तीनों ग्रामीण स्कूलों की खास बात यह है कि काफी समय से अध्यापक न होने के बावजूद अन्य अध्यापक विद्यार्थियों को पढ़ा रहे हैं। यह यूं कहा जाए कि सही मायने में शिक्षक का क्या महत्व होता है, वह इन स्कूलों में देखने को मिलता है। जहां पर शिक्षक अपना अतिरिक्त समय देकर विद्यार्थियों को पढ़ा रहे हैं। कोई भी विद्यार्थी गुणवत्ता युक्त पढ़ाई से वंचित न रहे, शिक्षक यह सुनिश्चित कर रहे हैं। मगर सरकार को चाहिए कि ग्रामीण क्षेत्रों पर शिक्षा या खेलों को बेहतर बनाने के लिए अधिक बल दिया जाए, क्योंकि अकसर ऐसा देखा गया है कि ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। केवल सुविधाओं के अभाव में विद्यार्थी आगे नहीं बढ़ पाते हैं। ये तीनों स्कूल ऐसे हैं, जहां पर दूर-दराज गांव से विद्यार्थी पैदल चलकर स्कूल आते हैं। अनुशासन भी इन ग्रामीण स्कूलों में देखने को मिलता है।

मैच भारतीय समयानुसार दोपहर बाद 1:30 बजे होगा शुरू

# 31 साल का सूखा खत्म करने को तैयार रोहित के धुरंधर

## दक्षिण अफ्रीका में सीरीज जीतने पर होगी भारत की नजर, पहला टेस्ट मैच आज से

**वनडे विश्व कप के फाइनल में 36 दिन पहले मिली हार की निराशा को भुलाकर भारतीय टीम अब दक्षिण अफ्रीका में टेस्ट सीरीज जीतने के अपने 31 साल के इंतजार को खत्म करने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेगी।**



"वो हासिल करना चाहता हूं, जो किसी ने भी दुनिया के इस हिस्से में हासिल नहीं किया है। मेरे लिए जितना भी क्रिकेट बचा है वो खेलना चाहता हूं। मुझे नहीं पता कि कितने लंबे समय तक केएल राहुल विकेटकीपिंग करना चाहेगा, लेकिन वह अभी इच्छुक है। शमी ने हमारे लिए इतने वर्षों जो किया है, उसे देखते हुए उनकी काफी कमी खलेगी। किसी को उनकी जगह खिलाना होगा, लेकिन यह आसान नहीं होगा।

-रोहित शर्मा, कप्तान, भारतीय क्रिकेट टीम।



एजेंसी, सेंचुरियन

**भारत** और दक्षिण अफ्रीका के बीच दो टेस्ट मैचों की सीरीज मंगलवार से शुरू होगी। यह 1992 से लेकर अब तक भारत की दक्षिण अफ्रीका में नौवीं टेस्ट सीरीज होगी, लेकिन अभी तक वह इस देश में एक भी सीरीज नहीं जीत पाया। यही वजह है कि हमेशा की तरह वर्तमान सीरीज को भी रोहित शर्मा की अगुआई वाली टीम के लिए 'अंतिम किला' कहा जा रहा है, लेकिन सुपरस्पोर्ट पार्क में होने वाले मैच के पहले दो दिन भारी बारिश की भविष्यवाणी की गई है। सेंचुरियन के विकेट से तेजी और असमान उछाल मिलती है, जिससे की मुकाबला खड़ा होने की संभावना है।

वनडे विश्व कप में रोहित शर्मा के पास कपिल देव और महेंद्र सिंह धोनी की बराबरी करने का मौका था, लेकिन फाइनल में ऑस्ट्रेलिया से हार के कारण वह विश्व विजेता कप्तान नहीं बन पाए। अब उनके पास दक्षिण अफ्रीका में टेस्ट सीरीज जीतने वाला पहला भारतीय कप्तान बनने का मौका है और वह इसे हाथ से नहीं जाने देंगे। भारत के कुछ स्टार क्रिकेटरों का यह दक्षिण अफ्रीका का अंतिम दौरा हो सकता है और वह निश्चित तौर पर इसको यादगार बनाने के लिए बेताब होंगे।

### अब तक भारत ने टेस्ट मैच तो जीते, पर नहीं जीत पाया है कोई सीरीज

**दक्षिण** अफ्रीका में मोहम्मद अजहरुद्दीन (1992), सचिन तेंदुलकर (1996) और सौरव गांगुली (2001) की कप्तानी में भारत को नाकामी हाथ लगी। राहुल द्रविड़ (2006-07), धोनी (2010-11 और 2013-14) और विराट कोहली (2018-19 और 2021-22) ने टेस्ट मैच जीते, लेकिन कोई भी टीम सीरीज नहीं जीत पाई।

### भारत

**रोहित** शर्मा (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, शुभमन गिल, विराट कोहली, केएल राहुल (विकेटकीपर), श्रेयस अय्यर, रविंद्र जडेजा, शार्दुल ठाकुर, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, मुकेश कुमार, प्रसिद्ध कृष्णा, केएस भरत (विकेटकीपर), अभिमन्यु ईश्वरन।

### द. अफ्रीका

**तेम्बा** बावुमा (कप्तान), एडेन मार्कराम, टोनी डी जोरजी, डीन एल्गर, कीगन पीटरसन, काइल वेरिन (विकेटकीपर), ट्रिस्टन स्टब्स (विकेटकीपर), नांद्रे बर्गर, मार्को यानसन, वियान मुल्डर, गेराल्ड कोएत्जी, केशव महाराज, कैगिसो रबाडा, लुंगी एनगिडी, डेविड बेडिंघम।

### भारतीय टीम को चुनौती पूर्ण परिस्थितियों में करना होगा अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन

**इसी** तरह से उपमहाद्वीप की पिचों पर खुद को साबित करने वाले शुभमन गिल और श्रेयस अय्यर जैसे बल्लेबाजों को अधिक चुनौती पूर्ण परिस्थितियों में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। शॉर्ट पिच गेंद अय्यर की कमजोरी मानी जाती रही हैं और उन्हें इससे पार पाने के लिए कुछ खास करना होगा। मुख्य कोच राहुल द्रविड़ नहीं चाहते हैं कि जायसवाल और गिल अपनी शैली में बदलाव करें, लेकिन वह चाहते हैं कि वे परिस्थितियों के अनुसार बल्लेबाजी करें। द्रविड़ ने कहा कि हम खिलाड़ियों को उस तरीके से खेलने के लिए प्रोत्साहित करते हैं, जिसमें वह सहज महसूस करते हैं, लेकिन उनको परिस्थितियों को भी दिमाग में रखना होगा। दक्षिण अफ्रीका में खेलते हुए उन्हें कुछ रणनीतिक चीजें अपनानी होंगी। इस मैच में केएल राहुल विकेटकीपर की जिम्मेदारी निभाएंगे। सीमित ओवरों की क्रिकेट में इस भूमिका को अच्छी तरह से निभाने वाले राहुल लंबी अवधि के प्रारूप में विकेट के पीछे कैसा प्रदर्शन करेंगे, इस पर भी सभी का ध्यान रहेगा।



### भारत का प्रदर्शन तीन कारकों पर करेगा निर्भर

**भारत** का प्रदर्शन हालांकि तीन कारकों पर निर्भर करेगा। पहला कप्तान रोहित शर्मा हुक और पुल शॉट का कितनी अच्छी तरह से प्रदर्शन करते हैं, दूसरा विराट कोहली कितने समय तक ऑफ स्टंप से बाहर जाती गेंदों को छोड़ने का फैसला करते हैं और तीसरा टीम मोहम्मद शमी की कमी को कैसे पूरा करती है। शमी की जगह मुकेश कुमार या प्रसिद्ध कृष्णा में से किसी एक को चुना जा सकता है।

### अगर बारिश हुई, तो बल्लेबाजी करना मुश्किल

**विदेश** में खेला जाने वाला यह एक और टेस्ट मैच होगा, जिसमें ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन को परिस्थितियों और टीम संयोजन के कारण बाहर बैठना पड़ सकता है। सुपरस्पोर्ट पार्क में अमूमन चार दिन के अंदर परिणाम निकल जाता है, लेकिन अगर पहले दिन का खेल बारिश की भेंट चढ़ जाता है और टॉस दूसरे दिन होता है तो फिर पहले बल्लेबाजी करना निश्चित तौर पर मुश्किल काम होगा।

### तेंबा बावुमा की अगुआई वाली दक्षिण अफ्रीका की टीम का पार पाना नहीं होगा आसान

**तेंबा बावुमा** की अगुआई वाले दक्षिण अफ्रीका के पास कुछ अच्छे तेज गेंदबाज हैं, जो भारत के युवा बल्लेबाजों के लिए परेशानी खड़ी कर सकते हैं। सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल की असली परीक्षा कैगिसो रबाडा, लुंगी एनगिडी, मार्को यानसन और गेराल्ड कोएत्जी जैसे गेंदबाजों के सामने होगी। बावुमा, इस सीरीज के बाद संन्यास लेने की घोषणा कर चुके डीन एल्गर, स्टाइलिश एडेन मार्कराम, युवा टोनी डी जोरजी और कीगन पीटरसन के रूप में दक्षिण अफ्रीका के पास अच्छे बल्लेबाज हैं, जो भारतीय गेंदबाजों को परेशान कर सकते हैं।

## राष्ट्रीय खिताब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अच्छा प्रदर्शन करने के लिए करेगा प्रेरित : सेन

एजेंसी, नई दिल्ली

**अपने** प्रतिभाशाली छोटे भाई लक्ष्य सेन के साए में जीने के बाद चिराग सेन आखिर में सीनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप में पुरुष एकल का खिताब जीतने में सफल रहे और उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि उन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सफलता हासिल करने के लिए प्रेरित करेगी।

लक्ष्य सेन कभी राष्ट्रीय चैंपियनशिप नहीं जीत पाए, लेकिन उनके बड़े भाई चिराग ने रविवार को फाइनल में चौथी वरीयता प्राप्त एम थारुन को 21-14, 13-21, 21-9 से हराकर गुवाहाटी में राष्ट्रीय खिताब जीता। कीनिया अंतरराष्ट्रीय चैलेंज 2020 का खिताब जीतने वाले चिराग ने कहा कि यह (राष्ट्रीय चैंपियनशिप का) खिताब थोड़ी देर से मिला, लेकिन आखिर में इस जीत से मैं बहुत खुश हूं। पिछले तीन-चार महीनों से मैं अच्छा प्रदर्शन कर रहा हूं, लेकिन अब यह ट्रॉफी जीतने में सफल रहा। अब मैं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी अच्छा प्रदर्शन करने के लिए उत्साहित हूं। पिछले कुछ वर्षों से घरेलू सर्किट में खेलने वाले 25 वर्षीय चिराग ने स्वीकार किया कि उनके करियर को आगे बढ़ाने में लक्ष्य सेन ने महत्वपूर्ण योगदान दिया। उन्होंने कहा कि हम दोनों के बीच बहुत अच्छा रिश्ता है। हमारे लिए अभी तक का सफर बहुत अच्छा रहा है। हम अकादमी में एक साथ रहे और हमने एक दूसरे की देखरेख की। मेरे करियर को आगे बढ़ाने में उसने महत्वपूर्ण योगदान दिया। चिराग ने कहा, "डेनमार्क में शिविर के दौरान मैं उसके साथ सहयोगी के रूप में गया था और वहां मेरा काफी आत्मविश्वास बढ़ा। मुझे यह अहसास हुआ कि मैं भी विश्व में शीर्ष 30 में शामिल खिलाड़ियों को हरा सकता हूं।

## ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शृंखला के लिए वुमंस वनडे टीम इंडिया में कई नए चेहरे



श्रेयंका पाटिल — मन्नत कश्यप — सैका इशाक — टिटास साधु



- पहला एकदिवसीय मैच 28 दिसंबर को मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेला जाएगा
- श्रेयंका पाटिल, मन्नत कश्यप, सैका इशाक और टिटास साधु टी-20 सीरीज में नए चेहरे
- नवी मुंबई का डीवाई पाटिल स्टेडियम पांच, सात और नौ जनवरी को तीन मैचों की टी-20 सीरीज की मेजबानी करेगा

एजेंसी, नई दिल्ली

**श्रेयंका** पाटिल, मन्नत कश्यप, सैका इशाक और टिटास साधु को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाली सीमित ओवरों की शृंखला के लिए सोमवार को पहली बार भारतीय महिला एकदिवसीय टीम में शामिल किया गया।

भारतीय महिला टीम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन वनडे और इतने ही टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच खेलेगी। पहला वनडे मैच 28 दिसंबर को मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेला जाएगा।

बाएं हाथ की स्पिनर कश्यप को इससे पहले इंग्लैंड के खिलाफ टी-20 शृंखला के लिए टीम में लिया गया था, लेकिन उन्हें एक भी मैच खेलने का मौका नहीं मिला था।

श्रेयंका ने इस महीने के शुरू में इंग्लैंड के खिलाफ टी-20 शृंखला के दौरान अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया था। सैका इशाक ने पहले महिला प्रीमियर लीग में मुंबई की टीम की तरफ से अच्छा प्रदर्शन किया था।

तीन वनडे मैचों की शृंखला के सभी मैच वानखेड़े स्टेडियम में खेले जाएंगे। दूसरा मैच 30 दिसंबर, जबकि तीसरा और अंतिम मैच दो जनवरी को खेला जाएगा। इसके बाद नवी मुंबई का डीवाई पाटिल स्टेडियम 5, 7 और 9 जनवरी को तीन मैचों की टी20 श्रृंखला की मेजबानी करेगा।

हरमनप्रीत कौर को दोनों टीम का कप्तान बनाए रखा गया है जबकि स्मृति मंधाना उप कप्तान होगी।

भारत ने इससे पहले रविवार को ऑस्ट्रेलिया को एकमात्र टेस्ट मैच में 8 विकेट से हराया था।

### एकदिवसीय टीम

**हरमनप्रीत** कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उपकप्तान), जेमिमा रोड्रिग्स, शैफाली वर्मा, दीप्ति शर्मा, यास्तिका भाटिया (विकेटकीपर), ऋचा घोष (विकेटकीपर), अमनजोत कौर, श्रेयंका पाटिल, मन्नत कश्यप, सैका इशाक, रेणुका सिंह ठाकुर, टिटास साधु, पूजा वस्त्राकर, स्नेह राणा, हरलीन देयोल।

### टी-20 टीम

**हरमनप्रीत** कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उपकप्तान), जेमिमा रोड्रिग्स, शैफाली वर्मा, दीप्ति शर्मा, यास्तिका भाटिया (विकेटकीपर), ऋचा घोष (विकेटकीपर), अमनजोत कौर, श्रेयंका पाटिल, मन्नत कश्यप, सैका इशाक, रेणुका सिंह ठाकुर, टिटास साधु, पूजा वस्त्राकर, कनिका आहूजा, मिन्नू मणि।

## दूसरे टेस्ट मैच में खेलेंगे स्पिनर साजिद खान

**कराची।** पाकिस्तान के टीम प्रबंधन ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मंगलवार से मेलबर्न में शुरू होने वाले दूसरे टेस्ट क्रिकेट मैच के लिए विशेषज्ञ ऑफ स्पिनर साजिद खान को टीम में रखने का फैसला किया है। पाकिस्तान के टीम प्रबंधन ने इस मैच के लिए 12 खिलाड़ियों की घोषणा कर दी है लेकिन सूत्रों के अनुसार साजिद का खेलना तय है। उनके अलावा पाकिस्तान तीन विशेषज्ञ तेज गेंदबाजों के साथ उतरेगा जबकि सलमान अली आगा पांचवें गेंदबाज की भूमिका निभाएंगे। साजिद को अबरार अहमद के कवर के रूप में टीम में शामिल किया गया था लेकिन वह पहले टेस्ट मैच में नहीं खेले थे। उन्होंने अब तक पाकिस्तान की तरफ से तीन टेस्ट मैच में चार विकेट लिए हैं।

## ज्योति की निगाहें ओलंपिक टीम में जगह बनाने पर

**नई दिल्ली।** युवा फारवर्ड ज्योति छेत्री के लिए हाल का स्पेन दौरा अनुभव हासिल करने के लिहाज से काफी महत्वपूर्ण रहा और अब उनकी नजर अगले साल रांची में होने वाले एफआईएच ओलंपिक क्वालीफायर के लिए भारतीय महिला हॉकी टीम में जगह बनाने पर है। 19 वर्षीय ज्योति वेलेंसिया में खेले गए पांच देशों के टूर्नामेंट में भारतीय टीम का हिस्सा थी। इससे पहले वह जूनियर टीम का अहम हिस्सा रह चुकी है। इस साल महिला जूनियर एशिया कप में भारत को स्वर्ण पदक दिलाने में भी उन्होंने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। हॉकी इंडिया की विज्ञप्ति के अनुसार ज्योति ने कहा कि वेलेंसिया के दौरे से एक खिलाड़ी के रूप में मेरा आत्मविश्वास काफी बढ़ा है और मुझे पूरा विश्वास है कि अगले साल रांची में होने वाले ओलंपिक क्वालीफायर्स के लिए मुझे भारतीय टीम का हिस्सा बनने का मौका मिलेगा। उन्होंने कहा कि एक खिलाड़ी के रूप में आगे बढ़ने के लिए पिछला साल वास्तव में काफी मददगार रहा और अब मैं प्रत्येक मौके का पूरा फायदा उठाना चाहती हूं।

## एफआईएच कर सकता है पीएचएफ को निलंबित

**कराची।** पाकिस्तान हॉकी महासंघ (पीएचएफ) को अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ (एफआईएच) निलंबित कर सकता है, क्योंकि कार्यवाहक प्रधानमंत्री अनवर उल हक काकर द्वारा पीएचएफ के नए अध्यक्ष की नियुक्ति को उनके पूर्ववर्ती खालिद सज्जाद खोकर ने चुनौती दी है। खोकर 2015 से पाकिस्तान हॉकी महासंघ के अध्यक्ष हैं। उन्होंने रविवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा कि वह अपनी बर्खास्तगी और मीर तारिक हुसैन बुगाटी के नए अध्यक्ष के रूप में नियुक्ति को चुनौती देंगे। खोकर ने कहा कि मैं अदालत की शरण में जाऊंगा और जब तक यह असंवैधानिक और गैर कानूनी फैसला नहीं बदला जाता, तब तक हार नहीं मानूंगा। उन्होंने कहा कि मैं टकराव से बचना चाहता था, लेकिन मुझे अब आईओसी (अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति) और एफआईएच के पास जाने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है।

**पाकिस्तान के खिलाफ पिछले 15 मैच से चले आ रहे विजय अभियान को आगे बढ़ाने का होगा प्रयास**

## विजय अभियान जारी रखने उतरेगा ऑस्ट्रेलिया

एजेंसी, मेलबर्न

**पहले** मैच में बड़ी जीत से उत्साहित ऑस्ट्रेलिया मंगलवार से शुरू होने वाले दूसरे टेस्ट क्रिकेट मैच में अपनी घरेलू धरती पर पाकिस्तान के खिलाफ पिछले 15 मैच से चले आ रहे विजय अभियान को आगे बढ़ाने का प्रयास करेगा।

पाकिस्तान नवंबर 1995 के बाद ऑस्ट्रेलिया में कोई टेस्ट मैच नहीं जीत पाया है और मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर होने वाले अगले मैच से पहले वह खिलाड़ियों की चोटिल होने की समस्या से जूझ रहा है। ऑस्ट्रेलिया ने पर्थ में खेले गए पहले टेस्ट मैच में 360 रन से बड़ी जीत दर्ज की थी और दूसरे मैच में भी वह जीत के प्रबल दावेदार के रूप में शुरुआत करेगा। पूरी संभावना है कि ऑस्ट्रेलिया दूसरे मैच में भी पहले टेस्ट मैच में जीत दर्ज करने वाली टीम को ही उतारेगा, जबकि पाकिस्तान की अंतिम एकादश का पता टॉस के समय ही चलेगा।

इन दोनों टीम के बीच तीसरा और अंतिम टेस्ट मैच सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर 3 जनवरी से खेला जाएगा। पाकिस्तान ने सिडनी में अपना आखिरी टेस्ट मैच लगभग 30 साल पहले जीता था।




## फीफा ने दी सीबीएफ को निलंबित करने की धमकी

एजेंसी, रियो डी जनेरियो

**विश्व** फुटबाल की सर्वोच्च संस्था फीफा ने ब्राजील को चेतावनी दी है कि अगर उसकी फुटबॉल संस्था के हस्तक्षेप के कारण जनवरी में नए अध्यक्ष का चुनाव होता है तो वह उसकी राष्ट्रीय टीमों और क्लबों को अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग लेने से निलंबित कर सकता है।

फीफा ने ब्राजील फुटबाल परिसंघ (सीबीएफ) को पत्र लिखकर कहा है कि अगर उसने इंतजार करने की उसकी अपील पर ध्यान देने के बजाय एडनाल्डो रोड्रिग्स की जगह नये अध्यक्ष का चयन करने के लिए चुनाव कराने में जल्दबाजी दिखाई तो उसे निलंबन का सामना करना पड़ सकता है।

रियो डी जनेरियो की एक अदालत ने पिछले साल फुटबाल संस्था के चुनाव में अनियमितताओं के कारण रोड्रिग्स और सीबीएफ में उनके द्वारा नियुक्त सभी लोगों को सात दिसंबर को पद से हटा दिया था। ब्राजील की दो सर्वोच्च अदालतों ने पिछले सप्ताह इस फैसले को बरकरार रखा। फीफा अपने सदस्य संघों के कामकाज में सरकार या किसी तीसरे पक्ष के हस्तक्षेप को स्वीकार नहीं करता है।

# तालिबान ने बांध बनाने में भारत से मदद मांगी, पाक बोला- यह जंग को न्योता

**एजेंसी, नई दिल्ली**

अफगानिस्तान पर काबिज तालिबान ने चित्राल नदी पर बांध बनाने के लिए भारत की मदद मांगी है। बांध बनने से 45 मेगावाट बिजली बनेगी और 34,000 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई हो सकेगी। दूसरी तरफ, पाकिस्तान ने बांध के निर्माण को जंग का न्योता करार दिया है।

बलोचिस्तान के सूचना मंत्री जान अचकजई ने चेतावनी दी, अगर पाकिस्तान को शामिल किए बगैर तालिबान इस बांध पर आगे बढ़ेगा, तो इसे दोनों देशों के बीच जंग की शुरुआत का पहला कदम माना जाएगा। पाकिस्तान की इस धमकी की बड़ी वजह है, अगर बांध बना तो खैबर पख्तूनख्वा के 20 लाख लोगों को पानी मिलना मुश्किल हो जाएगा, क्योंकि कुनार का पानी काबुल नदी में मिलता है, जो इस इलाके की पानी की जरूरतें पूरी करती है।



## पाकिस्तान ने कुनार का ही रुख मोड़ने की दी धमकी

**एक** जल विशेषज्ञ ने कहा कि पाकिस्तान कुनार नदी को मोड़ने की क्षमता रखता है। काबुल नदी का कुल प्रवाह 210 करोड़ क्यूबिक मीटर है। काबुल नदी में मिलने वाली कुनार 150 करोड़ क्यूबिक मीटर जल लाती है, वह पाक से निकलती है। कुनार के प्रवाह को खैबर में पंजकोरा नदी की ओर मोड़ा जा सकता है। अफगानिस्तान के बड़े इलाके में इससे अकाल आ जाएगा।

## पाक की 80 प्रतिशत आबादी, 25 प्रतिशत जीडीपी पर असर

**पाकिस्तान** में सिंधु नदी सबसे बड़ी है। यह 18 करोड़ से अधिक लोगों के लिए पानी का प्रमुख स्रोत है। सिंधु की पांच मुख्य सहायक नदियों में काबुल भी शामिल है। जबकि कुनार काबुल की सहायक नदी है। कुनार से पानी घटने का सीधा असर सिंधु नदी घाटी पर पड़ेगा। पाक की 80 प्रतिशत आबादी सिंधु घाटी में रहती है। सिंधु जीडीपी में 25 प्रतिशत योगदान देती है।

# 15 प्रतिशत कटौती के लिए पेटीएम ने 1000 कर्मचारियों को निकाला

**एजेंसी, नई दिल्ली**

पेटीएम की मूल कंपनी वन 97 कम्युनिकेशंस ने परिचालन को अनुकूल बनाने और कर्मचारियों की लागत को 15 प्रतिशत तक कम करने के लिए छंटनी का फैसला किया है। कंपनी ने अपने सैकड़ों कर्मचारियों कोबाहर कर दिया है। रिपोर्ट्स के अनुसार पेटीएम के विभिन्न विभागों में 1,000 से अधिक कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया गया है।

बीते कुछ महीनों के दौरान हुई छंटनी के तहत भुगतान, उधार, संचालन और बिक्री जैसे डिवीजन प्रभावित हुए हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार करीब कंपनी के कुल कार्यबल का करीब दस प्रतिशत छंटनी की चपेट में आया है।

हालांकि पेटीएम के एक प्रवक्ता ने नौकरियों में कटौती की




संख्या से असहमति जताई, लेकिन उन्होंने पुष्टि की है कि बदलाव किए जा रहे हैं। सूत्र ने कहा कि चालू वित्त वर्ष में कर्मचारियों की लागत में 10-15 प्रतिशत की कमी लाने का लक्ष्य है। अपने कार्यबल पर प्रभाव को कम करने के लिए, पेटीएम कुछ भूमिकाओं को बदलने के लिए एआई के इस्तेमाल का इस्तेमाल करने की योजना बना रहा है। यह पहल उन विभागों में की जाएगी जो छंटनी से विशेष रूप से प्रभावित होंगे।


### पुंछ हमले के शहीदों को याद कर सीजेआई बोले- राष्ट्र से बढ़कर कुछ नहीं

# सुप्रीम कोर्ट के परिसर में पहली बार मनाया गया क्रिसमस पर्व

**एजेंसी, नई दिल्ली**

चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने पुंछ हमले में बलिदान हुए जवानों को याद करते हुए कहा कि राष्ट्र से बढ़ कर कुछ नहीं है। सुप्रीम कोर्ट परिसर में पहली बार आयोजित क्रिसमस समारोह को संबोधित करते हुए चीफ जस्टिस ने कहा कि हमने पिछले दिनों अपने चार जवानों को खो दिया।

आज जब हम क्रिसमस मना रहे हैं तो हमें अपने उन जवानों को नहीं भूलना चाहिए, जो सीमा पर मौजूद हैं। ये वो जवान हैं, जो देश के लिए अपना जीवन तक बलिदान कर देते हैं। इस मौके पर चीफ जस्टिस ने कहा कि हम सभी की सबसे पवित्र




पुस्तक देश का संविधान है। संविधान हमें सिखाता है कि देश के नागरिक के तौर पर हम सब एक हैं और हमें देश को बेहतर बनाना है।

चीफ जस्टिस ने कहा कि क्रिसमस मनाते हुए हमें उन डॉक्टरों और नर्सों को नहीं भूलना चाहिए जो गंभीर रूप से बीमार मरीजों का इलाज कर रहे हैं। ये लोग अपने परिवार के साथ नहीं हैं। हम खुशकिस्मत हैं कि इस मौके पर हम अपने घरवालों के साथ हैं।

चीफ जस्टिस ने वकीलों से आग्रह किया कि बिना जरूरत सुनवाई टालने के आग्रह न करें। चीफ जस्टिस ने कहा कि हमें लोगों की जरूरतों को समझना होगा। बहुत जरूरी होने पर केस को स्थगित करने का आग्रह करना समझ में आता है, पर ये यूं ही नहीं होना चाहिए। हमें चाहिए कि हम समाज को संदेश दें कि हम अपने काम के लिए गंभीर हैं। हम समाज में बेवजह हंसी का पात्र न बने। चीफ जस्टिस ने कहा कि इस साल हम वकीलों के सहयोग से 52 हजार केस का निपटारा करने में सफल रहे हैं।

## वर्ल्ड न्यूज

### महाराष्ट्र के कृषि मंत्री धनंजय मुंडे कोरोना संक्रमित

**महाराष्ट्र।** महाराष्ट्र के कृषि मंत्री धनंजय मुंडे कोरोना वायरस से संक्रमित पाए गए हैं। राज्य के उपमुख्यमंत्री अजित पवार



ने इसकी जानकारी देते हुए लोगों को घबराने से मना किया है। उन्होंने कहा, 'मेरे कैबिनेट सहयोगियों में से एक धनंजय मुंडे कोविड-19 से संक्रमित हो गए हैं। प्रशासन इसके लिए सावधानी बरत रहा है। इसके प्रसार को रोकने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं।' हालांकि, धनंजय मुंडे के कार्यालय ने भी उनके कोरोनावायरस टेस्ट पॉजिटिव होने की पुष्टि की है।

### मानवता के लिए समर्पित रहा यीशु मसीह का जीवन : नड्डा

**नई दिल्ली।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि प्रभु यीशु मसीह का जीवन मानवता के लिए समर्पित रहा है।



नड्डा सोमवार को क्रिसमस के मौके पर दिल्ली के सेक्रेड हार्ट कैथेड्रल चर्च में प्रार्थना सभा में शामिल होने के बाद मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि वह सभी से प्रार्थना करते हैं कि प्रभु यीशु ने जो रास्ता सुझाया है, उस पर चलें। यीशु ने मानवता, शांति और भाईचारा बनाए रखने के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया था। हम सभी को उनके बताए रास्ते पर चलना चाहिए।

### स्ट्रीट-डॉग्स के हमले से पांच महीने के बच्चे की मौत

**हैदराबाद।** हैदराबाद में आवारा कुत्तों के हमले से पांच महीने के बच्चे की मौत हो गई। आठ दिसंबर को हैदराबाद के शेकपेट विनोबा नगर इलाके में झोपड़ी में सो रहे नवजात पर कुत्तों के एक झुंड ने हमला कर दिया। इस घटना में बच्चे को गंभीर चोट आईं। 17 दिन के इलाज के बाद सोमवार को बच्चे की मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक, बच्चे के मां-बाप मजदूर हैं। रोजाना की तरह घटना के दिन भी वे अपने बच्चे शरत को झोपड़ी में सुलाकर काम पर चले गए थे। जब वे घर लौटे तो देखा कि बच्चे का चेहरा और शरीर के कई हिस्से से खून निकल रहा है।

### आम चुनाव की गहमागहमी के बीच उपद्रवियों ने सरकारी बस फूंकी

**ढाका।** बांग्लादेश में आम चुनाव की गहमागहमी के बीच उपद्रवियों ने आधी रात बाद एक सरकारी बस को फूंक दिया। बांग्लादेश के अखबार ढाका ट्रिब्यून के अनुसार उपद्रवियों ने सोमवार अहले सुबह नारायणगंज अंतर्गत सिद्धिरगंज के साइनबोर्ड इलाके में अनाबिल परिवहन की एक बस को आग के हवाले कर दिया। अग्निशमन सेवा और नागरिक सुरक्षा मुख्यालय के गोदाम निरीक्षक अनवारुल इस्लाम ने बताया कि आग बुझा दी गई है।

### भारत आ रहे जहाज पर हमले की जांच करेगी नौसेना

**मुंबई।** भारतीय नौसेना हिंद महासागर से भारत आ रहे जहाज पर हमले की जांच करेगी। शनिवार को हुए ड्रोन अटैक के बाद एमवी केम प्लूटो जहाज सोमवार को मुंबई के तट पर पहुंचा। ड्रोन अटैक से जहाज में आग लगने के बाद इसे ऑपरेट करने में क्रू को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा था। इसके चलते केम प्लूटो को भारतीय तट रक्षक दल का एक जहाज गाइड कर रहा है। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक जहाज के मुंबई पहुंचने के बाद नौसेना के विस्फोटक आयुध निपटान दल की एक टीम जहाज के उस हिस्से का जायजा लेगी जहां अटैक हुआ और उसे साफ भी करेगी।

# क्रिसमस के दिन इसराइल की गाजा पर एयर स्ट्राइक, 70 लोगों की मौत

## गाजा में अपनों की लाश लेकर बेतहाशा भागते दिखे लोग

**एजेंसी, तेल अवीव**

एक तरफ जहां पूरी दुनिया में आज क्रिसमस का त्योहार मनाया जा रहा है तो वहीं दूसरी तरफ इसराइल और हमास के बीच जंग आज भी जारी है। इसराइल ने क्रिसमस के दिन गाजा पर बड़ी एयरस्ट्राइक की है। इसराइल ने क्रिसमस की पूर्व संध्या से लेकर सोमवार की सुबह तक गाजा पर बम बरसाए हैं।

इस हमले में करीब 70 लोगों की मौत की खबर है। गाजा में हुए 70 लोगों की मौत के बाद हालात बेहद खराब हैं। लोगों को अपनों की लाश लेकर बेतहाशा भागते हुए देखा जा सकता है। न्यूज एजेंसी रायटर्स के मुताबिक, फिलिस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय के प्रवक्ता ने इसराइल के इस हमले को नरसंहार बताया है। यह हमला अल-मगाजी शरणार्थी शिविर पर किया गया है। फ्रीडम थियेटर ने इसराइल



बेथलहम में चर्च ऑफ नेटिविटी के सामने एक इनक्यूबेटर के अंदर रखी गई शिशु यीशु की आकृति।

के हमले को लेकर कहा कि कब्जे वाले वेस्ट बैंक में जेनिन शरणार्थी शिविर पर इसराइली हमला हुआ है। जेनिन स्थित थियेटर कंपनी ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, क्रिसमस के दिन की शुरुआत जेनिन शरणार्थी शिविर पर एक और हमले के साथ हुई है। बता दें कि फ्रीडम थियेटर के निर्माता मुस्तफा शेता को 13 दिसंबर को इसराइल की सेना ने गिरफ्तार कर लिया था वो तब से हिरासत में हैं। वहीं इस पूरे घटनाक्रम पर इसराइल की सेना ने भी बयान जारी किया है। इसराइल की सेना ने कहा है कि वो इस घटना की समीक्षा कर रहे हैं। सेना का कहना है कि वो हमास को निशाना बनाना चाहते हैं न कि आम नागरिकों को।

### जीसस के जन्मस्थान बेथलहम में नहीं मना क्रिसमस

**बेथलहम** में आम तौर पर गुलजार रहने वाला ईसा मसीह का जन्मस्थान बेथलहम क्रिसमस पर वीरान नजर आया। इसराइल-हमास युद्ध का असर क्रिसमस पर दिखा। फिलिस्तीनी आर्टिस्ट राणा बिशारा ने कहा कि जब तक इसराइल गाजा पर बमबारी करेगा, तब तक फिलिस्तीनी कोई क्रिसमस उत्सव नहीं मनाएंगे।

### इसराइली छात्रों ने निकाला मार्च

**तेल अवीव।** इसराइली स्कूली छात्रों ने सोमवार को दूसरे दिन भी तेल अवीव के होस्टेज चौराहे से यरूशलम में इसराइली संसद नेसेट तक अपना मार्च जारी रखा। छात्र कफर अजा किबुत्ज क्षेत्र के हैं, जो सात अक्तूबर को हमास के हमलों के दौरान प्रभावित हुए थे। हम अपने देशवासियों की रिहाई के लिए कुछ करना चाहते हैं। हमने सुनवाई के लिए नेसेट तक मार्च करने का फैसला किया।

# 'अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव हस्तक्षेप मामले में छूट दे कोर्ट : डोनाल्ड ट्रंप

**एजेंसी, न्यूयॉर्क**

अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव 2020 में हस्तक्षेप के मामले में डोनाल्ड ट्रंप ने संघीय अपील अदालत से छूट मांगी है। पूर्व राष्ट्रपति ने अदालत में कहा, देश के कानून के अनुसार वह राष्ट्रपति पद पर रहने वाले शख्स को मिलने वाली छूट के हकदार हैं। डोनाल्ड ट्रंप ने खुद के खिलाफ दायर आपराधिक मामले को खारिज करने की अपील की है।

सीएनएन की रिपोर्ट के मुताबिक ट्रंप ने वॉशिंगटन की अपील अदालत से कहा कि 2020 के चुनाव में हस्तक्षेप के मामले में उन्हें छूट मिलनी चाहिए। उन्होंने तर्क दिया कि वह राष्ट्रपति पद पर रह चुके हैं। ऐसे में उन्हें मुकदमेबाजी से सुरक्षा मिलनी चाहिए।



### निचली अदालत में अपील खारिज

**ट्रंप ने** कहा, डीसी सर्किट कोर्ट ऑफ अपील्स में निचली अदालत का फैसला पलटा जाना चाहिए। पूर्व राष्ट्रपति के खिलाफ विशेष वकील जैक स्मिथ ने 2020 के चुनाव में हस्तक्षेप का मामला दर्ज कराया था। निचली अदालत में भी ट्रंप ने छूट का दावा किया था, लेकिन अदालत ने उनकी दलीलों को खारिज कर दिया गया था।

### वकील जैक स्मिथ ने ट्रंप के खिलाफ की है शिकायत

**रिपोर्ट** के मुताबिक संघीय अदालत का अपील पैनल ट्रंप के अनुरोध पर विचार कर रहा है। वकील जैक स्मिथ की अपील पर सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को इस मामले की तत्काल सुनवाई से इनकार कर दिया। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, पूर्व राष्ट्रपति के वकीलों ने जो दलीलें निचली अदालतों में दी हैं, अपीलीय कोर्ट में दाखिल मामले में भी उसी बात को दोहराया गया है।

# चेन्नई में ट्रांसमैन ने बचपन की दोस्त को जलाकर मार डाला

**एजेंसी, चेन्नई**

चेन्नई में लड़की से लड़का बने एक शख्स (ट्रांसमैन) ने अपनी बचपन की दोस्त को बर्थडे के दिन घर बुलाया और जलाकर मार डाला। पुलिस के मुताबिक, दोनों बचपन के दोस्त थे। वे चेन्नई की एक आईटी कंपनी में साथ काम करते थे।

पुलिस ने बताया कि आरोपी (पंडी महेश्वरी) ने नंदिनी नाम की लड़की से शादी करने के लिए अपना सेक्स चेंज करवाया और लड़का (वेत्रिमारन) बन गया था। लेकिन 25 साल की नंदिनी ने उससे शादी करने से इनकार कर दिया था। इसी बात से नाराज होकर वेत्रिमान ने उसे जलाकर मार डाला।

पुलिस ने नंदिनी अधजली लाश थलंबूर से बरामद की। इस मामले में पुलिस 27 साल के ट्रांसमैन वेत्रिमारन को गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ मे पता चला है कि उसने शादी का प्रपोजल रिजेक्ट होने के बाद कथित तौर पर नंदिनी की हत्या कर दी। कोर्ट ने आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

**शादी के लिए लड़की से लड़का बना, बर्थडे के दिन बुलाया और आग लगा दी**



### सरप्राइज देने के लिए बुलाया था घर

पुलिस के अनुसार, 23 दिसंबर को नंदिनी का बर्थडे था। वेत्रिमारन ने उसे फोन कर कुछ समय साथ बिताने के लिए बुलाया। वे तांबरम के पास स्थित एक अनाथालय भी गए। फिर वेत्रिमारन ने नंदिनी से कहा कि चलो तुम्हें घर छोड़ देता हूं। रास्ते में एक सुनसान जगह पर हाथ-पैर बांध दिए और ब्लेड से उनकी गर्दन, हाथ पर ताबड़तोड़ वार किए और पेट्रोल डालकर जिंदा जला दिया।

### सेक्स चेंज करने के बाद भी दोस्त बनी रही नंदिनी

पुलिस ने बताया कि दोनों चेन्नई की आईटी कंपनी में काम करने लगे। महेश्वरी ने अपना नाम बदलकर वेत्रिमारन कर लिया, इसके बाद भी नंदिनी ने उससे दोस्ती बनाए रखी। वेट्रीमारन नंदिनी से प्यार करने लगा और शादी का प्रपोजल दिया। नंदिनी ने इसे ठुकरा दिया। वेट्रीमारन इसी बात से नाराज था।

# चीन में भूकंप से मरने वालों का आंकड़ा 149 हुआ, गानसू प्रांत में सबसे ज्यादा नुकसान



**नई दिल्ली।** चीन के प्रधानमंत्री ली कियांग ने शनिवार को भूकंप प्रभावित इलाकों का दौरा किया। घायलों में 17 लोगों की हालत गंभीर है, ऐसे में मृतकों का आंकड़ा अभी और बढ़ सकता है। चीन में भूकंप से मरने वालों का आंकड़ा 149 हो गया है और दो लोग अभी भी लापता हैं। बता दें कि चीन के उत्तर पूर्वी हिस्से में बीती 18 दिसंबर को 6.2 तीव्रता का भूकंप आया था। यह इस क्षेत्र में बीते नौ सालों का सबसे ताकतवर भूकंप था, जिसमें भारी तबाही हुई। इस भूकंप का केंद्र जमीन से दस किलोमीटर नीचे था। जिससे चीन के गानसू प्रांत के जिशीशान काउंटी, मिन्हे काउंटी और पड़ोसी राज्य किनघई में काफी नुकसान हुआ।

किनघई राज्य में इस भूकंप से 32 लोगों की मौत हुई है और दो अभी लापता हैं। यहां 200 लोग घायल भी हुए हैं। वहीं गानसू राज्य में 117 लोगों की मौत हुई है और 781 लोग घायल हैं। चीन के प्रधानमंत्री ली कियांग ने शनिवार को भूकंप प्रभावित इलाकों का दौरा किया। घायलों में 17 लोगों की हालत गंभीर है, ऐसे में मृतकों का आंकड़ा अभी और बढ़ सकता है। चीन में इन दिनों कड़ाके की ठंड पड़ रही है, ऐसे में सरकार भूकंप प्रभावितों को बड़े पैमाने पर राहत सामग्री बांट रही है। जिनमें गर्म बिस्तर और कपड़े भी शामिल हैं। इससे पहले साल 2014 में चीन के युन्नान प्रांत में भूकंप आया था, जिसमें 617 लोगों की मौत हुई थी।

# वाजपेयी जी प्रेरणा के स्रोत पीएम मोदी ने दी श्रद्धांजलि



जयंती विशेष


**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती सोमवार को मनाई गई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सदैव अटल स्मारक पर पहुंचकर अटल बिहारी वायपेयी को श्रद्धांजलि दी।

मोदी के साथ राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष जेपी नड्डा समेत कई वरिष्ठ नेताओं ने भी वाजपेयी को श्रद्धांजलि दी। इसके लिए पहले ही सदैव अटल स्मारक को सजाया गया और सुरक्षा की भी चाक चौबंद व्यवस्था की गई। इसके अलावा केंद्रीय मंत्री निर्मला सीतारमण, अश्विनी वैष्णव और अनुराग ठाकुर ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को उनकी जयंती पर सदैव अटल स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की।

पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि पूर्व प्रधानमंत्री आदरणीय अटल बिहारी वाजपेयी जी को उनकी जयंती पर देश के सभी परिवारजनों की ओर से मेरा कोटि-कोटि नमन। वह जीवनपर्यंत राष्ट्र निर्माण को गति देने में जुटे रहे। मां भारती के लिए उनका समर्पण और सेवा भाव अमृतकाल में भी प्रेरणास्रोत बना रहेगा।

# अडानी ग्रीन एनर्जी ने एसईसीआई टेंडर के लिए पूरा किया पीपीए समझौता



**अहमदाबाद।** देश की सबसे बड़ी और दुनिया की अग्रणी रिन्यूएबल एनर्जी कंपनियों में से एक अडानी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड ने 1,799 मेगावाट सोलर पावर की आपूर्ति के लिए सोलर एनर्जी कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया के साथ बिजली खरीद समझौते के निष्पादन की घोषणा की है। इस शेष पीपीए पर हस्ताक्षर करने के साथ एजीईएल ने जून 2020 में एसईसीआई द्वारा दिए गए पूरे 8,000 मेगावाट के मैन्युफैक्चरिंग-लिंक्ड सोलर टेंडर के लिए पावर ऑफटेक टाईअप पूरा कर लिया है, जिसने दुनिया का सबसे बड़ा सोलर टेंडर होने का रिकॉर्ड बनाया है।

एजीईएल ने एसईसीआई मैन्युफैक्चरिंग-लिंक्ड सोलर पीवी टेंडर की प्रतिबद्धताओं को आगे बढ़ाया है, जिसमें दो गीगावॉट एजीईएलसेल और मॉड्यूल मैन्युफैक्चरिंग सुविधाएं स्थापित करना शामिल है। एजीईएल ने पहले ही अपनी सहयोगी कंपनी मुंद्रा सोलर एनर्जी लिमिटेड के माध्यम से दो गीगावॉट प्रति वर्ष की क्षमता वाला एक सोलर पीवी सेल और मॉड्यूल मैन्युफैक्चरिंग प्लांट चालू कर दिया है। यह प्लांट गुजरात के मुंद्रा में है।

## अनंत ज्ञान

# आज का राशिफल

**बॉबी गोस्वामी, पुजारी, श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम**

**मेष :** आज आपकी धार्मिक प्रवृत्ति बढ़ेगी। समाज में मान-प्रतिष्ठा बढ़ेगी। विरोधी परास्त होंगे, यात्रा लाभकारी रहेगी। परिजनों तथा मित्रों के साथ समारोह में उपस्थित रह सकते हैं। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। नए कार्य करने की प्रेरणा मिलेगी और आप उन्हें प्रारंभ कर पाएंगे।

**वृषभ :** दिन मिश्रित फलदायी होगा। परिश्रम अधिक और लाभ कम रहेगा। कार्यों में बाधाएं आ सकती हैं। यात्रा न करें और वाहन सावधानी पूर्वक चलाएं। कार्यक्षेत्र में वाद-विवाद के कारण तनाव हो सकता है। परिजनों के साथ बैठकर महत्वपूर्ण चर्चा करेंगे। विद्यार्थियों को लाभ प्राप्त होगा।

**मिथुन :** अगर कोई नया रोजगार शुरू करने की सोच रहे हैं तो अवश्य करें, सफलता मिलेगी। अविवाहितों के विवाह की बात आगे बढ़ेगी। पराक्रम में वृद्धि होगी। नए मित्र भी बनेंगे। व्यापार में लाभ के योग बन रहे हैं। उच्चस्तरीय एवं सहयोगी व्यक्तियों से मुलाकात लाभकारी रहेगी।

**कर्क :** आज संघर्ष के बाद सफलता अवश्य मिलेगी। कोई नया ऑर्डर अथवा कॉन्ट्रैक्ट मिलने की संभावना है। शत्रु बलहीन रहेंगे। उच्च अधिकारियों की शुभ दृष्टि आपका उत्साह बढ़ाएगी। नौकरीपेशा लोगों को पदाधिकारियों तथा सरकार की तरफ से सहयोग मिलेगा।

**सिंह:** कारोबार सामान्य रहेगा। मनोरंजन कार्य पर खर्च हो सकता है। आज आपको अपनी प्रतिभा का लाभ मिलेगा और आपकी पहचान बनेगी। नई योजनाएं लाभ देंगी। बिगड़े कार्य बनने लगेंगे और धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी। मान-प्रतिष्ठा का लाभ मिलेगा।

**कन्या :** दिन मध्यम फलदायी होगा। आज कोई नया कार्य न करें। जोखिमपूर्ण निवेश करने से बचें। पूरे दिन किसी से वाद-विवाद में न पड़ें। क्रोध पर नियंत्रण रखें। किसी रमणीय स्थल पर पर्यटन का आयोजन होगा। परिजनों के लिए खर्च करने का प्रसंग उपस्थित हो सकता है।

**तुला :** पराक्रम में वृद्धि होगी। आपका मनोबल बढ़ेगा और कारोबार में बेहतरी आएगी। नए संपर्क बनेंगे और लाभकारी रहेंगे। भाइयों के बीच प्रेम और सहयोग बढ़ेगा। नए कार्यों में सफलता की संभावना है। पारिवारिक जीवन के विषयों को लेकर चिंतित हो सकते हैं।

**वृश्चिक:** आज का दिन मिश्रित फलदायी होगा। लेन-देन के कार्यों में सावधान रहें। धन निवेश करते समय विशेष सावधानी बरतें। आज किसी को उधार न दें, क्योंकि आज दिए हुए धन के वापस आने की आशंका कम है। महत्वपूर्ण दस्तावेजों को आज बाहर निकालने से बचना चाहिए।

**धनु:** आज प्रयास अथवा स्वयं कोशिश करने से प्रत्येक कार्य में सफलता मिलेगी। व्यापार-व्यवसाय में उन्नति के अवसर दिखाई दे रहे हैं। सभी का सहयोग मिलेगा। कार्यों में सफलता आज अवश्य प्राप्त होगी। कलाकार एवं कारीगरों को उनकी कला का प्रदर्शन करने का अवसर मिलेगा।

**मकर :** आज का दिन मध्यम फलदायी होगा। खर्च की अधिकता रहेगी। किसी न किसी कारण से अनावश्यक खर्च हो सकता है। व्यर्थ की यात्रा भी हो सकती है। दैनिक कार्य में विघ्न आ सकते हैं। स्त्री मित्रों के पीछे धन खर्च हो सकता है। विद्यार्थियों के लिए दिन अच्छा रहेगा।

**कुंभ :** आज आपकी आमदनी में बढ़ोतरी होगी। धन लाभ होगा। जोखिमपूर्ण निवेश करें तो लाभ अवश्य मिलेगा। ईश्वर की प्रार्थना तथा जप करने से राहत महसूस होगी। साथियों से सुख एवं आनंद की प्राप्ति होगी। मित्रों व स्वजनों से मुलाकात हो सकती है।

**मीन :** आज आपका सितारा अनुकूल है। लाभ होगा और सफलता प्राप्त होगी। कामकाज में आ रहीं बाधाएं दूर होंगी। गृहस्थ जीवन में मधुरता बनी रहेगी। कार्यालय तथा व्यावसायिक स्थल पर आपकी प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। प्रमोशन के योग हैं। गृहस्थ जीवन में आनंद प्राप्त होगा।

## आज का पंचांग

(26 दिसंबर, 2023)

**विक्रमी संवत :** 2080, **शक संवत :** 1945 (शोभकृत), **मास :** मार्गशीर्ष, **शुभ मुहूर्तः** अभीजित सुबह 12:00 -12:42 दोपहर तक, **तिथि :** पूर्णिमा 06:05 सुबह तक, **नक्षत्र :** मृगशिरा 10:21 रात्रि, **पक्ष :** शुक्ल **राहुकाल :** 02:56-04:13 दोपहर बाद।

**सूर्योदय : 07:11** | **सूर्यास्त : 05:31**

## व्रत त्योहार

- दत्तात्रेय जयंती आज।
- अन्नपूर्णा जयंती आज।
- सत्यव्रत आज।
- मार्गशीर्ष पूर्णिमा आज।

**खुशखबरी** सरकार अगले साल शुरू करेगी पनडुब्बी परियोजना, गुजरात सरकार ने एक कंपनी के साथ किया है एमओयू

# समुद्र में डूबी द्वारका के होंगे दर्शन, 300 फुट नीचे जाएंगे श्रद्धालु

**एजेंसी, अहमदाबाद**

गुजरात सरकार भगवान श्रीकृष्ण की जलमग्न द्वारका नगरी के पनडुब्बी के जरिए दर्शन कराएगी। पनडुब्बी लोगों को अरब सागर में 300 फुट नीचे ले जाएगी और द्वारका नगरी के अवशेषों को दिखाएगी। दो घंटे की इस दर्शन यात्रा के लिए गुजरात सरकार ने एक कंपनी के साथ करार किया है। इससे द्वारका के साथ गुजरात के पर्यटन को नई ऊंचाई हासिल होने की उम्मीद है।

अभी द्वारका में जो टूरिस्ट जाते हैं वह जगत मंदिर में द्वारकाधीश के दर्शन और इस मंदिर पर ध्वजारोहण करते हैं। सरकार के पर्यटन विभाग के अधिकारियों के अनुसार भगवान कृष्ण की जलमग्न द्वारका नगरी को देखने के लिए पनडुब्बी परियोजना शुरू की जाएगी। पनडुब्बी से लोग दो घंटे में मौजूदा द्वारका से पुरानी द्वारका तक जाएंगे। पनडुब्बी में छह क्रू सदस्यों के साथ 24 पर्यटक यात्रा पर जा सकेंगे। पर्यटन विभाग के अधिकारियों के अनुसार पनडुब्बी के संचालन के लिए भारत सरकार की मझगांव डॉक शिपयार्ड कंपनी के बीच समझौता हुआ है। वाइब्रेंट समिट में इसका ऐलान होगा। गांधीनगर के महात्मा मंदिर में 10 से 12 जनवरी के बीच वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट हो रही है। पनडुब्बी में 24 टूरिस्ट, दो पायलट, एक गाइड, एक टेक्नीशियन जाएगा।





### पीएम मोदी का है फोकस

द्वारका को पर्यटन के मैप पर लगाने के लिए गुजरात सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन के अनुसार काम कर रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के केंद्र में जाने के बाद द्वारका से जुड़ी तमाम परियोजनाओं में न सिर्फ गति आई है बल्कि देवभूमि द्वारका को द्वारका आईलैंड से जोड़ने वाले ब्रिज भी अब लगभग तैयार हो चुका है। 900 करोड़ की लागत से बना यह 2320 मीटर लंबा ब्रिज पर्यटकों को अरब सागर निहारने का मौका देगा। इसके साथ पनडुब्बी से पुरानी द्वारका के दर्शन की शुरुआत से देवभूमि द्वारका में पर्यटकों के बढ़ने की उम्मीद जताई जा रही है।

### बेट द्वारका में बनेगा अलग घाट



द्वारका दर्शन की अगले साल अगस्त में कृष्ण जन्माष्टमी से शुरू होने की उम्मीद है। अगर तकनीकी कारणों से कोई दिक्कत आई तो दिवाली तक भगवान श्रीकृष्ण की पुरानी द्वारका के दर्शन होंगे। पनडुब्बियों के लिए बेट द्वारका के पास एक विशेष घाट का भी निर्माण किया जाएगा। पर्यटन के लिए पनडुब्बियों का उपयोग द्वारका में देश का पहला प्रयोग होगा। इसका कुल वजन 35 टन होगा।

प्रकाशक एवं मुद्रक विशाल धीमान द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। आरएनआई संदर्भ संख्या-HPIN01099, ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com, फोन नंबर : 01892-299098, 98168-75517